जबलपुर
गुरुवार, 17 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष-7
वर्ष : 20 अंक : 78
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 27
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

सीबीएसई ने दिया नया निर्देश

## हर स्कूलों में लगेंगे 'ऑयल बोर्ड'

शिक्षा के साथ अब सेहत पर भी जोर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में बढ़ते मोटापे को देखते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने एक बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार को सीबीएसई के निदेशक ने सभी स्कूल प्रमुखों को पत्र लिखकर निर्देश दिया कि वे अपने स्कूलों में 'ऑयल बोर्ड' लगाएं और छात्रों के बीच स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दें। यह कदम 14 मई 2025 को जारी 'शुगर बोर्ड' से संबंधित सर्कुलर का ही विस्तार है। सीबीएसई ने यह फैसला राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 और लांसेट ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) स्टडी 2021 के चौंकाने वाले आंकड़ों के आधार पर लिया है।

### यह भी निर्देश

स्कूलों की आधिकारिक किताबों, नोटबुक्स और दस्तावेजों पर स्वास्थ्य से जुड़े संदेश छापे जाएंगे ताकि रोजाना बच्चों को मोटापे से बचाव की याद दिलाई जा सके। स्कूलों की कैंटीन में भी हेल्दी फूड जैसे फल, सब्जियां और कम वसा वाले विकल्प देने और तैलीय व मीठे खाद्य पदार्थों को सीमित करने को कहा गया है।

एनसीईआरटी ने कक्षा 8 की किताब में किए बड़े बदलाव

**नए अंदाज में पढ़ाया जाएगा मुगलों का इतिहास**

# बाबर क्रूर विजेता, अकबर सहिष्णु औरंगजेब मंदिर-गुरुद्वारे तोड़ने वाला

## बदल गई बाबर और औरंगजेब की परिभाषा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनसीईआरटी की कक्षा 8वीं की सोशल साइंस की पुस्तकों में बड़ा बदलाव किया गया है। सोशल साइंस की किताब में मुगल शासक बाबर को 'क्रूर और निर्दयी शासक' बताया गया है। वहीं अकबर को 'क्रूर एवं सहिष्णुता का मिश्रण' बताया गया है और औरंगजेब को 'मंदिरों और गुरुद्वारों को नष्ट करने वाला शासक' बताया गया है। एनसीईआरटी की कक्षा 8वीं की पुस्तकों में स्पष्ट रूप से मुगल शासकों के लिए एक नया दृष्टिकोण पेश किया गया है। उस समय भारत में कैसा धार्मिक माहौल था इसके बारे में बताया गया है। मंदिरों और शिक्षा केंद्रों पर हमले, गांवों की लूट और सैन्य अभियानों का जिक्र किया गया है। हालांकि, पुस्तक में स्पष्ट रूप से यह चेतावनी भी दी गई है कि इतिहास की किसी भी तरह की घटना के लिए आज के समय में किसी को भी जिम्मेदार हीं ठहराया जा सकता।



**विवाद से बचने के लिए अपनाया खास तरीका**

एनसीईआरटी की तरफ से फिलहाल कोई जवाब या स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। ये बदलाव क्यों किए गए हैं। हालांकि विवाद से बचने के लिए एनसीईआरटी ने एक तरकीब भी अपनाई है। उसने स्पेशल नोट भी लिखवाया है, जिसमें कहा गया है कि पिछले समय की घटनाओं के लिए आज किसी को दोष नहीं देना चाहिए।




### पिछले साल भी किताबों में हुए थे कुछ बदलाव

बता दें कि एनसीईआरटी ने पिछले साल भी किताबों में कुछ अहम बदलाव किए थे। छात्रों के सैलेबस में 'राष्ट्रीय युद्ध स्मारक' को शामिल किया गया था। इसके साथ ही वीर अब्दुल हमीद पर एक चैप्टर स्कूली किताबों में शामिल किया गया था। अब्दुल हमीद भारतीय सेना की 4 ग्रेनेडियर के जवान (सीक्यूएमएच) थे।







मुख्यमंत्री ने मैड्रिड में 'इनवेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम' मीट को किया संबोधित

# स्पेन के निवेशकों को देंगे वर्ल्ड क्लास सुविधाएं, हर सेक्टर में बड़ी संभावनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पेन के निवेशकों से कहा कि यदि आप भारत के किसी और राज्य में भी उद्योग स्थापित करते हैं, तब भी आपको मध्यप्रदेश की आवश्यकता जरूर पड़ेगी। मप्र आंतरिक सड़कों, नेशनल हाईवेज, रेल और हवाई मार्ग से देश-विदेश से जुड़ा है।

मप्र सभी सेक्टर्स में तेजी से आगे बढ़ने वाला भारत का राज्य बना है। हम अपने देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में भी अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने यदि आप भारत में निवेश करने की सोच रहे हैं, तो एक बार मप्र अवश्य आइए, मप्र को भूल नहीं पाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव बुधवार को स्पेन की राजधानी मैड्रिड में इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम मीट को संबोधित कर रहे थे।

## यदि आप भारत के किसी और राज्य में भी उद्योग स्थापित करते हैं, तब भी आपको मप्र की जरूरत जरूर पड़ेगी

**बेहिचक मप्र** से जुड़िए और हमारी 18 हाईटेक औद्योगिक नीतियों का लाभ लें

**मप्र निवेशकों** को कैपिटल रिटर्न देने में पीछे नहीं रहेगा



### मप्र में दी जा रही कई रियायतें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों से आग्रह किया कि सुरक्षित निवेश के लिए आप बेहिचक मप्र से जुड़िए। हमारी 18 प्रकार की हाईटेक औद्योगिक नीतियों का लाभ लें। मप्र निवेशकों को केपिटल रिटर्न देने में पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि मप्र की विकासशीलता ने प्रधानमंत्री मोदी को भी प्रभावित किया है। मप्र में निवेश करने पर भारत सरकार की ओर से भी देशी-विदेशी निवेशकों को कई तरह की रियायतें दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मप्र में मेडिकल कॉलेजेस की संख्या भी तेजी से बढ़ाई जा रही है और नई मेडिकल डिवाईसेस के लिए देशी और विदेशी कंपनियां यहां निवेश कर रही हैं। अब मध्यप्रदेश में मेडिकल टूरिज्म को भी बढ़ावा मिल रहा है।

### उद्योग स्थापित करने की संभावनाएं अपार

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में खनिज, पर्यटन, बड़े उद्योग, फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री, तकनीकी विकास से जुड़े उद्योग स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं। भारत में एमपी टूरिज्म सबसे तेजी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भरपूर भू-संपदा उपलब्ध है, जिसमें नई तकनीक का इस्तेमाल करने से विकास की अपार संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश, भारत के मध्य क्षेत्र में स्थित है, इसलिए हम लॉजिस्टिक सेक्टर में अग्रणी बनने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।*

### भरोसेमंद स्थल मध्यप्रदेश

औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि मप्र अपार संभावनाओं का भरोसेमंद निवेश स्थल है। प्रदेश का भौगोलिक विस्तार, संसाधनों की उपलब्धता, कुशल मानव संसाधन और स्थिर नेतृत्व इसे उद्योगों के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य बनाते हैं। स्पेन और भारत के बीच व्यापारिक संबंध लगातार सुदृढ़ हो रहे हैं। वर्ष 2024 में भारत से स्पेन को 5.93 बिलियन यूरो का निर्यात हुआ, जिसमें मप्र का योगदान 58.5 मिलियन यूरो का रहा। यह हमारी निर्यात क्षमता और वैश्विक बाजार की मांग के प्रति तत्परता को दर्शाता है। विशेष रूप से ऑर्गेनिक केमिकल्स, इलेक्ट्रिकल मशीनरी और वस्त्र जैसे क्षेत्र इसमें अग्रणी हैं।

## खबर संक्षेप

### संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से, कई अहम विधेयक होंगे पेश



**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने जा रहा है, जिसमें केंद्र सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयकों को पेश और पारित करने की योजना बना रही है। यह सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। इस सत्र के दौरान केंद्र सरकार जीएसटी (संशोधन) विधेयक 2025 और कराधान कानून (संशोधन) विधेयक 2025 समेत कई विधेयकों को लाने की तैयारी कर रही है। 13 और 14 अगस्त को कार्यवाही नहीं होगी।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मप्र के नीट यूजी छात्रों का मामला, होगी सुनवाई



**भोपाल।** मप्र के कुछ परीक्षा केंद्रों पर नीट यूजी 2025 के दौरान बिजली कटौती से परेशान हुए अभ्यर्थियों के लिए दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए हामी भर दी है। यह याचिका उस फैसले के खिलाफ दायर की गई है जिसमें दोबारा परीक्षा कराने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ अगले सप्ताह सुनवाई करेगी।

सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की किसी को अनुमति नहीं

## हरदा लाठीचार्ज मामले में मुख्यमंत्री डॉ. यादव नाराज, मांगी रिपोर्ट

**हरदा राजपूत हॉस्टल में घुस कर पुलिस ने बरसाई थीं लाठियां**



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के हरदा जिला मुख्यालय में करणी सेना के प्रदर्शनकारियों और राजपूत छात्रावास में घुसकर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज का मामला तूल पकड़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह हरदा जाकर लाठी चार्ज के शिकार युवकों से मिले थे और दो वीडियो जारी कर आरोप लगाया था कि वहां पुलिस ने जाति पूछ कर लाठियां बरसाईं।

### दिग्विजय सिंह ने की न्यायिक जांच की मांग

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह हरदा जाकर लाठीचार्ज के शिकार छात्रों से मिले। स्थानीय लोगों ने पुलिस पर बच्चों सहित महिलाओं तक को पीटने का आरोप लगाते हुए न्यायिक जांच की मांग की। दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रदेश में सरकार दो तरह के कानून लागू कर रही है। एक जैसे मामले में कहीं प्रदर्शनकारियों को छोड़ा जा रहा है ।

सीएम के ससुर का रीवा में हुआ अंतिम संस्कार

## अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे दोनों बेटे, डॉ. यादव ने जताया दुख



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ससुर ब्रह्मादीन यादव का 98 साल की उम्र में मंगलवार रात यूपी के सुल्तानपुर में निधन हो गया। रीवा में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर सीएम मोहन यादव के बेटे अभिमन्यु और वैभव व सीएम की बहन कलावती यादव श्रद्धांजलि देने पहुंची।

**गड़बड़ियों** पर हाईकोर्ट का फैसला

## नर्सिंग कालेजों के बाद पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्यप्रदेश में नर्सिंग घोटाले के बाद अब पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता और एडमिशन में गड़बड़ियों को लेकर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की डिवीज़नल बेंच ने एक महत्त्वपूर्ण स्थगन आदेश पारित किया है। बुधवार को मामले की सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य शासन के उस आदेश पर रोक लगा दी है जो पैरामेडिकल काउंसिल को



एकेडमिक सत्रों (2023-24 एवं 2024-25) की मान्यता भूतलक्षी प्रभाव से बांटने की अनुमति देता था। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश भर के पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता और एडमिशन प्रक्रिया पर अगली सुनवाई तक रोक रहेगी।

**देश के** 1.17 करोड़ किसानों पर धनवर्षा

## पीएम धन-धान्य कृषि योजना को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट ने 36 योजनाओं को मिलाकर 24,000 करोड़ रुपए प्रति वर्ष के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह ऐलान किया है।

मंत्रिमंडल ने बुधवार को छह साल की अवधि के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत हर वर्ष 24,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे ।

शुभांशु के लिए प्रस्ताव पारित

### कहा-विकसित भारत के संकल्प को मिलेगी ऊर्जा

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा की सराहना करते हुए प्रस्ताव पारित किया। कैबिनेट बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने कहा कि शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन ने भारत को अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के एक कदम और करीब पहुंचा दिया।



**दतिया:** देर रात ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प

## शव रखकर किया चक्काजाम, पथराव पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी, लाठीचार्ज

**रेप का आरोप लगा तो ट्रेन के सामने कूदकर दी थी जान, इसके बाद हालात बेकाबू हुए**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया

डबरा में एक युवक पर रेप का केस दर्ज होने के बाद उसने ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड कर लिया। मंगलवार रात को युवक का शव लेकर नेशनल हाईवे पहुंचे और बड़ोंकलां तिराहे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। करीब ढाई घंटे तक हाईवे पर पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने जब जाम खोलने की कोशिश की तो स्थिति बिगड़ गई।

### यह है मामला

आकाश के ताऊ महेंद्र सिंह रावत ने बताया, रविवार को गांव की युवती घर से चली गई थी। उसके परिजन ने आकाश पर उसे भगाने का आरोप लगाकर गोराघाट थाने में शिकायत की थी। सोमवार को थाने में दोनों पक्षों को बुलाया गया और समझौते की कोशिश की गई। युवती के परिजन ने समझौते के एवज में 15 से 20 लाख रुपए की मांग की। आकाश के परिवार ने 10 लाख रुपए देने की बात कही, लेकिन सहमति नहीं बनी।

दंपती के शादीशुदा होने संबंधी दस्तावेज नहीं मिले

## बेरहम पेरेंटस: चलती बस में बच्चे को जन्म दिया फिर खिड़की से फेंक दिया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के परभणी में एक बेरहदम दंपती ने अपने नवजात बच्चे को बस की खिड़की से बाहर फेंक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल, युवती ने चलती बस में बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद महिला और उसके साथ मौजूद शख्स ने नवजात को बस की खिड़की से बाहर फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे पथरी-सेलू रोड की है। ऋतिका ढेरे (19) नाम की महिला पुणे से परभणी जाने के लिए स्लीपर बस में अल्ताफ शेख के साथ सफर कर रही थी।

**गिरफ्तार दंपती बोले पाल नहीं सकते थे इसलिए मार डाला**



### ड्राइवर ने पूछा तो कहा- पत्नी को उल्टी हुई

बस के ड्राइवर ने देखा कि खिड़की से बाहर कुछ फेंका गया है। जब उसने शेख से इस बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसकी पत्नी को उल्टी हुई थी। इसी बीच सड़क पर एक व्यक्ति ने भी देखा कि बस से कुछ फेंका गया है।

डिंडौरी, मंडला और आलीराजपुर में तेज बारिश

## बाणसागर के 8, सतपुड़ा डैम के 5 गेट खुले, डिंडौरी में कई मार्ग बंद

**आपदा प्रबंधन की टीमें अलर्ट पर**



डिंडौरी

**भोपाल।** मप्र के डिंडौरी, मंडला और आलीराजपुर में तेज बारिश हुई। शहडोल के बाणसागर डैम के 8 गेट खोल दिए गए हैं। वहीं, बैतूल जिले के सारणी में सतपुड़ा बांध के 5 गेट 2 फीट तक खोले गए हैं। इन गेटों को बुधवार सुबह 10:45 बजे खोलकर 8390 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। डिंडौरी और मंडला में भी तेज बारिश जारी है। यहां नर्मदा नदी में पानी बढ़ रहा है।

### खरमेर नदी का पुल डूबा

**डिंडोरी।** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले के कई इलाकों में नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है, जिससे बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।

**हरदोई के** चाइल्ड हॉस्पिटल में लगी भीषण आग

## बच्चों को गठरी की तरह बांधकर सीढ़ी से नीचे उतारा, सभी सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ हरदोई

उत्तर प्रदेश के हरदोई में बच्चों के अस्पताल कीर्ति कृष्णा बाल चिकित्सालय में बुधवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। पूरा अस्पताल कैंपस धुएं से भर गया। नवजात शिशुओं को गठरी की तरह कपड़े और साड़ी में बांधकर नीचे फेंका या उतारा गया।

परिजन सीढ़ी से नीचे उतरकर भागे। हादसे के समय अस्पताल में करीब दो दर्जन बच्चे भर्ती थे। साथ में उनके घरवाले भी। अस्पताल स्टाफ ने सभी सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे के आधे घंटे बाद फायर बिग्रेड की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची।

**अस्पताल में भर्ती करीब दो दर्जन बच्चों को बचाया गया**



### धुएं से रेस्क्यू में दिक्कत आई

अस्पताल परिसर में धुआं भरा होने से दमकल कर्मियों को अंदर जाने में दिक्कत हुई। दमकल ने आग पर काबू पा लिया है। आग लगने के वक्त अस्पताल में 100 लोग मौजूद थे।

# फडणवीस ने भरी विधान परिषद में उद्धव से कहा- 'इधर' आना हो तो विचार कीजिए

### मुख्यमंत्री ने शिवसेना प्रमुख को साथ आने का खुला आफर दिया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे को साथ आने का खुला ऑफर दिया है। विधान परिषद में भाषण देते हुए फडणवीस ने मुस्कराते हुए उद्धव ठाकरे को कहा कि इधर आना हो तो विचार कीजिए। फडणवीस ने मराठी में अपने भाषण में कहा कि देखिए उद्धव जी, 2029 तक तो वहां (विपक्ष) में आने का स्कोप नहीं है, लेकिन आपको इधर आना हो तो विचार कीजिए। आप पर निर्भर है। अंबादास दानवे (उद्धव गुट नेता) कहीं भी हों (पक्ष या विपक्ष) लेकिन उनके असली विचार हिंदुत्ववादी हैं।



उद्धव जी, 2029 तक तो वहां (विपक्ष) में आने का स्कोप नहीं

#### राजनीतिक पंडित इसे आसान नहीं मान रहे

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट का सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ आना आसान नहीं है। शिवसेना शिंदे गुट के साथ उन्हें साथ लेना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगी। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तक बीजेपी और उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना साथ थी, लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर दोनों दलों की राहें जुदा हो गईं।

#### महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा कदम माना जा रहा

उद्धव और फडणवीस की मुलाकात के बाद सदन में मुख्यमंत्री के इस सीधे प्रस्ताव को महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा कदम माना जा रहा है। नेता विपक्ष के विदाई समारोह के भाषण के दौरान मफडणवीस ने ये प्रस्ताव दिया। भाजपा की ओर से उद्धव ठाकरे को ये पेशकश बृहन्मुंबई महानगर पालिका चुनाव के कुछ महीनों पहले की गई है।

एमवीए विधायकों का ऐसा विरोध

## असेंबली के बाहर बनियान पहन और गमछे लपेटकर पहुंचे



महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ द्वारा कैंटीन कर्मचारी की पिटाई मामले में सियासत अपने चरम पर है। विपक्षी दलों के गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) के विधायकों ने अनूठे अंदाज में विरोध-प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र विधान भवन के बाहर विपक्षी महा विकास आघाड़ी के विधायकों ने 'बनियान-गमछा' प्रदर्शन किया। नारे भी लगाए।

#### गायकवाड़ को निलंबित करने की मांग

कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार ने कहा कि यह सभी को बताने और दिखाने की जरूरत है कि सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायक कैसे गुंडों की तरह व्यवहार करते हैं। गायकवाड़ का यह कृत्य शर्मनाक है और उन्हें सजा मिलनी चाहिए। गायकवाड़ को विधानसभा से निलंबित करें।

मराठी एकता के बीच शिंदे का 'दलित' दांव

### आंबेडकर के पोते आए साथ



मराठी बनाम हिंदी के विवाद के बीच उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे दो दशक से ज्यादा की दूरी के बाद साथ आए हैं। शिंदे ने भी मराठी एकता के बरक्स उन्होंने दलित दांव चल दिया है। बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के पोते आनंदराज आंबेडकर की पार्टी रिपब्लिकन सेना से हाथ मिला लिया है।


### मदरसा में जाओ, सिखाओ वहां मराठी: राणे



महाराष्ट्र के मत्स्य पालन और बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे के बयान ने फिर से सियासी बखेड़ा खड़ा कर दिया है। राणे ने शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे पर हमला करते हुए कहा कि मदरसा में जाओ, सिखाओ ना मराठी। 5 वक्त की अजान बोलो मराठी में करने के लिए।

## खबर संक्षेप

### श्री हरिमंदिर साहिब को उड़ाने की धमकी



**अमृतसर।** यहां श्री हरिमंदिर साहिब को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल आया है। लगातार तीसरे दिन ऐसी धमकी आई है। यह ईमेल एसजीपीसी के प्रबंधकों को भेजा गया है। इसके बाद श्री हरिमंदिर साहिब परिसर और उसके आसपास पुलिस की ओर से सुरक्षा को पहले से और ज्यादा बढ़ा दिया गया है। अर्धसैनिक बल भी तैनात हैं।

### अब पटना एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा





**पटना।** एयरपोर्ट पर बड़ा विमान हादसा टल गया। दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा। पायलट ने सूझबूझ से विमान को अनियंत्रित होने से बचा लिया। उन्होंने फौरन गो-अराउंड प्रक्रिया अपनाई और विमान को फिर से सफलतापूर्वक लैंड करवा लिया। इस मामले ने पटना एयरपोर्ट के छोटे रनवे पर सवाल खड़ा कर दिया है।

### सीकर में 9 साल की बच्ची को कार्डियक अरेस्ट



**सीकर।** युवाओं और बच्चों में हार्ट अटैक से मौतों की संख्या बढ़ रही है। ताजा मामला सीकर के दातांरामगढ़ का है, जहां मात्र 9 साल की बच्ची के हार्टअटैक आ गया। बच्ची के अटैक स्कूल में इंटरवल के दौरान आया। उसकी मौत हो गई। मृतक बच्ची प्राची कुमावत पुत्री पप्पू कुमार निवासी भोमियाजी की ढाणी की निवासी थी। आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ती थी।

### कनॉट प्लेस की बीमा बिल्डिंग में बम की धमकी



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली से इस वक्त की एक बड़ी खबर है। दिल्ली की दिल कही जाने वाली कनॉट प्लेस स्थित एलआईसी बिल्डिंग में बम की कॉल आई है, जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया है। बम कॉल की जानकारी मिलते ही पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए। आस-पास में बम की तलाशी भी ली। हालांकि अभी कहीं से कुछ नहीं संदिग्ध समान नहीं मिला है।

### महागठबंधन में ओवैसी के शामिल होने पर बैन



**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गठजोड़ बनाने का सिलसिला जारी है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी लंबे समय से इस कोशिश में थी कि वह बिहार में राष्ट्रीय जनता दल की अगुवाई वाले महागठबंधन का हिस्सा बन जाए, लेकिन वह नाकामयाबरही। खबर है कि राजद और कांग्रेस ने उनको शामिल करने से मना कर दिया है।

### असम के चायगांव में कांग्रेस की बैठक में बोले नेता प्रतिपक्ष

# राहुल ने कहा- हम मुख्यमंत्री को भेजेंगे जेल सरमा ने कहा- राहुल तो खुद जमानत पर हैं

### राहुल ने चुनाव के मद्देनजर भाजपा और आरएसएस पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा खुद को 'राजा' समझते हैं, लेकिन राज्य की जनता भ्रष्टाचार के लिए उन्हें जेल में पहुंचा देगी। असम के चायगांव में कांग्रेस की एक बैठक को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि सरमा और उनके परिवार को भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि आपके मुख्यमंत्री में भय व्याप्त है, वह जानते हैं कि निडर कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें जेल में डाल देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग और भाजपा एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने मतदाता सूची संशोधन के जरिए 'धांधली' करके महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीता है। गांधी ने कहा कि वे बिहार में भी यही हथकंडे अपना रहे हैं।

असम में भी महाराष्ट्र का हथकंडा अपना रही भाजपा



#### चुनाव में हम प्रचंड जीत हासिल करेंगे

राहुल ने कहा कि कांग्रेस अगले साल असम में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करेगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है। आरएसएस की नफरत और हिंसा बनाम कांग्रेस का सत्य और अहिंसा। राहुलने दावा किया कि अब दो हिंदुस्तान हैं एक उन चंद अरबपतियों का जो भव्य शादियां करते हैं, दूसरा उन आम लोगों का जो कर के बोझ तले दबे हुए हैं।

#### मीडिया वाले हमारे दोस्त नहीं: राहुल

छायगांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मैंने मीडिया वालों को अपना दोस्त कहा था। मैंने कहा था 'मीडिया के हमारे मित्र', लेकिन वो हमारे दोस्त नहीं हैं। क्योंकि आजकल उन्हें सच दिखाने की आदत नहीं रही। अंबानी, अडानी या आपके मुख्यमंत्री जो भी कहते हैं, वो 24 घंटे दिखाते हैं। वो पीएम मोदी, अमित शाह का चेहरा दिखाते हैं, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हिमंत को निश्चित ही जेल भेजा जाएगा, यही कहने को यहां आए हैं।

#### खरगे-राहुल ने लिखी पीएम को चिट्ठी



#### जम्मू-कश्मीर को दें पूर्ण राज्य का दर्जा

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए संसद के आगामी मॉनसून सत्र में विधेयक लाया जाए।

सरमा ने कहा- यही कहने के लिए यहां आए

#### असम के आतिथ्य का आनंद लीजिए



सरमा ने दावा किया कि राहुल ने कहा है कि मुझे जेल भेजा जाएगा। राहुल भूल गए कि वे दर्ज कई आपराधिक मामलों में जमानत पर हैं। सीएम ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, लिखित में ले लीजिए, सरमा को जेल भेजा जाएगा। सरमा ने कहा कि वे यही कहने को आए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल जी, शुभकामनाएं। दिन में यहां के आतिथ्य का आनंद लीजिए।

**संगठन को मजबूत करने और चुनौतियों पर चर्चा की:** गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भविष्य की रूपरेखा तैयार करने के लिए राज्य में पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा।

असम के मंत्री का राहुल पर हमला

#### असमिया गमोसा पहनने से इनकार कर परंपरा का आपमान किया



असम के मंत्री पीयूष हजारिका ने ट्वीट किया कि यह कोई छिपी बात नहीं है कि कांग्रेस असम की संस्कृति का सम्मान नहीं करती। राहुल ने पारंपरिक असमिया गमोसा पहनने से इनकार करके एक बार फिर इसे साबित कर दिया।

आलोक का बड़ा वार, तो क्या इटली से मिलेंगे

#### राहुल को विदेश नीति के बारे में कुछ नहीं पता, फिर भी सवाल उठा रहे



**नई दिल्ली।** भाजपा ने राहुल गांधी पर सशस्त्र बलों का अनादर करने के मामले में आदतन झूठा और अपराधी होने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि उन्हें विदेश नीति का 'एफ' नहीं पता है, लेकिन वह सवाल उठाते रहते हैं। उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के बाद चीन मुद्दे से निपटने के सरकार के तरीके पर कांग्रेस नेता के 'सर्कस' वाले कटाक्ष पर पलटवार किया। आलोक ने कहा कि जब हमारे विदेश मंत्री एससीओ की बैठक के लिए चीन जाएंगे तो वे चीन के विदेश मंत्री और राष्ट्रपति से नहीं मिलेंगे? इटली से मिलेंगे।

रैली में ममता ने भाजपा पर साधा निशाना

## बंगालियों के प्रति भाजपा के रवैए से मैं शर्मिंदा और निराश हूं



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगल की सीएम ममता बेनर्जी ने बुधवार को भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले लोगों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। यह रैली कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से शुरू होकर धर्मतला के दोरीना क्रॉसिंग तक गई, जिसमें टीएमसी महासचिव और सांसद अभिषेक बेनर्जी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता इस रैली में शामिल हुए।

लगभग 3 किलोमीटर लंबे इस मार्च के लिए करीब 1,500 पुलिसकर्मी तैनात किए गए और कई सड़कों पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। उन्होंने कहा कि बंगालियों के प्रति भाजपा के रवैए से मैं शर्मिंदा और निराश हूं। मैंने अब से ज्यादा बांग्ला में बोलने का फैसला किया है, अब इसके लिए अगर हो सके तो मुझे हिरासत शिविरों में बंद कर दो। टीएमसी ने राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी इसी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया।

#### भाजपा महाराष्ट्र में नाम काटकर जीती

ममता ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने मतदाता सूची से नाम हटवाए और अब वही तरीका बिहार में अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के लगभग 22 लाख प्रवासी मजदूर देश के अलग-अलग हिस्सों में काम कर रहे हैं। उनके पास सभी वैध पहचान पत्र हैं। इसके बावजूद उन्हें शक की नजर से देखा जाता है। मैं चुनौती देती हूं कि कोई यह साबित करके दिखाए कि बंगाली भाषी प्रवासी रोहिंग्या मुसलमान हैं। यह सिर्फ बंगालियों को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि बंगाल के लोगों के खिलाफ हो रहे इस तरह के रवैये को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सुवेंदु ने ममता पर किया पलटवार

#### सिर्फ अवैध घुसपैठियों को बचाया जा रहा

विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने इस रैली पर तंज कसते हुए कहा कि यह 'बंगाली अस्मिता' की बात सिर्फ अवैध घुसपैठियों को बचाने की कोशिश है। उन्होंने ममता पर सवाल उठाया कि जब हजारों बंगाली शिक्षक सरकारी घोटालों के चलते नौकरी से निकाले गए, तब उन्होंने उनकी आवाज क्यों नहीं सुनी? ममता खुद बंगाली अफसरों की अनदेखी करती हैं। उन्होंने पूछा कि वरिष्ठ अफसर अत्री भट्टाचार्य और सुब्रत गुप्ता को मुख्य सचिव क्यों नहीं बनाया गया? क्यों बंगाली आईपीएस संजय मुखोपाध्याय को डीजीपी पद से वंचित किया गया?

बेंगलुरु में कांग्रेस का बड़ा दांव

## ओबीसी मीट में 50 फीसदी आरक्षण सीमा को तोड़ देंगे

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कांग्रेस की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) परिषद की बैठक में बड़ा ऐलान किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओबीसी सलाहकार परिषद की दो दिनी बैठक बेंगलुरु में हुई। बुधवार को आखिरी दिन था। बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग को रिझाने के लिए शिक्षा, नौकरियों और अन्य क्षेत्रों में आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा को तोड़ने का संकल्प लिया है। केंद्र से तेलंगाना जाति सर्वेक्षण के मॉडल के आधार पर जातिगत गणना कराने का आह्वान किया गया। सिद्धरमैया ने परिषद में पारित प्रस्तावों को 'बेंगलुरु घोषणा' नाम देते हुए कहा कि गणना में प्रत्येक व्यक्ति और जाति के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक, रोज़गार को देखें।



आरटीआई में खुलासा

## हर साल 83 लाख मौतें, 14 वर्ष में 1.15 करोड़ आधार निष्क्रिय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में हर साल औसतन 83 लाख लोगों की मौतें हो रही हैं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने 14 साल पहले कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से केवल 1.15 करोड़ आधार नंबरों को निष्क्रिय किया है। यह आंकड़ा देश की मृत्यु दर को देखते हुए नाटकीय रूप से काफी कम है। एक मीडिया हाउस की ओर से दायर सूचना के अधिकार आवेदन से पुष्टि हुई है। जून 2025 तक, भारत में 142.39 करोड़ आधार धारक हैं। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार अप्रैल तक देश की कुल जनसंख्या 146.39 करोड़ हो जाएगी। नागरिक पंजीकरण प्रणाली के आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में 2007 से 2019 के बीच हर साल औसतन 83.5 लाख मौतें हुईं। आधार नंबर को निष्क्रिय करने की गति कम है।



सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था पर किया बड़ा सवाल

## जेल में कटी उम्र और फिर निकले बेकसूर, तो क्यों न मिले मुआवजा

संसद ले फैसला कानून बनाने की जरूरत बताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले में कहा कि अगर किसी को गलत तरीके से लंबे समय तक जेल में रखा जाता है, तो उसे मुआवजा देने के लिए एक कानून बनाने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि इस पहलू पर फैसला लेना संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी लंबे समय से गलत तरीके से कैद किए गए मौत की सज़ा पाए दोषी को बरी करते हुए 15 जुलाई को दिए फैसले में कहा है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने यह कहा।

#### प्रो. खान जांच मामले में एसआईटी को फटकारा



अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट की जांच कर रही एसआईटी टीम को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि प्रोफेसर को दोबारा बुलाने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने एसआईटी से सवाल करते हुए कहा कि वह जांच को गलत दिशा क्यों दे रही है?

#### अदालतों में शौचालयों की कमी, 20 हाई कोर्ट से मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने ब देश की अदालतों और ट्रिब्यूनल्स में शौचालय सुविधाएं सुनिश्चित करने के अपने फैसले के पालन में 20 उच्च न्यायालयों द्वारा अनुपालन रिपोर्ट दाखिल न करने पर गहरी नाराजगी जताई और उन्हें आखिरी मौका देते हुए 8हफ्ते का वक्त दिया है। जस्टिस जे. बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि रिपोर्ट नहीं दी तो परिणाम भुगतने होंगे।

कैबिनेट ने रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने कसी कमर

# एनटीपीसी के 20,000 करोड़ के निवेश से विकास बढ़ेगा

### महारत्न सीपीएसई को सहायक कंपनियों को निवेश करने की स्वीकृति दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को एनटीपीसी लिमिटेड को एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड और उसके अन्य संयुक्त उद्यमों/सहायक कंपनियों में निवेश के लिए 20,000 करोड़ तक के परिव्यय के साथ रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता स्थापित करने के लिए बिजली के बढ़े हुए आवंटन को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने महारत्न सीपीएसई को विद्युत आवंटन के मौजूदा दिशानिर्देशों से एनटीपीसी लिमिटेड को विद्युत आवंटन में वृद्धि की अनुमति दी है ताकि वह अपनी सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में निवेश कर सके और इसके बाद, एनजीईएल एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड और उसकी अन्य संयुक्त उद्यमों/सहायक कंपनियों में निवेश कर सके।

#### 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करेंगे



रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन चरण के साथ-साथ ऑपरेशन एंड मेनटेनेंस चरण के दौरान स्थानीय लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगे। इससे लोकल सप्लायर्स, लोकल उद्यमों/एमएसएमई को बढ़ावा मिलेगा और देश में उद्यमिता के अवसर बढ़ेंगे। देश में रोजगार और सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

#### 'नेट जीरो' उत्सर्जन का लक्ष्य बनाया

एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और देश की अग्रणी विद्युत उपयोगिता कंपनी के रूप में, एनटीपीसी का लक्ष्य 2032 तक 60 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ना है, जिससे देश को इस लक्ष्य को प्राप्त करने और 2070 तक 'नेट जीरो' उत्सर्जन के लक्ष्य की ओर बढ़ने में मदद मिलेगी।

#### बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने में होगा महत्वपूर्ण

2032 तक 60 गीगावाट क्षमता हासिल करने रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता बढ़ाने 'यह राशि पूर्व में स्वीकृत 7,500 करोड़ की निर्धारित सीमा से बढ़कर 20,000 करोड़ तक हो सकती है। एनटीपीसी और एनजीईएल को दिया गया यह विस्तारित आवंटन देश में रिन्यूएबल प्रोजेक्ट के त्वरित विकास में सहायक होगा। यह कदम पावर स्ट्रक्चर को मजबूत करने और पूरे देश में चौबीसों घंटे विश्वसनीय बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने में अहम होगा।



छात्रा की मौत ..ओडिशा में हंगामा

## विधानसभा के बाहर बवाल भीड़ पर दागे आंसू गैस गोले

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा विधानसभा के बाहर बुधवार सुबह भारी हंगामा देखने को मिला, जब आत्मदाह करने वाली छात्रा की मौत के विरोध में प्रदर्शन तेज हो गए। बालासोर में छात्रा ने यौन उत्पीड़न के आरोपी एक प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कॉलेज परिसर में खुद को आग लगा ली थी। इस पर विपक्षी बीजद ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और बालासोर जिले में 8घंटे के बंद का भी आह्वान किया है। वे न्याय सुनिश्चित करने के लिए घटना की न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें छोड़नी पड़ीं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए राज्य पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे और प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारें जारी रखीं। 17 जुलाई को ओडिशा बंद का आह्वान किया है।






'निस्तार' डीएसआरवी के तौर पर 'मदर शिप' के रूप में भी काम करेगा। यह समुद्र के भीतर पनडुब्बी में किसी भी आपात स्थिति में फंसे लोगों को बचाने और निकालने में मदद करेगा। इसके साथ ही यह निस्तार दुश्मन की पनडुब्बियों की निगरानी के भी काम आ सकता है

## पहला स्वदेशी डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू वेसल

# नौसेना के बेड़े में कल शामिल होगा 'निस्तार' पनडुब्बियों के लिए रक्षक बनकर रहेगा तैनात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना 18 जुलाई 2025 को विशाखापत्तनम के नेवल डॉकयार्ड में अपना पहला स्वदेशी डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू वेसल (डीएसआरवी) 'निस्तार' को बेड़े में शामिल करेगी। यह जहाज गहरे समुद्र में गोताखोरी में सक्षम है। 'निस्तार' डीएसआरवी के तौर पर 'मदर शिप' के रूप में भी काम करेगा।

यह समुद्र के भीतर पनडुब्बी में किसी भी आपात स्थिति में फंसे लोगों को बचाने और निकालने में मदद करेगा। इसके साथ ही यह निस्तार दुश्मन की पनडुब्बियों की निगरानी के भी काम आ सकता है। नौसेना के पास दूर से संचालित किए जाने वाले व्हीकल (आरओवी) हैं। इन आरओवी की मदद से वे 1000 मीटर की गहराई तक निगरानी कर सकते हैं।

◆ **1000 मीटर** गहराई तक निगरानी करने में सक्षम

◆ **जहाज 118 मीटर लंबा** 10,000 टन वजनी



### स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया

*नौसेना के प्रवक्ता के अनुसार, गहरे समुद्र में अत्याधुनिक गोताखोरी प्रणालियों से लैस, निस्तार हमारी परिचालन क्षमता को मजबूत करता है और संकटग्रस्त पनडुब्बियों से कर्मियों को बचाने के लिए तैयार है। 'निस्तार' को स्वदेशी रूप से हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने डिजाइन किया है और इसे बनाया है। यह पूर्वी नौसेना कमान में शामिल होगा। पहले भी आईएनएस निस्तार एक पनडुब्बी बचाव पोत था। इसे 1969 में तत्कालीन सोवियत रूस से भारतीय नौसेना के लिए खरीदा गया था और 1971 में इसे कमीशन किया गया था।*

### डूबे हुए सामान को भी निकालेगा

*'निस्तार' संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है मुक्ति, बचाव या मोक्ष। यह जहाज 118 मीटर लंबा है और 10,000 टन वजनी है। इसमें आधुनिक गोताखोरी उपकरण लगे हैं। यह 300 मीटर की गहराई तक गहरे समुद्र में सैचुरेशन डाइविंग करने में सक्षम है। निस्तार में 75 मीटर की गहराई तक गोताखोरी करने के लिए एक साइड डाइविंग स्टेज भी है। डायनेमिक पोजिशनिंग सिस्टम का उपयोग करके यह अपनी स्थिति को बनाए रखने की क्षमता रखता है। वे डूबे हुए सामान को भी निकाल सकते हैं। इसको इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) के नियमों के अनुसार डिजाइन किया गया है।*

### 60 दिनों तक लगातार काम कर सकेगा

जहाज पर मौजूद विशाल डाइविंग कॉम्प्लेक्स में एयर और सैचुरेशन डाइविंग सिस्टम दोनों लगे हैं। इसके साथ ही पानी के भीतर रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल (आरओवी) और साइड स्कैन सोनार इसकी परिचालन क्षमता को उन्नत बना देते हैं। इसकी क्षमता 60 दिनों से अधिक समय तक समुद्र में रहने की है। इसमें हेलीकॉप्टर संचालन के माध्यम से स्टेज करने की क्षमता है। इसमें 15 टन की सबसी क्रेन भी है। ये सभी चीजें मिलकर इस जहाज को बहुत उपयोगी बनाती हैं।


## खबर संक्षेप

### गाजा में फूड सेंटर पर भगदड़, 43 की मौत



**गाजा।** गाजा के खान यूनिस में बुधवार को एक फूड डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर पर 43 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 21 लोग खाना लेने की कोशिश में मारे गए। जबकि 15 लोगों की मौत भगदड़ में कुचल कर हुई। यह हादसा गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन सेंटर पर हुआ। मंत्रालय ने इजरायली सेना और अमेरिका पर 'जानबूझकर' भूखे लोगों का नरसंहार करने का आरोप लगाया।

### 1.7 करोड़ में नीलाम हुई महात्मा गांधी की तस्वीर



**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में महात्मा गांधी की एक दुर्लभ पेंटिंग 1.7 करोड़ रुपए में बिकी। यह अकेली ऐसी तस्वीर है, जिसके लिए महात्मा गांधी पोट्रेट मोड में बैठे थे और पेंटर ने उनके सामने बैठकर यह खूबसूरत ऑयल पेंटिंग बनाई थी। ब्रिटिश आर्टिस्ट क्लेयर लीटन ने इस पेंटिंग को पोट्रेट ऑफ महात्मा गांधी नाम दिया था। यह पेंटिंग 1931 की है।

भारत-अमेरिका के मध्य वार्ता जारी

## कृषि और ऑटोमोबाइल पर मतभेद सुलझाने का प्रयास



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के बीच लगातार द्विपक्षीय व्यापार वार्ता (बीटीए) जारी है। सोमवार से शुरू हुई वार्ता गुरुवार तक चलेगी, जिसमें दोनों देश बीटीए को अंतिम रूप देने का प्रयास करेंगे। कृषि और ऑटोमोबाइल जैसे बड़े मुद्दों में आ रहे मतभेदों को सुलझाने की कोशिश होगी। अधिकारियों ने बताया कि बीटीए पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णयों के अनुसार आगे बढ़ रही है। हमारी टीम पांचवें दौर की वार्ता के लिए अमेरिका आई है।

### यूएस ने इंडोनेशिया पर 19% टैरिफ लगाया

*ट्रंप ने कहा कि हमने इंडोनेशिया के साथ समझौता किया। मैंने उनके बहुत लोकप्रिय और मजबूत राष्ट्रपति जोको विडोडो से बात की। अब हमें इंडोनेशिया में पूरी पहुंच मिलेगी। हम कोई टैरिफ नहीं देंगे। इंडोनेशिया हमें अपने बाजार में पहुंच दे रहा है, जो पहले कभी नहीं थी। यह समझौते का सबसे बड़ा हिस्सा है। इसके बदले वे 19% टैरिफ देंगे और हम कुछ नहीं देंगे। यह दोनों पक्षों के लिए अच्छा सौदा है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इस समझौते को पक्का बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिका से 15 अरब डॉलर की एनर्जी, 4.5 अरब डॉलर के कृषि प्रोडक्ट्स और 50 बोइंग जेट विमान खरीदेगा।*

### नाटो की भारत पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी

**ब्रसेल्स।** नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के पीएम या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है। रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए।

'ऑपरेशन सिंदूर' के संदर्भ में स्वदेशीकरण पर बोले सीडीएस चौहान

ड्रोन युद्ध की रणनीति को बदलने में सक्षम

## ड्रोन और यूएवी में आत्मनिर्भरता भारत के लिए 'रणनीतिक रूप से अनिवार्य'

*सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि ड्रोन वास्तविकता का प्रमाण हैं और हाल के संघर्षों में उनके व्यापक उपयोग ने दिखाया है कि कैसे ड्रोन युद्ध की रणनीति को अपने आकार और मूल्य के अनुपात में असमान रूप बदल सकते हैं। ड्रोन का असमान उपयोग बड़े प्लेटफॉर्म को संवेदनशील बना रहा है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हाल के वैश्विक संघर्षों में यह बात सामने आई है कि कैसे ड्रोन युद्ध की रणनीति को अपने आकार और मूल्य के अनुपात में असमान रूप बदल सकते हैं।

ड्रोन और काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (सी-यूएएस) (मानवरहित हवाई रोधी प्रणाली) में आत्मनिर्भरता भारत के लिए 'रणनीतिक रूप से अनिवार्य' है।



सीडीएस अनिल चौहान ने रक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

» *भारत आयातित विशिष्ट तकनीकों पर निर्भर नहीं रह सकता*

» *सेना ने क्रांतिकारी तरीके से ड्रोन का इस्तेमाल किया*

### ड्रोन का युद्ध में उपयोग क्रांतिकारी

सीडीएस ने कहा कि ड्रोन वास्तविकता का प्रमाण हैं और हाल के संघर्षों में उनके व्यापक उपयोग ने दिखाया है कि कैसे ड्रोन युद्ध की रणनीति को अपने आकार और मूल्य के अनुपात में असमान रूप बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन का असमान उपयोग बड़े प्लेटफॉर्म को संवेदनशील बना रहा है और सेनाओं को हवाई रणनीतिक सिद्धांत, सी-यूएएस के विकास और इसके अनुकूल युद्ध कौशलों के लिए प्रेरित करता है। ड्रोन इवॉल्यूशनरी (विकासवादी) हैं और युद्ध में उनका इस्तेमाल बहुत क्रांतिकारी रहा है।

### विदेशी तकनीकों पर निर्भरता कमजोरी

सीडीएस चौहान ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने हमें दिखाया है कि हमारे भूभाग और हमारी जरूरतों के लिए स्वदेशी रूप से विकसित यूएएस, सी-यूएएस क्यों महत्वपूर्ण हैं। हम उन आयातित विशिष्ट तकनीकों पर निर्भर नहीं रह सकते जो हमारे आक्रामक और रक्षात्मक अभियानों के लिए महत्वपूर्ण हैं। विदेशी तकनीकों पर निर्भरता हमारी तैयारियों को कमजोर करती है, उत्पादन बढ़ाने की हमारी क्षमता को सीमित करती है और इसके कारण महत्वपूर्ण पुर्जों की कमी होती है।

### परोक्ष युद्ध में यूएवी एक बड़ी शक्ति

सीडीएस ने कहा कि सुरक्षा बलों की आमने-सामने की लड़ाई के विपरीत इस तरह के परोक्ष युद्ध में तेजी के बीच यूएवी एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभरे हैं। भारत जैसे राष्ट्र के लिए यूएवी और सी-यूएएस प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता न केवल एक रणनीतिक अनिवार्यता है, बल्कि यह भारत को अपनी नियति तय करने, अपने हितों की रक्षा करने और भविष्य के अवसरों का लाभ उठाने के लिए सशक्त बनाने के बारे में भी है।

### पाक ने ड्रोन का इस्तेमाल किया

सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान ने 10 मई को हथियार रहित ड्रोन का इस्तेमाल किया। हालांकि उनमें से कोई भी वास्तव में भारतीय सैन्य या नागरिक बुनियादी ढांचे को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सका। उनमें से अधिकतर को मार गिराया गया जबकि कुछ को जस की तस अवस्था में बरामद किया गया।

श्रीलंका का प्रतिनिधिमंडल भारत आया

## द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर हुई चर्चा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका के 14 राजनीतिक दलों के 24 नेताओं का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को दो हफ्ते की भारत यात्रा पर आया। प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों पर चर्चा हुई।

### प्रतिनिधिमंडल में 24 नेता शामिल

प्रतिनिधिमंडल में उपसभापति रिजवी सालेह, अलग-अलग दलों के 20 सांसद, महासचिव और श्रीलंकाई संसद के चार वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। भारत और श्रीलंका के बीच 2,500 साल से भी पुराना रिश्ता है, जिसमें मजबूत सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध शामिल हैं। भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा और विकास के लिए साझेदारी की सोच में श्रीलंका का अहम स्थान है।

*भारतीय दूतावास ने दी अपने नागरिकों को सलाह*

## ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचें, सतर्कता बरतें, करें विचार



एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में भारतीय मिशन ने देश में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए अपने नागरिकों को गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। भारतीय दूतावास ने ईरान की यात्रा पर विचार कर रहे नागरिकों से कहा है कि वे क्षेत्रीय हालात पर नजर बनाए रखें, सतर्क रहें।

### वाणिज्य उड़ानों व फेरी सेवाएं उपयोग करें

परामर्श में कहा गया है कि दूतावास ने यह भी कहा कि जो भारतीय नागरिक वर्तमान में ईरान में हैं और वहां से बाहर निकलना चाहते हैं। वे वर्तमान में उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों और फेरी सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। यह परामर्श ईरान और इज़राइल के बीच हालिया संघर्ष के बाद बने हालात के मद्देनजर जारी किया गया है।

ड्रूज सशस्त्र समूहों के पक्ष में आया इजराइल

## सीरियाई सेना के मुख्यालय पर किया हमला, हुआ नुकसान



एजेंसी ▶▶ दमिश्क

इजराइल ने बुधवार को सीरिया की सेना के मुख्यालय को निशाना बनाते हुए हमला किया है। रिपोर्ट के अनुसार, सीरियाई सुरक्षा बलों और ड्रूज सशस्त्र समूहों के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान इजराइल ने दमिश्क में रक्षा मंत्रालय के निकट हमला किया।

### ड्रूज समुदाय इजराइल का वफादार

सेना ने कहा कि आईडीएफ दक्षिणी सीरिया में ड्रूज नागरिकों के खिलाफ घटनाक्रम और शासन की कार्रवाई पर नजर रख रही है। आईडीएफ के अनुसार यह हमला इजराइल के राजनीतिक नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार किया गया है। इजराइल में ड्रूज समुदाय को आमतौर पर एक वफादार अल्पसंख्यक माना जाता है।

ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स की बैठक में बोला भारत

## संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को मिले सुरक्षा और न्याय



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के विरुद्ध अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। भारत ने इसे 'रणनीतिक आवश्यकता' बताया, जिससे दुनियाभर में शांति कायम रखने की कोशिशों को मजबूती मिले। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स (जीओएफ) की एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में शांति सैनिकों के विरुद्ध अपराधों के लिए जवाबदेही को बढ़ावा देने की आवश्यता पर जोर दिया गया। बैठक में बोलते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पी. हरीश ने कहा कि शांति सैनिकों को खतरनाक क्षेत्रों में बहुत मुश्किल हालात में काम करना पड़ता है। लेकिन अधिकांशतः शांति सैनिकों पर हमला करने वालों को कोई सजा नहीं मिलती है। इससे हमलावरों का हौसला बढ़ता है और शांति की कोशिशों को नुकसान पहुंचता है। इसलिए, जवाबदेही एक रणनीतिक आवश्यकता है।

### 182 सैनिकों ने दिए प्राण

दिसंबर 2022 में भारत की अध्यक्षता में इस 'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स' की शुरुआत हुई थी। यह संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2589 पर आधारित है, जिसमें शांति सैनिकों पर हमलों की सख्त जवाबदेही की बात की गई थी। भारत अब तक संयुक्त राष्ट्र के लगभग सभी मिशनों में सबसे अधिक (3 लाख से ज्यादा) शांति सैनिक भेज चुका है। 182 भारतीय शांति सैनिकों ने सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। भारत ने कहा कि वह आगे भी शांति स्थापना और हमलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

## वैश्विक मंच पर भारत अपनी सैन्य ताकत का करेगा उत्कृष्ट प्रदर्शन

ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में एडवांस सैन्य अभ्यास शुरू

## दुनिया के सबसे बड़े युद्धाभ्यास 'तलीसमन सेब्रे 2025' में भारतीय सेना दिखा रही दम

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

भारत ने दोस्त देशों के साथ मिलकर दुनिया का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे एडवांस सैन्य अभ्यास शुरू हो गया है। इसमें भारत भी हिस्सा ले रहा है। इस सैन्य अभ्यास का नाम 'तलीसमन सेब्रे 2025' है, जिसमें भारत अपनी भागीदारी के साथ वैश्विक मंच पर अपनी शक्ति का अहसास करवा रहा है। भारत ने पहली बार पूर्ण सैन्य टुकड़ी के साथ इस तरह के वैश्विक मंच पर सैन्य अभ्यास में हिस्सा लिया है, जिसमें 19 देशों के करीब 35 हजार सैनिक पहुंचे हैं।



### ऑस्ट्रेलिया से पापुआ न्यू गिनी तक होगा अभ्यास

ऑस्ट्रेलिया के इतिहास में भी ये सबसे बड़ा युद्धाभ्यास है। अगले तीन हफ्तों तक क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, न्यू साउथ वेल्स और क्रिसमस द्वीप तक ये सैन्य अभ्यास जारी रहेगा।

### मलेशिया और वियतनाम पर्यवेक्षक के तौर पर शामिल

इस सैन्य अभ्यास में भाग लेने वाले देशों में अमेरिका, कनाडा, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपींस, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, थाईलैंड, टोंगा और यूनाइटेड किंगडम शामिल हैं। इस सैन्य अभ्यास में लाइव-फायर अभ्यास, जल-थल लैंडिंग, हवाई युद्ध सिमुलेशन, समुद्री अभियान और जमीन, समुद्र, वायु, अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्रों में कॉर्डिनेशन के साथ सैन्य गतिविधियों का अभ्यास किया जा रहा है।

## चिंतन

# कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की जरूरत

भारतीय कृषि क्षेत्र अभी भी अनेक संकटों के दौर से गुजर रहा है। केंद्र में वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी की राजग सरकार आने के बाद से कृषि क्षेत्र की कायापलट के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई, किसानों की आय वर्ष 2022 तक दोगुनी करने करने का संकल्प लिया गया। इसके बावजूद न ही कृषि क्षेत्र की कायापलट हो सकी, न ही कृषि लाभकारी बन सकी और न ही किसानों की आय दोगुनी हो सकी। करीब एक वर्ष से अधिक समय तक तीन कृषि कानूनों की वापसी के लिए किसान आंदोलन चला, दबाव में सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस ले लिए। उसके बाद से कृषि क्षेत्र सुस्त गति से बढ़ रहा है। जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान भी 35 फीसदी से घट कर 14 फीसदी के करीब आ गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि क्षेत्र की विकास दर 3.8 फीसदी रही, जबकि दरकार पांच फीसदी से अधिक की है। मानव कार्यबल के करीब 50 फीसदी श्रम कृषि क्षेत्र में कार्यशील हैं, इसके बावजूद यह क्षेत्र संकटग्रस्त है। देश में कृषि क्षेत्र कई समस्याओं का सामना कर रहा है, जिनमें जलवायु परिवर्तन, भूमि की उर्वरता में कमी, सिंचाई की कमी और छोटे व खंडित जोत शामिल हैं। वहीं, विपणन और भंडारण सुविधाओं की कमी, मशीनीकरण का खराब उपयोग, और ऋण उपलब्धता भी महत्वपूर्ण समस्याएं हैं। कृषि क्षेत्र को गति देने के लिए सरकार ने पीएम धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे, 100 कम कृषि उत्पादन वाले जिलों को शामिल किया जाएगा। इनमें हर राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश से कम से कम एक जिला जरूर कवर होगा। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 फरवरी को आए केंद्रीय बजट में इस योजना की घोषणा की गई थी। इसमें 11 मंत्रालयों की 36 मौजूदा योजनाओं को एकीकृत किया जाएगा। साथ में राज्य की योजनाएं और निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जोड़ी जाएगी। योजना 2025-26 से शुरू होकर अगले 6 साल तक चलेगी। इस स्कीम में 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इस योजना का मकसद चयनित जिलों में ज्यादा उत्पादन, फसल विविधता, टिकाऊ खेती, आधुनिक भंडारण और हर किसान को किफायती कर्ज देना है। यह योजना देश में केवल कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों पर ही फोकस करेगी। पीएम धन-धान्य कृषि योजना में किसानों को गेहूं-धान के बजाय दूसरी फसलों और टिकाऊ कृषि तरीकों को भी अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कटाई के बाद उपज के सुरक्षित भंडारण के लिए पंचायत-स्तर और ब्लॉक-स्तर पर गोदाम, कोल्ड स्टोरेज और वैल्यू एडिशन यूनिट्स बनाई जाएंगी। हर किसान तक लंबी और छोटी अवधि का सस्ता कर्ज और सिंचाई सुविधाएं पहुंचेंगी। मिट्टी-पानी संरक्षण, जैविक खेती और जल की बचत पर खास फोकस होगा, जिससे किसान के खर्च घटे और आमदनी बढ़े। प्लानिंग और मॉनिटरिंग के लिए हर जिले, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसानों को जोड़कर समिति बनाई जाएगी। हर जिले का अपना 'डिस्ट्रिक्ट एग्रीकल्चर एंड अलाइड एक्टिविटीज प्लान तैयार होगा, उसमें स्थानीय जरूरत और ताकत के हिसाब से फसल, सिंचाई, भंडारण आदि की रणनीति तय होगी। यह योजना जमीन पर कितनी उतरेगी और कृषि क्षेत्र के विकास में किस प्रकार योगदान करेगी, अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा, लेकिन अतीत की अधिकांश कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनेक अनियमितताएं व लूपहोल्स देखे गए हैं। सरकार को सतर्क रहना होगा।

## सारा संसार



भुवनेश्वर में राम मंदिर भगवान राम, उनकी पत्नी देवी सीता और उनके प्यारे भाई, भगवान लक्ष्मण को समर्पित एक खूबसूरत मंदिर है। इस मंदिर की एक और विशेषता सुबह की आरती है, जो कई पर्यटकों को आकर्षित करती है। मंदिर के शिखरों को आप शहर के विभिन्न स्थानों से देख सकते हैं।



समानता रिपोर्ट

उमेश चतुर्वेदी

# बेहतरी की ओर बढ़ते भारत के कदम

> विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है। साफ है कि गिनी सूचकांक में भारत की स्थिति सुधरी है।

इसे संयोग कहें या कुछ और, जिस समय भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दिनों जोड़े गए शब्दों 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को लेकर बहस हो रही है, ठीक उसी वक्त आई विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है।

विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। भारत 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में है। मानकों के अनुसार, इस श्रेणी के लिए स्कोर 25 से 30 के बीच होता है। यह 'कम असमानता' वाले समूह के मानक से कुछ ही ज्यादा है। इस श्रेणी में स्लोवाक गणराज्य शामिल है। स्लोवाक का गिनी इंडेक्स 24.1 है। इसी तरह दूसरे स्थान पर रहे सोवियत संघ के पूर्व हिस्से और मौजूदा स्लोवेनिया देश का सूचकांक 24.3 है। इसके बाद 24.4 अंकों के साथ बेलारूस है। इन तीनों के बाद भारत का नंबर है। गौरतलब है कि विश्व बैंक ने दुनिया के 167 देशों का गिनी इंडेक्स जारी किया है। इनमें भारत की स्थिति बहुत बेहतर है। रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ़ 30 देश 'सामान्य से कम' असमानता वाली श्रेणी में आए हैं। जिनमें अत्यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, फ़िनलैंड, बेल्जियम और पोलैंड शामिल हैं। इसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसा धनी देश भी शामिल है। इस सूचकांक के लिहाज से भारत का प्रदर्शन विगत के डेढ़ दशक की तुलना में बहुत बेहतर है। साल 2011 में भारत का गिनी सूचकांक 28.8 था। साल 2022 में यह 25.5 पर पहुंच गया। गिनी सूचकांक के जरिए यह समझने की कोशिश की जाती है कि देश विशेष के घरों या व्यक्तियों के बीच आय, संपत्ति और उसके उपभोग के वितरण में कितनी समानता है। इसे शून्य से लेकर 100 के सूचकांक के स्तर पर मापा जाता है। इस सूचकांक के अनुसार, जिस देश का स्कोर शून्य है, उसका मतलब है कि उस देश में पूरी तरह समानता है यानी आय का वितरण पूरे नागरिकों में समान है। इस सूची में 100 स्कोर का अर्थ है कि एक ही व्यक्ति के पास पूरी आय और संपत्ति है और वही सबसे ज्यादा उपभोग करता है, जबकि दूसरों के पास कुछ भी नहीं है। इसका मतलब यह होता है कि उस देश विशेष में पूरी तरह असमानता व्याप्त है। मोटे तौर पर समझ सकते हैं कि जिस देश का गिनी इंडेक्स जितना ज्यादा होगा, उस देश में उतनी ही असमानता होगी। विश्व बैंक का मानना है कि गिनी इंडेक्स में भारत की मजबूत स्थिति की वजह उसके गरीबी हटाओ उपाय हैं। इनके जरिए ग्रामीण और



शहरी दोनों ही क्षेत्रों में गरीबी को कम करने में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, बीते दशक में 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की गई है।

विश्व बैंक ने गरीबी के लिए रोजाना 2.15 अमेरिकी डॉलर से नीचे की आय को रखा है। इस लिहाज से भारत में 2011-12 के दौरान करीब 16.2 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जी रहे थे, उनकी संख्या में साल 2022-23 में घटकर सिर्फ 2.3 प्रतिशत रह गई है। भारत में समानता लाने में मोदी सरकार की योजनाओं का बहुत योगदान है। इसमें नई योजनाएं हैं और पुरानी का बेहतर कार्यान्वयन भी है। इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना को पहले स्थान पर रखा जा सकता है। जिस योजना के तहत 25 जून, 2025 तक 55.69 करोड़ से ज़्यादा लोगों के पास जन धन खाते थे। इनके जरिए ना सिर्फ लोगों को राज्य की ओर से मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का फायदा सीधे पहंच रहा है, बल्कि वित्तीय कामकाज के लिए बैंकों तक इन लोगों का जुड़ाव बढ़ा है। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है। आधार और डिजिटल पहचान के जरिए कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हुई है। भारत की आर्थिक और सामाजिक असमानता को कम करने में आयुष्मान भारत योजना का भी हाथ मान सकते हैं। इसके जरिए इससे कवर परिवार को सालाना 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार तीन जुलाई, 2025 तक देशभर में 41.34 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इसके दायरे में देश भर के 32,000 से अस्पताल शामिल हैं।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की वजह से यह प्रयास और मजबूत हुआ, जिसमें लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए 79 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य खाते बनाए जा चुके हैं। भारत में आर्थिक और सामाजिक असमानता को दूर करने में स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजना के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित इस योजना के जरिए दलित और आदिवासी एवं महिला उद्यमियों को ग्रीनफील्ड उद्योग स्थापित करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक का कर्ज दिया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार इस साल जुलाई के पहले हफ्ते तक इस योजना के तहत पूरे देश में 2.75 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत किए जा चुके थे। इसके तहत नव उद्यमियों को 62,807.46 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं। एक तरह से इस योजना के जरिए वंचित समुदाय की आर्थिक तरक्की हो रही है। आर्थिक तरक्की की राह सामाजिक विकास को भी प्रभावित करती है। भारत में जारी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना देश की खाद्य और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। कोरोना महामारी के दौरान शुरू की गई इस योजना तहत 80.67 करोड़ लोगों को खाद्यान्न दिया जा रहा है। इसका यह मतलब नहीं कि ऑक्सफैम की रिपोर्ट को अनदेखा कर दिया जाए। इसके अनुसार देश में आर्थिक असमानता बहुत ज्यादा है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के सबसे अमीर महज एक प्रतिशत लोगों के पास देश की चालीस फीसद से ज्यादा की संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब आधी आबादी के पास सिर्फ तीन प्रतिशत संपत्ति है। यह असमानता आय, संपत्ति और अवसरों में भी साफ तौर पर दिखती है। साफ है कि गिनी सूचकांक में भारत की स्थिति सुधरी है, लेकिन ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार असमानता की ओर भी ध्यान देना होगा। तभी हम सही मायने में समतामूलक और समाजवादी समाज बन सकेंगे, क्योंकि समाजवाद का मतलब पूंजी का विकेंद्रण होता है, संकेंद्रण नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## संस्कृति

डॉ. रमेश ठाकुर




# मत्तूरु गांव में 600 वर्षों से बोली जा रही है 'संस्कृत'

एकाध दशकों से पश्चिमी भाषा इस कदर हावी हुई है जिससे हमने अपनी पारंपरिक भाषाओं और सभ्यताओं को पीछे छोड़ दिया है, इसमें 'संस्कृत भाषा' अव्वल स्थान पर है। कड़वी सच्चाई ये है कि समूचे भारत में मात्र एक प्रतिशत भी संस्कृत का प्रचार-प्रसार, बोलचाल और पठन-पाठन नहीं बचा? ऐसे में संस्कृत से जुड़ी एक सुखद खबर मन को खुशी देती है। खबर है कि देश में आज भी एक गांव ऐसा है जहां चौबीसों घंटे सिर्फ संस्कृत ही बोली और पढ़ी जाती है। 'मत्तूरु' गांव में पिछले छह सौ वर्षों से संस्कृत जिंदा है। वहां के लोग दैनिक बातचीत में नियमित संस्कृत का प्रयोग करते हैं। संस्कृत भाषा की जो परंपरा सदियों पहले हुआ करती थी, उस गांव में अब भी यथावत है। भारत के राज्यों में एकाध गांव और भी हैं जहां संस्कृति बोली जाती है, लेकिन इस गांव में शत-प्रतिशत संस्कृत का प्रयोग होता है। 'मत्तूरु' गांव कर्नाटक से करीब 300 किलोमीटर दूर 'तुंग नदी' के समीप बसा है जिसे देश के अंतिम 'संस्कृत भाषी' गांव की उपाधि हासिल है। गांव में रहने वाले प्रत्येक शख्स को संस्कृत बोलनी, लिखनी और पढ़नी अच्छे से आती है। इस गांव में 16वीं शताब्दी से संस्कृत बोली जाती है। किसानों से लेकर नौकरीपेशा भी संस्कृत में बात करते हैं। इस अनोखे गांव का आकर्षण ऐसा है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर राजीव गांधी, इंदिरा गांधी व पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम भी भ्रमण कर चुके हैं। साल भर देश-विदेश के लोग गांव का विजिट करते हैं। ताज्जुब करने वाली बात ये है कि गांव में बाहरी लोगों के लिए कोई होटल या रेस्त्रा नहीं है। अतिथियों का गांववासी अपने यहां खाना और रुकने की व्यवस्थाएं निःशुल्क करते हैं। संस्कृत प्रेमी जब पहुंचते हैं तो गांव वाले उन्हें पानी और गुड देकर स्वागत करते हैं। संस्कृत के अलावा वहां हिंदी या अंग्रेजी में गांव के लोग एक शब्द भी नहीं बोलते। निश्चित रूप से अंग्रेजी और अन्य देशी-विदेशी भाषाओं ने संस्कृत को पीछे धकेला हो, लेकिन 'मत्तूरु' गांव आज भी संस्कृत की संस्कृति को सहेजे हुए है। भारतीय अपनी देशी भाषाओं को छोड़ बाहरी भाषाओं को अधिक व्यावहारिक और उपयोगी मानने लगे हैं। लेकिन 'मत्तूरु' गांव में विभिन्न देशों के लोग संस्कृत सीखने लगातार पहुंच रहे हैं। 'भाषा एंव संस्कृति मंत्रालय' का ताजा आंकड़ा बताता है कि भारत में पिछड़ती भाषाओं को विदेशी लोग बड़े चाव से सीख रहे हैं। विदेश के ज्यादातर विश्वविद्यालयों में हिंदी और संस्कृत प्रमुखता से पढ़ाई जाने लगी है जिनके प्रोफेसर या विशेषज्ञ कोई भारतीय नहीं, बल्कि विदेशी ही हैं, जो हमारे यहां से सीखकर गए हैं। ये अपने आप में बड़ा मुद्दा है कि जिन भाषाओं को हम नकार रहे हैं उन्हें विदेशी अपना रहे हैं? इसके पीछे का लॉजिक हमें समझना होगा? भविष्य में हमारे लिए खतरनाक भी साबित हो सकता है। क्योंकि भाषाओं के बल पर घुसपैठ होना कोई बड़ी बात नहीं? संस्कृत को "देवों की भाषा" कहा गया है। संस्कृत के गर्भ से ही संसार की ज्यातार भाषाओं की उत्पत्ति हुई है। संस्कृत को भारत की सर्वाधिक पुरानी भाषाओं में गिना जाता है। इसलिए संस्कृत के संरक्षण और आधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ-साथ इसे भी उतना ही महत्व दिए जाने की जरूरत है। संस्कृत की संस्कृति बचाने की दिशा में 'मत्तूरु' गांव हमारे लिए उदाहरण है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आत्म ज्ञान क्या है



संकलित

दर्शन

एक इच्छा पूरी होती नहीं कि दूसरी खड़ी हो जाती है-जैसे हवाई अड्डे पर हवाई जहाज एक के बाद एक उड़ान भरते हैं। जब हम अपने मन की इस प्रवृत्ति पर ध्यान करते हैं, तभी एक गहरा प्रश्न उभरता है-जीवन का उद्देश्य क्या है? यह प्रश्न उठना ही मनुष्य होने का चिन्ह है। हम दूसरों से पूछते हैं, तुम क्या कर रहे हो? कभी-कभी स्वयं से भी पूछना चाहिए, मैं क्या कर रहा हूँ? यह प्रश्न स्वयं में ही एक साधना है। इसका उत्तर ढूँढ़ने की जल्दी मत करो। यह प्रश्न तुम्हें भीतर की गहराई में ले जाएगा। किताबें पढ़कर या केवल कुछ क्रियाएँ करके जवाब नहीं मिलते, बल्कि यह प्रश्न ही तुम्हें तुम्हारी आत्मा के करीब ले जाएगा। तो आत्मज्ञान क्या है? यह जीवन को गहराई से जीना है- ऐसी अवस्था जिसमें कोई भी परिस्थिति तुम्हें तनाव नहीं दे सकती। बल्कि तुम परिस्थितियों को प्रभावित कर सकते हो। अगर तुम्हारी मुस्कान हृदय की गहराई से आए, तो वही आत्मज्ञान है। हम सब मुस्कुराते हैं, लेकिन अंदर की मुस्कान से संपर्क टूट गया है। जब तुम उस भीतर की मुस्कान से जुड़ते हो, सरल हो जाते हो, निष्कलुष हो जाते हो, यही आत्मज्ञान है। आत्मज्ञान कोई उपलब्धि नहीं है। बल्कि अज्ञान को हटाना उपलब्धि है, तनाव और बोझ को छोड़ देना उपलब्धि है। क्योंकि हमारा मूल स्वभाव ही आत्मज्ञान है। इसलिए मानवीय और दैवीय दो अलग-अलग वस्तुएं नहीं हैं। मानव शरीर उस फल का छिलका है, और भीतर की मिठास ही दिव्यता है। और उस पर चढ़ा हुआ प्लास्टिक कवर तनाव है। *-श्रीश्री रविशंकर*

# कोयल-अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित

प्रेरणा

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## सटाका




## आज की पाती

### एआई का बढ़ता महत्त्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एआई के क्षेत्र में देश तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। एआई के क्षेत्र में युवा तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। इस दौरान दुनिया ने इस सेक्टर में भारत की प्रगति की जमकर सराहना की। असल में एआई को लेकर कहा जा रहा है कि इससे नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। यह बात कुछ हद तक ठीक है कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों में ही ऐसा होगा और वह भी काफी कम मात्रा में। इसके उलट कई सेक्टरों में नई नौकरियां भी पैदा होंगी।

*-रमेश प्रताप सिंग, सरायपाली*

## ट्रेंड

### कृषि को प्रोत्साहन



आज केंद्रीय कैबिनेट ने 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत देशभर में 100 एग्री-डिस्ट्रिक्ट चयनित किए जाएँगे, जहाँ 11 मंत्रालयों की 36 योजनाओं का समन्वय कर वैज्ञानिक व आधुनिक कृषि को प्रोत्साहित किया जाएगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सेंटर का उद्घाटन



आज मुंबई के बीकेसी में भारत में टेस्ला के पहले एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह केवल एक एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन नहीं है; यह एक शक्तिशाली संदेश है - टेस्ला यहाँ है, और इसने सही शहर और सही राज्य चुना है: मुंबई, महाराष्ट्र!

-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री



असम का मुख्यमंत्री भारत का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री है - और, कुछ ही समय में कांग्रेस के बब्बर शेर उसे जेल पहुंचाएंगे। इसका डर उसकी आंखों में साफ दिख रहा है - क्योंकि उसे अब न मोदी बचा पाएंगे और न ही शाह!

-राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस

### यही किरदार है



एक साल में तीन फिल्में बनायीं और तीनों में अलग-अलग भूमिकाएँ। ऐसा प्रदर्शन जो सब से अलग, किरदार ; कहीं भी नहीं लगा कि ये अभिषेक बच्चन है, यही लगा कि यही किरदार है। मेरा हृदय से आशीर्वाद।

-अमिताभ बच्चन, अभिनेता

## करंट अफेयर

# इजराइल में लोगों ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

यरुशलम के ऐतिहासिक जाफा गेट परिसर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाने के लिए करीब 200 योग प्रेमी मंगलवार शाम पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हालांकि 21 जून को मनाया जाता है लेकिन इजराइल-ईरान संघर्ष के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। यह योग सत्र यरूशलम नगर पालिका, इजराइल के विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास ने यरुशलम के बाहरी इलाके में आयोजित किया था। इज़राइल में भारत के राजदूत जे पी सिंह ने कहा, ''इस समय इजराइल में योग का आयोजन बहुत ही सामयिक है क्योंकि लोग तनावग्रस्त हैं और चिंता का स्तर बहुत ज़्यादा है। योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है।




उन्होंने कहा, ''हालिया संघर्ष के कारण हम 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन नहीं कर पाए लेकिन हम इजराइली विदेश मंत्रालय और यरुशलम नगर पालिका के सहयोग से आज ऐतिहासिक शहर यरुशलम में इसका आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, लोगों के कल्याण के लिए हर दिन योग दिवस होना चाहिए। विदेश मंत्रालय में दक्षिण एशिया ब्यूरो प्रमुख राजदूत सागी कर्णी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ''हम जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## ऑफ बीट

# साइकिल चलाना पैदल चलने से चार गुना ज्यादा प्रभावी

साइकिलिंग के माध्यम से लोग चलने या दौड़ने की तुलना में कम ऊर्जा खपत पर तेज और दूर तक सुविधाजनक तरीके से सफर करने में सक्षम होते हैं।



लेकिन आखिर पैदल चलने की तुलना में साइकिलिंग इतनी आसान क्यों लगती है? इसका जवाब छिपा है उस सुव्यवस्थित जैव-यांत्रिकी में जो साइकिल का हमारे शरीर के साथ तालमेल बनाती है। लेकिन यह सरलता एक ऐसी इंजीनियरिंग को छिपाए हुए है, जो मानव शरीर की संरचना और क्रिया प्रणाली से बिल्कुल मेल खाती है। जब हम चलते या दौड़ते हैं तो असल में हमारा झुकाव एक नियंत्रित तरीके से आगे की ओर रहता है और हर कदम पर खुद को संभालते हैं। हमारे पैरों को हर कदम पर एक बड़े दायरे में आगे बढ़ाना पड़ता है, हर कदम पर पैरों को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ऊपर उठाना पड़ता है। सिर्फ इस क्रिया में ही शरीर की बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है। साइकिल पर, आपके पैर बहुत छोटी गोलाकार गति में घूमते हैं। हर क्रिया पर अपने पूरे पैर का वजन उठाने के बजाय, आप बस अपनी जांघों और पिंडलियों को एक संकुचित पैडल वाली साइकिल पर घुमाते हैं। इस वजह से शारीरिक ऊर्जा की बचत तुरंत महसूस होती है। लेकिन असली दक्षता यह है कि मानव ताकत ऐसी ऊर्जा में बदल जाती है जो साइकिल को आगे बढ़ाती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

-विनय दुबे ने कर्मचारियों और जान-पहचान वालों के खातों में ट्रांसफर की कंपनी की राशि, बैलेंस शीट में भी की हेराफेरी

# साझेदारों से ही ठगी: केपी बिल्डर में 7.56 करोड़ का घोटाला, ईओडब्ल्यू में मामला दर्ज

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर के प्रतिष्ठित रियल एस्टेट ग्रुप केपी बिल्डर एंड प्रमोटर में साझेदारों के बीच का लेन-देन अब ठगी का मामला बन चुका है। गढ़ा निवासी विनय दुबे ने अपने ही दो अन्य साझेदारों को करोड़ों की चपत लगा दी। ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक विनय ने कंपनी के खातों में फर्जीवाड़ा कर 7.56 करोड़ से अधिक की गड़बड़ी की है। इस मामले में अब जांच तेज़ कर दी गई है।

## कंपनी का गठन चार साझेदारों में एक अलग हुआ

साल 2014 में केपी बिल्डर एंड प्रमोटर का रजिस्ट्रेशन रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसायटी में किया गया था। प्रारंभ में इसमें चार साझेदार गिरीश पांडे विजय नगर, मंगल पटैल संजीवनी नगर, विनय दुबे गढ़ा और नरेंद्र अग्रवाल थे। बाद में नरेंद्र अग्रवाल ने कंपनी से नाम वापस ले लिया। शेष तीन साझेदार मिलकर कछपुरा क्षेत्र में एक कॉलोनी का विकास कर रहे थे।नौकर के खाते में ट्रांसफर किए लाखों- शिकायतकर्ता गिरीश पांडे और मंगल पटैल ने आरोप लगाया




है कि विनय दुबे ने कॉलोनी विकास के नाम पर करोड़ों की राशि अपनी निजी पहुंच वाले लोगों के खातों में ट्रांसफर की। अपने नौकर आकाश साहू के खाते में 36.85 लाख, जानकार धर्मप्रकाश राजपूत के खाते में 62.74 लाख, धर्मप्रकाश के भाई अमित राजपूत के खाते में 39.56 लाख। इस प्रकार कुल 1.39 करोड़ की राशि बिना पारदर्शिता के ट्रांसफर की गई।

## बैलेंस शीट में तीन गुना अधिक दिखाए आंकड़े

विनय दुबे ने कंपनी की बैलेंस शीट में भी गड़बड़ी की। जांच में सामने आया कि कॉलोनी विकास के लिए नगर निगम में 3.05 करोड़ जमा किए गए, लेकिन बैलेंस शीट में 9.22 करोड़ दर्शाए गए। इस प्रकार 6.17 करोड़ की फर्जी प्रविष्टियों के माध्यम से आर्थिक हेराफेरी की गई।

## मामला दर्ज, जांच में और नाम हो सकते हैं उजागर

शिकायत की गंभीरता को देखते हुए आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वास भंग, कूटरचना एवं फर्जी दस्तावेज़ों के प्रयोग के तहत मामला दर्ज कर लिया है। ईओडब्ल्यू सूत्रों के अनुसार, विनय दुबे ने अपने निकट के लोगों के खातों का दुरुपयोग कर केपी बिल्डर की संपत्ति को निजी लाभ के लिए प्रयोग किया।

## रियल एस्टेट क्षेत्र में हड़कंप

इस खुलासे के बाद जबलपुर के रियल एस्टेट सेक्टर में हड़कंप मच गया है। आमतौर पर उपभोक्ताओं से ठगी की शिकायतें सामने आती हैं, लेकिन यह मामला साझेदारों के बीच के विश्वासघात का बड़ा उदाहरण बन गया है।

# जस्टिस संजीव सचदेवा गुरुवार को लेंगे मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पद की शपथ

## राजभवन में सुबह 10 बजे राज्यपाल दिलाएंगे शपथ, जबलपुर के विधि जगत की कई हस्तियां होंगी शामिल

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा गुरुवार को राजधानी भोपाल में शपथग्रहण करेंगे। राजभवन में सुबह 10 बजे एक गरिमामयी आयोजन में राज्यपाल मंगू भाई पटेल उन्हें शपथ दिलाएंगे। वे मप्र हाईकोर्ट के 29 वें चीफ जस्टिस होंगे। पूर्व चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत के 23 मई 2025 को सेवानिवृत्त होने के बाद जस्टिस सचदेवा मप्र हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के प्रभार पर थे। इससे पहले भी वे 9 जुलाई 2024 से 24 सितंबर 2024 तक एक्टिंग चीफ जस्टिस का दायित्व संभाल चुके हैं।शपथग्रहण समारोह में जबलपुर के विधि जगत से जुड़ी कई हस्तियां शामिल होंगी। शपथग्रहण के बाद जस्टिस सचदेवा 18 जुलाई को मुख्यपीठ जबलपुर में पदभार ग्रहण करेंगे। सुबह 10.30 बजे से हाईकोर्ट के कोर्ट रुम नंबर 1 में स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मप्र स्टेट बार काउंसिल, मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के।

**18 जुलाई को मुख्यपीठ जबलपुर में संभालेंगे पदभार, हाईकोर्ट करेगा अभिनंदन**

पदाधिकारी, हाईकोर्ट के न्यायाधीश,अधिकारी व अधिवक्ता शामिल होंगे।

### संक्षिप्त जीवनवृत्त

जस्टिस संजीव सचदेवा काजन्म 26 दिसंबर 1964 को दिल्ली में हुआ था। उन्होंने 1985 में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के बाद 1988 में कैंपस लॉ सेंटर, दिल्ली विश्वविद्यालय से विधि स्नातक की उपाधि प्राप्त की। 1 अगस्त, 1988 को दिल्ली बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में नामांकित हुए।1992 में लंदन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड लीगल स्टडीज में कॉमनवेल्थ यंग लॉयर्स कोर्स में भाग लिया और उक्त पाठ्यक्रम में इंग्लैंड में सॉलिसिटरों और बैरिस्टरों के साथ काम किया। कॉमनवेल्थ यंग लॉयर्स कोर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पांच युवा वकीलों में से एक होने के लिए ब्रिटिश काउंसिल छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया।1995 में सर्वोच्च न्यायालय के एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड के रूप में नियुक्त हुए।उन्हें 17 अप्रैल, 2013 को दिल्ली उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश और 18 मार्च, 2015 को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया । 3 मई 2024 को उन्होंने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। तब से वे यहीं पदस्थ हैं।



## स्टेट बार काउंसिल की ओर से जस्टिस सचदेवा का अभिनंदन

**हरिभूमि जबलपुर** । राज्य के वकीलों की पंजीयक व नियामक संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल की ओर से मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा का अभिनंदन किया गया। स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता व वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने जस्टिस सचदेवा के चेम्बर में पुष्पगुच्छ भेंट कर इस उपलब्धि पर हर्ष प्रगट किया। उम्मीद जताई कि प्रदेश के अधिवक्ता समुदाय के कल्याण के लिए मुख्य न्यायाधीश के रूप में नवाचारी कदम उठाए जाएंगे। जस्टिस सचदेवा ने भरोसा दिलाया कि वे स्वयं वकील रह चुके हैं, अतः अधिवक्ता समुदाय की परेशानियों को बेहतर समझते हैं। सभी समस्याओं का निराकरण करने हर संभव प्रयास करेंगे।

-25 लाख की ज्वेलरी चोरी करने वाले चार शातिर नकबजन गिरफ्तार

# सूने मकानों को बनाते थे निशाना

## विजय नगर और क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई, विदेशी करेंसी और चोरी में प्रयुक्त बाइक भी जब्त

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर के सूने मकानों को निशाना बनाकर लाखों की चोरी करने वाले चार शातिर नकबजनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना विजयनगर और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने पीएनटी कॉलोनी स्थित खंडहर में दबिश देकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से लगभग 25 लाख कीमत के हीरे, सोने-चांदी के आभूषण, नकद चार हजार विदेशी करेंसी और चोरी में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है।

### सीसीटीव्ही और मुखबिर बने अहम-

पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में एएसपी सिटी आनंद कलादगी ने बताया कि 30 वर्षीय विकास रजक उर्फ विक्की निवासी माढ़ोताल, अधारताल निवासी 35 वर्षीय महेन्द्र पटेल उर्फ राहुल,



बेलबाग निवासी 34 वर्षीय जितेन्द्र विश्वकर्मा उर्फ जित्तू, कोतवाली निवासी 31 वर्षीय प्रदीप विश्वकर्मा उर्फ दीपू चारों ने थाना विजयनगर क्षेत्र में तीन और गोराबाजार क्षेत्र में एक चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूला है। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया।

### विदेशी करेंसी के साथ आभूषण जब्त-

एएसपी कलादगी ने बताया कि आरोपी प्रदीप के खिलाफ 19, विकास के खिलाफ छह और राहुल के खिलाफ एक आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज हैं। बरामद जेवरातों में डायमंड हार, सोने की अंगूठियां, कंगन, चांदी की पायल व बिछिया शामिल हैं। साथ ही डॉलर, रियाल और दिरहम समेत 10 विदेशी नोट भी मिले हैं।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका-

कार्रवाई में टीआई विजय नगर वीरेन्द्र पवार, टीआई अपराध शैलेश मिश्रा, एसआई कमलेश मेश्राम,नेतराम चौधरी, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र रघुवंशी, सुधीर उमरे, प्रकाश चंद, वीरेन्द्र सिंह चौहान,मनीष बैरागी, सुरेश दुबे, सतीश तिवारी,प्रमोद शर्मा, आरक्षक आदित्य, विक्रम, रूपेश, विनीत, संतोष, दिलीप, सत्यम, सुदीप, ओम उपाध्याय,पूजा मेहरा समेत क्राइम ब्रांच की टीम की सक्रिय भूमिका रही।

-सत्ता का संरक्षण या प्रशासन की नाकामी, पचौरी का अतिक्रमण बना क्षेत्रीय जनों की मुसीबत

# सड़क से लेकर सरकारी जमीन तक कब्जा

हरिभूमि, जबलपुर।

भाजपा नेता उज्वल पचौरी की दबंगई अब शहरवासियों की सहनशक्ति से बाहर होती जा रही है। एक ओर नगर निगम गरीबों की झोपड़ियों को एक झटके में जमींदोज कर रहा है, वहीं दूसरी ओर नेता जी खुलेआम सड़क और सरकारी जमीन पर कब्जा जमाए बैठे हैं, और सबसे हैरानी की बात यह है कि न तो नगर निगम कुछ कर रहा है, न ही भाजपा नेतृत्व इस पर कोई जवाब दे रहा है।

### दुकान, ऑफिस, पार्किंग का वसूल रहे किराया

शहर के प्रमुख व्यावसायिक मार्ग पर उज्वल पचौरी ने वर्षों पहले बनी पुरानी डेयरी को पहले दुकान, फिर ऑनलाइन ऑफिस में बदल दिया। विरोध और खबरें छपने के बाद ऑफिस पर ताला तो जड़ दिया गया,



लेकिन जमीन आज भी कब्जे में है। यही नहीं, कब्जा की गई जमीन का उपयोग वह किराए पर देकर कर रहे हैं जिससे सीधे निजी लाभ लिया जा रहा है। उस कब्जे में स्थित जैन डिलाइट नामक दुकान को पीछे से पक्की फर्श, टीन शेड और कॉलम के साथ तैयार की गई जमीन दी गई है, जो पूरी तरह सरकारी है। यह न सिर्फ अतिक्रमण है, बल्कि सरकारी भूमि से किराया वसूलना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

### सड़क पर गाड़ी, पुलिया का रास्ता बंद-

उज्वल पचौरी की कार एमपी 20 सीएफ 7170 नियमित रूप से सड़क की पुलिया के पास खड़ी रहती है, जिससे लेफ्ट टर्न बाधित होता है। ट्रैफिक पुलिस आम नागरिकों की गाड़ियों पर सख्ती दिखाती है, लेकिन यहां पूरा प्रशासन मौन है। घर के सामने बनाई गई कमर्शियल बिल्डिंग और पीछे नाले व रेलवे की जमीन पर कब्जा कर सीमेंट पोल, जाली और पक्की फर्श डाल दी गई है जो करोड़ों की सरकारी संपत्ति पर खुलेआम कब्जा है।

## ई रिक्शा चालक ने बगल में बैठी सवारी के जेब से निकाले 20 हजार

**जबलपुर**। विजयनगर थाना अतंर्गत बस स्टैंड से उतरकर ई रिक्शा में बैठकर घर जा रहे एक युवक के जेब में रखे नगदी 20 हजार रुपए चोर चोरी कर ले गए। विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगानगर निवासी 31 वर्षीय गेंदालाल बेन आईना बनाने का काम करता है। गत दिवस जिला सागर से आईना बेचकर बस स्टेंड से उतरकर वापस घर जाने के लिए ई रिक्शा में बैठा था, जिसमें पूर्व से दो अन्य लड़के पीछे एवं एक लड़का ई रिक्शा चला रहा था। वह ई रिक्शा चालक के पास सामने बैठ गया था। उसकी जेब में आईना बेचने के 20 हजार रूपये जींस के पेंट की जेब में रखे थे। ई रिक्शा चालक बस स्टेण्ड से अहिंसा चौक जाते समय हाथ से धक्का देकर ठीक से बैठने के लिये बोला और अहिंसा चौक के पास जाकर उसे ई रिक्शा खराब हो जाने का बहाना बना कर अहिंसा चौक ढींगरा होटल के सामने मेन रोड पर उतार दिया, फिर वह एक टू व्हीलर वाले से लिफ्ट लेकर कुछ दूर तक गया और उतरकर देखा तो उसकी जेब में रखे 20 हजार रुपए नहीं थे। उसे संदेह है के उसकी जेब से पैसे ई रिक्शा चालक ने ही निकाले हैं।

# विद्युत कंपनियों का पॉवर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट

**जबलपुर**। विद्युत कंपनियों की पॉवर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट सीजन-3, 2025 में पुरुष वर्ग में कोनेक्स टीम एवं महिला वर्ग में कावाशाकी की टीम ने विजेता बनने का गौरव पाया। स्थानीय ज्योति क्लब परिसर रामपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता का समापन समारोह मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी के मुख्य अतिथ्य एवं मध्यप्रदेश विद्युत महिला मंडल की अध्यक्षा डॉ. अंजना तिवारी के विशिष्ट अतिथ्य में संपन्न हुआ।

पुरूष वर्ग की विजेता टीम कोनेक्स में एन.पी. सिंह, प्रतीक कनकने, गिरीष सिंह, एल.एम. शर्मा, धीरेन्द्र और अवधेश पटेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुये अपनी टीम को खिताब दिलाया। द्वितीय स्थान पर टीम योनेक्स रही ,जिसमें के. विनय रॉव, अमित यादव, देवेन्द्र चढोकर, रोहित मडराह, अशोक चौहान एवं मनीष



गुप्ता शामिल थे। सुमन्त मिश्रा, सुरेश त्रिवेदी, विकास तिवारी, प्रदीप गुप्ता, परमेश्वर महाथा एवं पारस झा की बेबोलेट टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की टीम कावाशाकी में अंजु निखरे और रजनी धारने ने अपनी टीम को विजेता बनाया। टीम हंडरेड की नीलम और दीक्षा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। तृतीय स्थान पर लीलिन टीम की मनीषा झारिया एवं अंजली पाण्डेय रही। प्रतियोगिता में अंपायर का दायित्व मोहित प्रजापति, आनंद गुप्ता एवं मिथलेश सिंह द्वारा निभाया गया। टूर्नामेंट में विद्युत मंडल की उत्तरावर्ती कंपनियों के पुरूष एवं महिला वर्ग में कुल 74 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अजासरा गुप्ता, विक्रम भास्कर, एस.सी. घोष डी. के. अग्रवाल एवं आयोजन समिति के सदस्य इकबाल खान, के. विनय रॉव, सुरेश त्रिवेदी, देवेन्द्र चढोकार आदि उपस्थित थे।

चरित्र संदेह में की गई निर्मम हत्या

# पत्नी और किराएदार की दोहरी हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

हरिभूमि, जबलपुर।

ओमती थाना अंतर्गत घंटाघर क्षेत्र में वर्ष 2021 में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड में आखिरकार न्याय की जीत हुई। चरित्र संदेह के चलते पत्नी राबिया और किराएदार शकील की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी 28 वर्षीय इब्राहिम उर्फ इब्बू को जबलपुर की अदालत ने आजीवन कारावास और दो हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला माननीय न्यायाधीश संजोग सिंह बघेला 10वें जिला एवं अपर सत्र न्यायालय जबलपुर द्वारा मंगलवार 15 जुलाई को सुनाया गया।

### सारगर्भित विवेचना लाई रंग-

घटना 4 मई 2021 को थाना ओमती अंतर्गत हुई थी, जब आरोपी इब्राहिम ने





गुस्से और शक की आग में पत्नी व किरायेदार को मौत के घाट उतार दिया। तत्कालीन टीआई एसपीएस बघेल और एसआई सतीश झारिया द्वारा की गई सारगर्भित विवेचना के चलते यह प्रकरण जल्द ही न्यायालय तक पहुँचा और आरोपी को सजा हुई।

### चल रही थी सतत मॉनीटरिंग

प्रकरण को पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय जबलपुर ने चिन्हित प्रकरण के रूप में दर्ज कर सतत निगरानी में रखा। एएसपी सिटी आनंद कलादगी द्वारा समंस, वारंट की तामीली एवं साक्षियों की समय पर पेशी सुनिश्चित की गई।

**सशक्त विवेचना और कोर्ट में मजबूत पैरवी से आरोपी को सजा**

### लोक अभियोजन ने रखें दमदार तर्क

प्रकरण की प्रभावी पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता बरकड़े के निर्देशन में विशेष लोक अभियोजक बबीता कुल्हारा द्वारा की गई। मजबूत साक्ष्य, तर्क एवं गवाहियों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया।

ॐ श्री गुप्तेश्वराय नमः शुभ श्रावण महोत्सव



श्री रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के उपलिंग स्वयंभू सिद्धपीठ भगवान श्री गुप्तेश्वर महादेव जी का आज का संध्या श्रृंगार श्री अवधूतपति श्रृंगार 16 जुलाई बुधवार

कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

# शिव की भक्ति से होता है सबका कल्याण : पं. श्रवण शास्त्री

हरिभूमि जबलपुर।



श्रावण मास के दिव्य संत वैदिक परम्परागत विधान से 16 से 24 जुलाई तक श्रीश्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के पहले दिन कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम से प्रेम मंदिर नेपियर टाउन से निकाली गई, शास्त्री परिवार द्वारा आयोजित कलश यात्रा में शिवांगी दुबे, सरिता द्विवेदी, संत आशुतोष दुबे, दीपक अग्रवाल सहित अनेक धर्म प्रेमीजन सम्मिलित रहे।

श्री शिव महापुराण कथा के कथा व्यास पं. श्रवण शास्त्री ने बताया कि 16 से 24 जुलाई तक प्रातःकाल रूद्राभिषेक, पूजन, आरती, अपरान्ह 03 से 06 बजे तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। पंडित श्रवण शास्त्री ने कथा का वर्णन करते हुए बताया कि मृत्युलोक में अनेकानेक योनि भटक रहे प्राणियों का कल्याण शिव भक्ति से सुगम हो जाता है। देवराज, बिन्दुग जैसा महापापी भी शिव महापुराण की कथा सुनकर मुक्त हो गए थे। व्यास पीठ का पूजन प्रमुख यजमान श्री गुलाब, राजेन्द्र शास्त्री, शिल्पी, शौर्य पांडेय, पंडित संजय ने किया।

# श्रीराम यात्रा का संत वेदांत जी महाराज ने किया स्वागत

**मझौली।** नशा मुक्ति और युवा जागृति एवं अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर टारगेट युवा शक्ति वेलफेयर सोसायटी मझौली द्वारा आयोजित श्रीराम यात्रा के 141 वें कार्यक्रम को नगर मझौली के वरिष्ठ समाजसेवी राजीव तिवारी (पन्नू भैया) चंद्र मेडिकल स्टोर्स सिहोरा रोड मझौली में आयोजित किया गया।टारगेट टीम के अध्यक्ष आशीष तिवारी ने बताया इस यात्रा के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को भजनों के माध्यम से नशे से दूर रखना है जिसे हर मंगलवार को आयोजित किया जाता है। श्रावण मास के विशेष अवसर पर नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए कटाव धाम मझौली के प्रसिद्ध संत श्री श्री 1008 वेदांत जी महाराज उपस्थित होकर सर्वप्रथम प्रभु श्रीरामचंद्रजी महाराज एवं हनुमानजी महाराज का पूजन अर्चन करने के उपरांत श्रावण मास का महत्व बताते हुए युवाओं के लिए आशीर्वाद प्रवचन में नशे से दूर होने की सलाह दी एवं इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में टारगेट टीम समिति के सहसचिव शिवकुमार प्रजापति, सदस्य अंकुर राजपूत एवं पंडित अरुण तिवारी, प्रभुदत्त दुबे, मुदित तिवारी मोहित तिवारी आदित्य तिवारी लल्ला गोटियां, दीपक तिवारी, संतोष पंडा जी, गुलजार ठाकुर, अनुराग दुबे, सचिन चौधरी, राहुल चौधरी, उमाकांत कोष्टा, हिमांशु साहू, शेखर कोष्टा, मयंक कोष्टा, आदित्य कोष्टा, भरत कोष्टा, अन्नू रजक, ऋषभ सोनी, अखिलेश गर्ग, सुनील श्रीपाल ,गुड्डू जैन, रजनीश कुररिया सहित बड़ी संख्या में युवा परिवार और मोहल्ले के सभी भक्तगण उपस्थित हुए।



फोटो मझौली

# कृषि विभाग ने 40 किसानों को किया बीज वितरण

**पाटन।** कृषि विभाग पाटन के द्वारा तहसील के किसानों का पंजीयन कर जिला पंचायत सदस्य की उपस्थिति में बीज किट वितरण की गई। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 10 से जिला पंचायत सदस्य ठा.मनोहर सिंह की अध्यक्षता में तहसील के किसानो को कृषि विभाग के द्वारा 40 से अधिक रजिस्टर्ड किसानों को राहर के बीज का वितरण किया गया। श्री ठाकुर ने बताया कि हमारे किसान भाइयों को राहर का बीज उच्ची कीमत पर बाजार से खरीदना पड़ता था। जिससे किसानों को काफी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। वही सरकारी बीज के लिए पहले काफी माथा पच्ची करनी पड़ती है। वर्तमान समय में किसानों के हित को देखते हुए शासन के द्वारा ऑनलाइन पंजीयन करके किसानों को मिनी किट जिसमें 4 किलो राहर का बीज वितरण किया गया। इस दौरान कृषि विस्तार अधिकारी श्री श्रीवास्तव एवं कृषि विभाग के कर्मचारी सहित तहसील के किसान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## वांदकपुर भोले बाबा के लिये निकली कांवड़ यात्रा



फोटो मझौली

**मझौली।** वांदकपुर भोले बाबा के दरवार के लिए मझौली से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा बुधवार को रवाना हुई जो कि भगवान विष्णु वाराह मंदिर से होते हुए वांदकपुर बाबा भोलेनाथ के दरवार पहुंच कर कांवड़ चढ़ा कर भंडारा का आयोजन किया जाएगा और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# संस्कारधानी के खिलाड़ी 11वीं राज्य स्तरीय जुजित्सु प्रतियोगिता में दिखाएंगे अपना हुनर

**जबलपुर।** जुजित्सु संघ जबलपुर के अध्यक्ष राजकुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 11वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय जुजित्सु प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 18 जुलाई से 20 जुलाई तक विंग्स क्लब भोपाल में किया जा रहा है जिसमें जिला जुजित्सु संघ जबलपुर के 12 बालक एवं 13 बालिका कुल 25 खिलाड़ी चयनित किये गये। प्रतियोगिता में टीम दल कोच के रूप में अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षक राजकुमार यादव होंगे साथ ही प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका के लिए जयराज चौधरी को आमंत्रित किया गया है। जबलपुर टीम दल आज 17/07/2025 को गाड़ी संख्या 22192 जबलपुर-इंदौर एक्सप्रेस (ओवरनाइट ) से रात्रि 11 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेगा। इस अवसर पर जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग जबलपुर जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे, रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी महानद्दा मदन महल जबलपुर संचालक उत्कर्ष गुप्ता, मानकुंवारी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला, संचालक वैभव जोशुवा, प्राचार्य ईएस जोशुवा, प्राचार्य नम्रता जोशुवा, आदित्य कांवेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोपालबाग डायरेक्टर दिव्या बाजपेई, प्राचार्य, तियाशा जैनिट वॉर्नर, जुजित्सु संघ जबलपुर के संरक्षक मथुरा प्रसाद दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष विजय पांडे, पवन कनौजिया, झामसिंह तेकाम ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

**11वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय जुजित्सु प्रतियोगिता के लिए जबलपुर टीम दल में चयनित खिलाड़ियों में-**
अनिकेत भदौरिया, मानवराज यादव, मयंक बरकड़े, इशान दुबे, शौर्य विक्रम वीर, शौर्य विरहा, आरव खेतान, एडरिन सेलमॉन वॉर्नर, ओम द्विवेदी, राज चक्रवर्ती, रमन झारिया, जयराज चौधरी सहित अन्विका बोरासी, अंशिका बोरासी, मानवी यादव, आकृति सिंह भदौरिया, श्री दुबे, खुशी यादव, रेशु सिंह मसराम, भावना पट्टा, कृतिका खियानी, शिवानी बेन, रोशनी बैरागी, सुरम्या दुबे, सुरमई दुबे शामिल हैं।

सेवानिवृत्त कार्मिक भी हुए लाभान्वित

# विद्युत कंपनी के 54 कार्मिकों को उच्च वेतनमान का लाभ

**जबलपुर।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने कार्मिकों को सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, कार्यालय सहायक दो/ तीन, वरिष्ठ परीक्षण सहायक, परीक्षण सहायक, सिविल सहायक, सहायक मानचित्रकार, वाहन चालक, वरिष्ठ सुरक्षा सैनिक एवं सुरक्षा सैनिक संवर्ग के कुल 54 कार्मिकों को 35 वर्षीय समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान करते हुए आदेश जारी किए। कंपनी द्वारा जारी आदेश में सेवानिवृत्त सहायक अभियंताओं में से राम आसरे मिश्रा एवं प्रदीप कुमार राजपूत सहित कुल 06 कार्मिक शामिल हैं, सेवानिवृत्त कनिष्ठ अभियंताओं में से राजेन्द्र कुमार ठाकुर एवं रामगोपाल चौकसे सहित कुल 05 कार्मिक शामिल हैं, सेवानिवृत्त कार्यालय सहायक दो/ तीन में से सुनील पुरम एवं पुष्पेन्द्र कुमार रिछारिया सहित कुल 23 कार्मिक शामिल हैं, सेवानिवृत्त वरिष्ठ परीक्षण सहायकों में से गुलाम मोहम्मद अंसारी एवं मोहम्मद नासिर अली सहित 07 कार्मिक शामिल हैं, सिविल सहायक राम सिंह (सेवानिवृत्त) को भी लाभ मिला। इसके अलावा कार्यरत सहायक मानचित्रकार में से राधेश्याम सराठे सहित कुल तीन कार्मिकों को लाभ मिला, वाहन चालक संतोष कुमार सोनी सहित कुल दो कार्मिकों को लाभ मिला, वरिष्ठ सुरक्षा सैनिकों/ सुरक्षा सैनिकों में से मनोहर लाल मर्सकोले एवं किशोर कुमार खत्री सहित कुल 07 कार्मिकों को भी लाभ मिला, जिसमें सुरक्षा सैनिक राकेश कुमार मिश्रा को सेवानिवृत्ति पश्चात समयमान वेतनमान का लाभ मिला है। सेवानिवृत्त एवं कार्यरत कार्मिकों ने वेतनमान के आदेश जारी होने से खुशी जाहिर की है एवं इससे कार्मिकों के मनोबल में वृद्धि हुई

# डाक कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर किया प्रदर्शन

**जबलपुर।** डाक कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर बुधवार को सभी डाक कर्मचारियों ने बांह में काली पट्टी बांध कर काम किया।



स्थानीय मुख्य डाक घर के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध विरोध जताते हुए अपनी ड्यूटी की। डाक कर्मचारी अपनी विभिन्न 15 सूत्री मांगों को लेकर विरोध जताया है। डाक कर्मचारी महासंघ ने कर्मियों पर जबर्दस्ती थोपे जा रहे टारगेट पर रोक लगाने, बेसिक वेतन के साथ , 50 प्रतिशत डी ए देने, 52 दिन शनिवार को काम करने के लिए वेतन देने, ग्रामीण डाक सेवक को अन्य विभाग में ड्यूटी लगाने पर रोक, ग्रामीण डाक सेवक पर पांच लाख का बीमा ,डाक कर्मियों का 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा करने की मांग की है। इस दौरान अनिल सिंह बागरी संभागीय सचिव, प्रांतीय अध्यक्ष सज्जन चढ़ार, नवीन, अनुपम, कमलेश, गोपाल, प्रभाषंकर, संतोष, अनुराधा, प्रदीप,दिनेश, राजकुमार आदि रहे।

# गांव गांव और गली गली बिक रही अवैध शराब

**बरेला।** प्रदेश सरकार जहां एक और नशा मुक्ति और अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करने केनिर्देश जारी कर रही है तो वहीं दूसरी ओर नगर के शराब ठेकेदार द्वारा खुलेआम गांव-गांव और गली-गली अब शराब बिकवाई जा रही है। नगर में शराब दुकान का ठेका चेंज हुए लगभग 2 महीने हो गए हैं किंतु ठेकेदार बदल जाने के बाद भी गली मोहल्ला और गांव में यह शराब के अवैध ठेके बदस्तूर जारी हैं। इन शराब ठेकेदारों का नेटवर्क इतना मजबूत हो गया है कि अब यह लोग गली-गली चौराहा और यहां तक की घर-घर में शराब की आपूर्ति तेजी से कर रहे हैं। शराब ठेकेदार के गुर्गे दिन भर दो पहिया वाहन में गली-गली और मोहल्ले मोहल्ले शराब ढोते रहते हैं और उन्हें आबकारी और पुलिस विभाग का कोई भय नहीं है तथा चौपाइयां वहां में मैं भी शराब भरकर गांव-गांव पहुंचाई जा रही है शराब माफिया द्वारा न सिर्फ अवैध शराब बेची जा रही है बल्कि इस मोहल्ले मोहल्ले पहुंचकर सीधे लोगों के घरों तक पहुंच बनाए जा रही है जो कि शराब दुकान के नियमों के विरुद्ध है ।शराब ठेकेदार द्वारा नगर के युवा वर्ग को शराब में डूबाने के लिए तत्पर है। आबकारी विभाग और पुलिस विभाग की मिली भगत से अवैध शराब का यह गोरख धंधा नगर में धड़ल्ले से फल फूल रहा है।दोपहिया वाहन में शराब धोने वाले नगर में थाने के सामने से भी निकल जाते हैं इसके बावजूद भी शराब माफियाओं पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है नगर की सामाजिक संस्थाओ जागृति समाज कल्याण समिति और स्वतंत्र प्रतिभा मंच के पदाधिकारी ने नगर में हो रहे अवैध शराब के गोरख धंधे पर अंकुश लगाने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है ताकि नगर के युवा वर्ग को नशे की लत से बचाया जा सके। गली मोहल्ले में सरलता से उपलब्ध होने वाली यह शराब शराब युवाओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

एक दो पहिया एंव एक चार पहिया वाहन भी जप्त

# आबकारी विभाग सिहोरा ने जप्त की 1 लाख की मदिरा

**सिहोरा।** आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार मदिरा के अवैध निर्माण, विक्रय,संग्रहण एवं परिवहन पर विशेष सतर्कता एवं कठोरता से प्रभावी अंकुश लगाये जाने के मद्देनज़र



कलेक्टर के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त के मार्गदर्शन में 1) वृत्त सिहोरा के ग्राम देवरी,रामखिरिया मार्ग पर अवैध मदिरा के परिवहन की सूचना पर लगभग सांय 6.30 बजे लगभग एक बिना नंबर की दोपहिया वाहन होंडा लाइवो से मदिरा का परिवहन करते हुए आरोपी जीतेन्द्र कोल को पकड़ा तलाशी लेने पर उसके पास से 65 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा बरामद कर वाहन व मदिरा कब्जे आबकारी लिया। कार्यवाही में जप्त मदिरा व वाहन का अनुमानित मूल्य 49750 रु है।आरोपी के विरुद्ध म. प्र.आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क व 34(2)का प्रकरण दर्ज किया गया।

अन्य प्रकरण वृत्त सिहोरा के पौड़ी मझौली मार्ग का है जहाँ अवैध मदिरा के परिवहन की सूचना पर लगभग रात्रि लगभग 11 बजे अल्टो के 10 एम पी 20 सी जी 3453 से मदिरा का परिवहन करते आरोपी प्रशांत राय को पकड़ा तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 20 पेटी (180 बल्क लीटर) देशी मदिरा बरामद कर कब्जे आबकारी लिया। कार्यवाही में जप्त मदिरा व वाहन का अनुमानित मूल्य 5,00,000 है।आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। लगभग एक लाख रुपये की मदिरा एंव दस हजार रुपये की हाथ भट्टी मदिरा जप्त की।

कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक श्वेता सिंह तिवारी एवं मुख्य आरक्षक नेकलाल बागरी, रमेश कुशराम संत लाल मरावी, फूल सिंह ऐंटिआ, अमिता केशरवानी, अशोक सिंह बघेल, सुरेन्द्र जायसवाल, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, श्रीकांत, दिलराज, अभिषेक,आदित्य, भूपेंद्र मरावी उपस्थित रहे।

# रियाज, नज्जो बी आदि उमरा के लिए रवाना



**सिहोरा।** सिहोरा के मेहरबान बेग, मोहम्मद शहंशाह, रियाज शाह, मोहम्मद जुनेद, नज्जो बी, फिरोजा बी सहित अनेक लोग बुधवार को उमरा के लिए डुमना एयरपोर्ट से मुम्बई के लिए रवाना हुए वहां से सभी लोग मक्का मदीना 15 दिन की यात्रा के लिए रवाना होंगे। सिहोरा से रवाना होने के पहले सभी ने देश के अमन चैन की दुआएं मांगी गईं और सभी का स्वागत किया।विदित हो हर साल दुनिया भर के मुस्लिम देशों से लाखों पुरुष और महिलाएं उमरा करने के लिए सऊदी अरब के शहर मक्का जाते रहते है। इस अवसर पर फैज आलम शाह,शेख साबिर,मंसूर मंसूरी,शेख ईसराईल,फरहान आलम शाह,बासिद अली,आजाद अली,मोहम्मद निसार,इमरान बेग, शेख अलीम,ओवैस रहमान,फरदीन आलम शाह आदि उपस्थित थे। विदित हो हर साल दुनिया भर के मुस्लिम देशों से लाखों पुरुष और महिलाएं उमरा करने के लिए सऊदी अरब के शहर मक्का जाते रहते है।

# बारिश में परेशानी का सबब बन रही है नर्मदा नल जल योजना की खुदी हुई सड़के



**बरेला।** नर्मदा नल जल योजना के अंतर्गत नगर में वर्तमान में जगह-जगह सीमेंट रोड खोदकर पाइपलाइन डालने का काम चल रहा है किंतु यह काम वर्तमान में कछुआ गति से चल रहा है तथा द्वारा ठेकेदार द्वारा नगर में खोदी गई सड़के लोगों को परेशानी का सबब बनी हुई है ।इन खुदी हुई सड़कों के कारण बारिश में नगर में जगह-जगह कीचड़ हो रहा है। इन सीमेंट सड़कों को ठेकेदार द्वारा खोद तो दिया गया है किंतु पाइपलाइन डालने में और उसको उन्हें फीलिंग करने में मनमर्जी से काम किया जा रहा है। इसके कारण नगर की सीमेंट रोड में भी जगह-जगह कीचड़ दिखाई दे रहा है सीसी रोड में कीचड़ की वजह से लोगों के गिरने का खतरा भी बना रहता है तथा लोगों के घरों के सामने कीचड़ लग जाता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि नगर में सीमेंट रोड है ही नहीं तथा केवल कीचड़ ही कीचड़ दिखाई देता है। इसकी वजह से गंदगी का माहौल भी रहता है बताया जाता है नगर के आधे से ज्यादा वार्डों में सड़को को खोद दिया गया हैं और ठेकेदार द्वारा खोदी हुई सड़कों को भरने में जमकर ढिलाई बरती जा रही है इसका खामियाजा नगर वासियों को भुगतना पड़ रहा है। नगर के कुछ वार्डों तो बहुत ही संकीर्ण है जहां पर खुदाई करके ठेकेदार उनको भरना ही भूल गया है इसकी वजह से इन वार्डो में आवागमन करने में ही समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि ठेकेदार द्वारा नगर में बहुत ही कछुआ गति से काम किया जा रहा है इसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




**श्री सोपान तामसीकर-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री सोपान तामसीकर (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सौरभ सोनी-** हनुमानताल शुक्रवारी बजरिया निवासी श्री सुनील सोनी के पुत्र श्री सौरभ सोनी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कांता सेठी-** आदर्श नगर नर्मदा रोड तेज अपार्टमेंट निवासी श्री तिलक सेठी की धर्मपत्नी श्रीमती कांता सेठी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राहुल पासवान-** पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री कामता राम पासवान के पुत्र श्री राहुल पासवान (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ ।

**श्री नंद किशोर चौरसिया-** गली नंबर 3 सदर निवासी श्री नंद किशोर चौरसिया (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरी घाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मदन लाल सुलेमान-** अनुराधा कॉलोनी धोबीघाट-वाटर वर्क्स गोराबाजार रोड निवासी श्री मदन लाल सुलेमान (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुंतला रजक-** बिलहरी निवासी श्री सोहन रजक की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला रजक (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कोमल ब्रह्मवंशी-** बुचडी के निकट सदर निवासी श्री कोमल ब्रह्मवंशी (60) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति देवी सिंह-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री लखपत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती शांति देवी सिंह (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री गणेश रैकवार-** ब्यौहारजी का बाड़ा साठिया कुआं निवासी श्री गणेश रैकवार (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करिया पाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री गोपी प्रसाद अहिरवार-** सिद्धनगर झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री गोपी प्रसाद रैकवार (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री देवी प्रसाद बेन-** कोल बस्ती माढ़ोताल निवासी श्री देवी प्रसाद बेन (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रताप नारायण टंडन-** प्रेम नगर प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री प्रताप नारायण टंडन (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुरेंद्र सिंह पाल-** पाल कंपाउंड एनईएस कॉलेज के पास निवासी श्री सुरेंद्र सिंह पाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्ष धाम में किया गया।

**श्रीमती प्रेम रानी रैकवार-** भूकंप कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री गणेश प्रसाद रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेम रानी रैकवार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति वर्ग से.मी.
सिंगल साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

# सभी बिजली कंपनियों में अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना मंजूर

**ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा, नियमित कार्मिक सहित संविदा कार्मिक, पेंशनर और उनके परिजन होंगे लाभान्वित**

## लगभग एक लाख 82 हजार होंगे लाभार्थी

### योजना एक अक्टूबर तक शुरू करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश की सभी 6 बिजली कंपनियों में अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना स्वीकृत कर दी गई है। यह जानकारी ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहीं।

मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने विद्युत कंपनियों में अभियंता व कार्मिकों के लिए बहुप्रतीक्षित पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना (एमपीपीसीएचएस) के क्रियान्वयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

मंत्री तोमर ने बताया है कि इस योजना का लाभ प्रदेश की 6 विद्युत कंपनियों में कार्यरत नियमित कार्मिकों, संविदा कार्मिकों व विद्युत कंपनियों के पेंशनरों और उनके परिजन को मिलेगा। इनकी संख्या लगभग एक लाख 82 हजार है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी को प्रदेश की विद्युत कंपनियों में पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना लागू करने की जिम्मेदारी दी गई है।

**24 जुलाई को होगी प्री-बिड मीटिंग**

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने जानकारी दी कि पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के कार्यान्वयन के लिए 15 जुलाई को ई-टेंडर जारी कर दिया गया है। इस योजना के कार्यान्वयन सहायता एजेंसी (आईएसए) चयन के लिए भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा लाइसेंस प्राप्त किसी मौजूदा तृतीय पक्ष प्रशासक (टीपीए) या उसकी होल्डिंग कंपनी या उसकी सहायक कंपनी या उसकी समूह कंपनी, जिन्हें इस क्षेत्र में कार्य करने का वृहद् अनुभव हो, से टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के लिए प्री-बिड मीटिंग 24 जुलाई को होगी। विद्युत कंपनियों के लिए पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के क्रियान्वयन करने को इच्छुक कंपनियां 18 अगस्त तक टेंडर प्रक्रिया में अपनी निविदा जमा कर सकेंगी। आगामी 20 अगस्त को ई-टेंडर खोले जाएंगे। पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री सिंह ने बताया है कि योजना एक अक्टूबर 2025 तक प्रारंभ करने का लक्ष्य है।

**ऊर्जा मंत्री ने मंत्रियों के समूह और विद्युत नियामक आयोग की बैठक में उपभोक्ताओं के हित में लिए गए निर्णय बताए**

केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय की ओर से विद्युत वितरण कम्पनियों की वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए मंत्री समूह की बैठक मंगलवार को नई दिल्ली में हुई। बैठक की अध्यक्षता विद्युत एवं आवास तथा शहरी मामलों के राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने की। बैठक में मप्र से ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश नियामक आयोग की ओर से बिजली उपभोक्ताओं के हित में लिए जा रहे निर्णयों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश में ऊर्जा विभाग की ओर से किए जा रहे नवाचारों से भी अवगत कराया। बैठक में विद्युत वितरण कम्पनियों की वित्तीय स्थिरता, पारदर्शिता एवं संचालन क्षमता को सुदृढ़ बनाने पर गहन चर्चा हुई। केन्द्रीय विद्युत राज्य मंत्री नाइक ने कहा कि हमारा संकल्प है कि ऊर्जा व्यवस्था को और मजबूत, पारदर्शी और जन-हितैषी बनाएं, जिससे सभी को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। बैठक में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु एवं उत्तरप्रदेश के ऊर्जा मंत्री तथा केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग एवं राज्य विद्युत नियामक आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्य शामिल हुए।



**पीडब्ल्यूडी के उप सचिव ने जारी किया पत्र**

## बगैर सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ पाएंगे पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी, होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में अब कोई भी कर्मचारी बगैर सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ पाएगा। अभी कोई भी कर्मचारी कभी भी कहीं भी चले जाते हैं। जब काम की जरूरत होती है, तो कह देते हैं कि जरूरी काम से बाहर आ गया हूं।

किंतु अब ऐसा नहीं चलेगा। पीडब्ल्यूडी ने विभाग में कार्यरत सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि बगैर सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय न छोड़े। इसका उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीडब्ल्यूडी के उप सचिव नियाज अहमद खान ने सभी प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता, मुख्य वास्तुविद, समस्त अधीक्षण यंत्री व कार्यपालन यंत्री को निर्देशित एक पत्र जारी किया है।

**मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारी प्रमुख सचिव से लेंगे अनुमति**

*निर्देश में यह भी कहा गया है कि प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता एवं इस स्तर के अधिकारी प्रमुख सचिव से अनुमति प्राप्त करेंगे। जबकि अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री स्तर के अधिकारी प्रमुख अभियंता से अनुमति प्राप्त कर अपना मुख्यालय छोड़ेंगे। यदि बिना अनुमति अधिकारी मुख्यालय छोड़ता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश का कड़ाई से पालन होगा।*

**कामकाज होता है प्रभावित**

इस पत्र में उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रायः यह देखा गया है कि विभाग में कार्यरत अधिकारी बिना अनुमति के भोपाल में एवं अपने कार्य क्षेत्र से बाहर चले आते हैं, जिससे शासकीय कार्य प्रभावित होता है। इससे शासन की ओर से वंछित जानकारी निर्धारित समय सीमा में नहीं मिल पाती। इससे अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ता है। ऐसे समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि अधिकारियों से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत की मुख्यालय छोड़ेंगे।

**विधानसभा सत्र के लिए प्रश्नों के उत्तर भेजने में होती है दिक्कतें**

प्रमुख अभियंता (बीएंडआर) केपीएस राणा ने बताया कि इस समय विधानसभा सत्र की तैयारी चल रही है। जो भी प्रश्न लगे हैं उसके जवाब निर्धारित समय सीमा में भेजना है। इसके बावजूद कई अधिकारी बगैर बताए मुख्यालय छोड़ रहे हैं। इससे कार्य प्रभावित होता है। इस तरह से मुख्यालय छोड़ने की शिकायतें शासन स्तर पर अब आम हो गई है।

**खबर संक्षेप**

### मप्र के 183 निकायों में बने 218 पिंक टॉयलेट

**भोपाल।** मप्र में नगरीय क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं को सार्वजनिक शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिशन पिंक टॉयलेट प्रारंभ किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 183 नगरीय निकायों में 218 पिंक शौचालय संचालित हो रहे हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस मिशन में 100 करोड़ रुपए के निवेश की कार्ययोजना तैयार की है।

### नगर परिषद इंदरगढ़ के प्रभारी सीएमओ निलंबित

**भोपाल।** दतिया जिले के नगर परिषद इंदरगढ़ के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेन्द्र सिंह यादव को कर्त्तव्यों में लापरवाही बरतने पर नगरीय प्रशासन विकास आयुक्त संकेत भोंडवे के निर्देश पर निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संभागीय कार्यालय ग्वालियर होगा। बता दे कि इंदरगढ़ में तालाब का निर्माण कराया जा रहा था। सुरक्षा उपायों में लापरवाही बरतते हुए निर्माण कार्य के दौरान रेलिंग व बेरिगेटिंग की व्यवस्था नहीं गई।

**प्रधानमंत्री मोदी ने दुबई के माध्यम से विश्व में व्यापार के एक नए द्वार को खोलने का किया है कार्य: सीएम**

# मुख्यमंत्री ने कहा... दुबई यात्रा विकास यात्रा की एक मजबूत नींव

**13 से 15 जुलाई के दौरान दुबई प्रवास में व्यापारिक बैठकों और निवेश संवाद कार्यक्रमों में शामिल हुए डॉ. यादव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 से 15 जुलाई के दौरान अपने दुबई प्रवास के दौरान विभिन्न व्यापारिक बैठकों और निवेश संवाद कार्यक्रमों में शामिल हुए। दौरे के समापन पर मुख्यमंत्री ने दुबई से एक विशेष संदेश जारी कर इस यात्रा को विकास यात्रा की एक मजबूत 'नींव' बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुबई के माध्यम से विश्व में व्यापार के एक नए द्वार को खोलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार की ओर से इस 'विकास यात्रा' को इस भावना के साथ डिजाइन किया गया है कि यह राज्य के आर्थिक विकास और वैश्विक साझेदारियों के लिए एक मजबूत आधार बने।

**वैश्विक साझेदारी का आधार बनेगी यात्रा**




**वैश्विक व्यापार केंद्र को लेकर सहमति बनी**

मुख्यमंत्री के इस दौरे के दौरान दुबई स्थित डीपी वर्ल्ड, जाएफजा (जेबेल अली फ्री ज़ोन), भारतीय उद्यमियों और निवेशकों के साथ कई रणनीतिक बैठकों का आयोजन हुआ, जिसमें भारत मार्ट जैसे महत्वाकांक्षी वैश्विक व्यापार केंद्र को लेकर सहमति भी बनी।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेल, युवा सशक्तिकरण और निवेश सहयोग पर केंद्रित संवाद किया**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पेन यात्रा के पहले दिन की शुरूआत मैड्रिड स्थित विश्व प्रसिद्ध ला लीगा मुख्यालय के भ्रमण से की और वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर खेल, युवा सशक्तिकरण और निवेश सहयोग पर केंद्रित संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा सिर्फ एक औपचारिक दौरा नहीं, बल्कि खेल के क्षेत्र में नवाचार, सामाजिक समावेशन और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी की दिशा में प्रदेश के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ला लीगा के पदाधिकारी और तकनीकी निदेशकों के समक्ष प्रस्ताव रखा कि मध्यप्रदेश में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर फुटबॉल एक्सीलेंस सेंटर, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन और स्पेनिश कोचिंग आधारित यूथ ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रारंभ किए जाएं।

**युवाओं के लिए ट्रेनिंग तकनीकी सहयोग**

*ला लीगा स्पेन की प्रमुख पेशेवर फुटबॉल लीग, न केवल स्पोर्टिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर युवाओं के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और ब्रांड विस्तार का भी एक प्रभावशाली मंच है। भारत में ला लीगा की सक्रियता, विशेषकर ला लीगा जैसी पहल, यह दर्शाती हैं कि स्पेनिश फुटबॉल का भारतीय युवाओं से गहरा संबंध बन चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह यात्रा, वैश्विक खेल नेटवर्क से जुड़कर प्रदेश में निवेश, युवाओं के कौशल विकास और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करने की दिशा में दूरदर्शी पहल मानी जा रही है।*

## पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिए शुरू होगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिए प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक किसानों से संपर्क कर सेचुरेशन से शेष रह गए किसानों से कार्रवाई पूर्ण कराई जाएगी और लाभ वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। आयुक्त भू-अभिलेख ने बताया कि अभियान के बेहतर संचालन के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। प्रदेश में लगभग 5 लाख किसानों ने ई-केवाईसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी के लिए इनेवल करने की कार्रवाई कर ली गई है।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शुक्ला को लौटने पर दी बधाई**

## ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने रचा इतिहास, हर भारतवासी के लिए गौरवपूर्ण क्षण : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नासा के एक्सिओम मिशन-4 पर गए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन से सकुशल लौटने पर बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने नया इतिहास रचा है। यह हर भारतवासी के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की यह अद्वितीय उपलब्धि भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर ऐतिहासिक मिशन पूरा कर भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला धरती पर सफलतापूर्वक लौट आए हैं। ये केवल शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से धरती पर सफल वापसी ही नहीं बल्कि भारत के विज्ञान और संकल्प की एक नई विजयगाथा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'नया भारत' तेजी से 'अंतरिक्ष महाशक्ति' बनने की दिशा में अग्रसर है। हमारा भारत अब विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में नित नए प्रतिमान गढ़ रहा है।

**यूजीसी की ओर से एक बड़ा फैसला**

## डबल डिग्री का टेंशन खत्म, अब एक साथ कर सकते हैं दो कोर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कई वर्षों से बिलासपुर के छात्र जो एक साथ दो डिग्री लेकर भी संशय में थे, उनके लिए यूजीसी का नया फरमान यूजीसी डबल डिग्री रुल्स राहत लेकर आया है। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय और अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से जुड़े कई ऐसे छात्र हैं, जिन्होंने 2022 से पहले अनुमति लेकर डबल डिग्री पूरी की। बता दें कि पहले यूजीसी के पुराने आदेश में इन्हें अवैध माना गया था, लेकिन अब यूजीसी ने अपनी गाइडलाइन बदल दी है और स्पष्ट कर दिया कि ऐसे सभी डिग्री कोर्स अब पूरी तरह मान्य होंगे। यूजीसी ने अपनी नई बैठक में 2022 से पहले भी विधिवत अनुमति लेकर एक साथ संचालित किए गए डिग्री कोर्सों को मान्यता देने का निर्णय लिया है।

**इन छात्रों को मिलेगा लाभ**

*इस निर्णय से बिलासपुर के विश्वविद्यालयों के वे छात्र सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे, जिन्होंने बीए, बीएससी या अन्य स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एक साथ किए थे। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में भी इस निर्णय से बड़ी संख्या में छात्र लाभान्वित होंगे, जिन्होंने डबल डिग्री ले रखी होगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह बदलाव छात्रों की रोजगार व उच्च शिक्षा की राह आसान करेगा। अब उन्हें पहले की डिग्री में किसी कानूनी बाधा का डर नहीं रहेगा। यूजीसी के मुताबिक छात्र एक ही समय में दो फुल टाइम कोर्स फिजिकल मोड में नहीं कर सकते, यदि उनकी क्लास का समय एक जैसा हो। छात्र एक कोर्स रेगुलर और दूसरा दूरस्थ या आनलाइन मोड में कर सकते हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय या काउंसिल से पहले अनुमति जरूरी है।*

**यूजीसी ने साफ किया, नहीं होगी डिग्री रद्द**

यह फैसला निस्संदेह छात्रों के भविष्य के लिए राहत भरा है। अंचल में कई छात्र नियमानुसार एक साथ दो कोर्स कर चुके हैं। पहले की गाइडलाइन से उनके मन में शंका थी कि डिग्री रद्द तो नहीं होगी। अब यूजीसी ने साफ कर दिया है कि यदि कोर्स विश्वविद्यालय की काउंसिल या आयोग से अनुमति लेकर चलाए गए थे तो सब वैध है।

## पहली पत्नी को तलाक दिए बिना किया दूसरा निकाह, शिकायत पर नप गए शिक्षक

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर ब्लॉक में एक शिक्षक को दूसरी शादी करना महंगा पड़ गया। शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे बर्खास्त कर दिया गया है। शिक्षक पर आरोप है कि उन्होंने बिना पहली पत्नी को तलाक दिए दूसरा निकाह कर लिया था। जानकारी के अनुसार, जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चांचीडांड के शिक्षक मोहम्मद मुमताज आलम अंसारी को बर्खास्त कर दिया गया है। आरोप है कि शिक्षक ने बिना तलाक लिए पहली पत्नी के रहते दूसरा निकाह किया। साथ ही पहली पत्नी के संबंध में फर्जी आरोप लगा कर गुमराह करने का प्रयास किया। बता दे कि निलंबन पश्चात विभागीय जांच संस्थित की गई थी। जांच में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया था। विभागीय जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर को जांचकर्ता अधिकारी तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया था।

**गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार**

## पुलिस के हत्थे चढ़ा सूने घर में चोरी करने वाला गैंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के कबीर नगर फेस-3 स्थित सूने मकान में ताला तोड़कर लाखों की चोरी करने वाले कुख्यात लल्ला गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गैंग का सरगना लल्ला उर्फ आकाश बंदे पहले ही हत्या के प्रयास, दुष्कर्म और चोरी जैसे संगीन अपराधों में वर्षों से फरार चल रहा था।

इस बार एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना कबीर नगर पुलिस की टीम ने उसे उसके दो साथियों के साथ दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में लल्ला के अलावा सोहेल वर्मा और किशोर शामिल हैं। आरोपियों से पुलिस ने 7.5 लाख रुपए का माल बरामद किया है, जिसमें 59 ग्राम सोने और एक किलो चांदी के गहने भी शामिल हैं।



**आरोपी की आपराधिक फेहरिस्त लंबी**

आरोपी लल्ला गुढ़ियारी थाने में हत्या के प्रयास में जेल जा चुका है। थाना खमतराई व डीडी नगर में आधा दर्जन चोरी के मामलों में फरार है। बेमेतरा के थाना साजा थाने में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का आरोपी है।

**चोरी की वारदात बनी बड़ी चुनौती**

29 जून को फेस-3 कबीर नगर निवासी अभिषेक शुक्ला परिवार सहित ससुराल गए हुए थे। 10 जुलाई को पड़ोसी ने फोन पर चोरी की सूचना दी। जब अभिषेक घर पहुंचे तो देखा कि मेन गेट टूटा हुआ है, अलमारी खुली और लाखों का माल गायब था। शुरुआती तौर पर सामान्य चोरी लगी, लेकिन जब जांच में लल्ला गैंग का नाम सामने आया, तो पुलिस ने विशेष सतर्कता के साथ मामले को लिया। इसके बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, पुराने अपराधियों की गतिविधियों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर गुढ़ियारी निवासी लल्ला उर्फ आकाश तक पहुंच बनाई।

## एक जिला-एक उत्पाद मध्यप्रदेश को मिला रजत पदक, मप्र के उत्पादों को मिला वैश्विक बाजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत प्रदेश के उत्पादों की वैश्विक बाजारों में उपस्थिति दर्ज हो रही है।

मप्र ने अपनी विशिष्टता और योजनाओं के उत्कृष्ट क्रियान्वयन का प्रमाण प्रस्तुत करते हुए एक जिला-एक उत्पाद पुरस्कार 2024 में राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश श्रेणी में रजत पुरस्कार प्राप्त किया। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एक भव्य समारोह में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पुरस्कार प्रदान किया।

यह पुरस्कार राज्य में एक जिला-एक उत्पाद योजना के प्रभावशाली क्रियान्वयन, स्थानीय उत्पादों के ब्रांड निर्माण, रोजगार सृजन, और ग्रामीण व शहरी उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मप्र उद्योग विभाग, वाणिज्य एवं निवेश प्रोत्साहन नीति विभाग की उप सचिव रूही खान ने प्राप्त किया।

**प्रदेश अब लोकल से ग्लोबल की ओर**

एक जिला-एक उत्पाद योजना में मप्र के उत्पादों को वैश्विक बाजार मिल रहा है। प्रदेश स्थानीय से ग्लोबल की ओर बढ़ रहा है। स्थानीय स्तर पर निर्यातकों का बड़ा समूह तैयार हो रहा है। उत्पादों की मांग बढ़ी है। कारीगरों और निर्माताओं के जीवन स्तर में भी सुधार हो रहा है।

**स्थानीय कलाकारों और उत्पादों को विशेष प्रोत्साहन**

सभी जिलों में ओडीओपी योजना संचालित है, जिनमें हरी सब्जी, मोटे अनाज, क्राफ्टकला हथकरघा, हस्तशिल्प, उपकरण शामिल है। स्थानीय कलाकारों और उत्पादों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

**बलरामपुर में दिल दहलाने वाली वारदात**

# तीन साल के बच्चे की बलि से हड़कंप, पुलिस ने खोजी खोपड़ी

अहरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

बलरामपुर जिले के सामरी थाना क्षेत्र में तीन वर्षीय बालक की बलि दे दी गई। 15 माह पहले बालक अचानक लापता हो गया था। लगातार जांच के बाद पुलिस ने बलि देने वाले राजू कोरवा (40) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ग्राम पंचायत चटनिया के कटईडीह का रहने वाला है। अपने बच्चे की बीमारी ठीक हो जाने के अंधविश्वास में उसने बलि देना स्वीकार किया है। आरोपी के बताए अनुसार पुलिस ने बालक की खोपड़ी बरामद की है। शरीर के हिस्से को आरोपी ने जला दिया था।



**पत्नी और बच्चों के साथ जंगल गया था पिता**

सामरी थाना क्षेत्र के ग्राम सबाग सुलुंगडीह निवासी बिरेन्द्र नगेसिया (24) बीते 29 मार्च 2024 को पत्नी और बच्चों के साथ महुआ फूल उठाने झलबासा जंगल गया था। वहीं पर झाला बनाकर वह निवास कर रहा था। यहीं से एक अप्रैल की सुबह उसका तीन वर्षीय पुत्र अजय नगेशिया लापता हो गया था। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण पंजीकृत कर छानबीन शुरू की थी। विवेचना के दौरान संदेही के रूप में राजू कोरवा का नाम सामने आया था। राजू कोरवा झाड़ फूंक किया करता है। उसके पास लापता बालक के स्वजन गए थे। तब उसने बोला था कि बड़ा पूजा करना पड़ेगी, तब बालक मिलेगा।

**सख्ती से पूछताछ करने पर कबूला जुर्म**

*इसकी जानकारी पुलिस को मिलने पर संदेही राजू से पूछताछ किया गया। पहली बार उसने पुलिस को गुमराह किया कि नशे की हालत में होने के कारण ऐसा बोल दिया था। तब उसे छोड़ दिया गया था, लेकिन उसकी गतिविधियां संदिग्ध थीं। पुलिस द्वारा मुखबिर एवं गांव में लगातार लोगों के बीच रहकर सूचना संकलन किया जा रहा था। इसी बीच राजू कोरवा को लेकर पुलिस को इनपुट्स मिला। इस बार उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो वह टूट गया। उसने बलि देना स्वीकार कर लिया।*

**बचपन से ही कमजोर था आरोपी का बच्चा**

*आरोपी ने बताया कि मेरा बड़ा लड़का बचपन से ही मिर्गी बीमारी एवं मानसिक रूप से कमजोर है। उसे विश्वास था कि देवता को बच्चे की बलि देने पर उसका बेटा ठीक हो जाएगा। घटना दिनांक को बालक अजय नगेसिय अकेला दिखा, जिसे मिठाई बिस्किट का लालच देकर और बहला फुसलाकर गोद में उठाकर अपने घर ले गया। उसी दिन चाकू से बालक के गर्दन को काटकर हत्या कर दी और शरीर के हिस्से को बोरा में भरकर बोड़ादह कोना नाला में ले जाकर उसी रात जला दिया तथा उसके सिर को तीन दिन तक अपने घर में छिपाकर रखा था। जब बालक के स्वजन, बच्चे को खोजने लगे तब उसने बच्चे के सिर को कपड़ा में लपेटकर बोड़दहा नाला के पास ले जाकर गड्ढा खोदकर दफन कर दिया और ऊपर से मिटटी पाटकर चार-पांच पत्थर ऊपर में रख दिया था। तहसीलदार सामरी की उपस्थिति में कब्र खोदकर बालक के सिर के हिस्से को बरामद किया गया। खोपड़ीनुमा हड्डी के अवशेष व घटना में प्रयुक्त चाकू को जब्त किया गया है।*

## चोर ने एटीएम से चोरी किए पैसे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। चोर ने एटीएम में काली पट्टी लगाकर 6 लोगों के खाते से 78 हजार 900 रुपए चुरा लिए। गिरफ्तारी के बाद आरोपी पुलिस को उसी एटीएम में लेकर पहुंची जिसमें उसने चोरी की थी। चोर ने पुलिस के सामने काली पट्टी लगाकर बताया कि उसने पैसे कैसे चुराए। दरअसल, पूरा मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है। पुलिस के सामने चोर ने अपनी चोरी का लाइव डेमो दिया। जिसे देखकर पुलिस भी हैरान हो गई। आरोपी ने 6 लोगों के एटीएम से पैसे निकाल लिए। जिन 6 लोगों के एटीएम से पैसे निकाल गए, उन्होंने टाटीबंध की शाखा में ब्रांच मैनेजर से शिकायत की। उन्होंने बताया कि हमारे अकाउंट से पैसे कट गए लेकिन पैसे बाहर नहीं आए। इसकी शिकायत पुलिस से की गई फिर पुलिस एटीएम में पहुंची।

# त्योहारी मौसम में 2.16 लाख अस्थाई नौकरियां पैदा होने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आगामी त्योहारी मौसम के दौरान देश भर में 2.16 लाख से अधिक अस्थायी नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। यह सालाना आधार पर 15-20 प्रतिशत की वृद्धि है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई। कार्यबल समाधान फर्म एडेको इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि त्योहारी मांग की पूर्ति के लिए अस्थायी एवं अंशकालिक रोजगार में उछाल आने का अनुमान खुदरा क्षेत्र, ई-कॉमर्स, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा, लॉजिस्टिक, आतिथ्य, यात्रा और दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) जैसे क्षेत्रों से प्रेरित है।

■ सालाना आधार पर 15-20 प्रतिशत तक की वृद्धि

## कार्यबल समाधान फर्म एडेको इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

### ग्रामीण मांग को बढ़ावा देना वाला होगा

एडेको इंडिया के निदेशक और जनरल स्टाफिंग प्रमुख दीपेश गुप्ता ने कहा, ''इस साल का त्योहारी मौसम एक तेज और अधिक संरचनात्मक मांग वक्र देख रहा है। हमने इस मांग को पहले ही पूरा करने के लिए सक्रिय रूप से तैयारी की है। इस वर्ष की भर्ती में वृद्धि उपभोक्ता धारणा में सुधार, ग्रामीण मांग को बढ़ावा देने वाले अनुकूल मानसून, चुनाव के बाद के आर्थिक आशावाद और आक्रामक त्योहारी विज्ञापनों से प्रेरित है।

*लॉजिस्टिक व आपूर्ति क्षेत्र में बढ़ेगी भर्तियां : लॉजिस्टिक एवं आपूर्ति क्षेत्र में भर्तियां 30-35 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जबकि बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा क्षेत्र में 30 प्रतिशत बढ़ोतरी की उम्मीद है। ई-कॉमर्स और खुदरा क्षेत्र कुल नई मौसमी नौकरियों का 35-40 प्रतिशत हिस्सा होंगे, जबकि आतिथ्य एवं यात्रा क्षेत्रों में 20-25 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी।*



### महिलाओं की भागीदारी में 23 फीसदी की वृद्धि

रिपोर्ट के मुताबिक, नई भर्तियों के दौरान मिलने वाले वेतन में महानगरों में 12-15 प्रतिशत और उभरते शहरों में 18-22 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। इसके साथ ही लचीली, अल्पकालिक भूमिकाओं के लिए बढ़ती प्राथमिकता के कारण इस वर्ष की मौसमी भर्तियों के दौरान महिलाओं की भागीदारी में 23 प्रतिशत बढ़ोतरी देखी जा रही है।

### निर्धारित समय से पहले भर्तियां शुरू

रक्षा बंधन, दशहरा और दिवाली जैसे आगामी त्योहारों के समय त्योहारी बिक्री होने और शादियों के मौसम में बिक्री तेज होने की उम्मीद में अस्थायी कामगारों की भर्ती गतिविधियों में तेजी आई है। कई कंपनियां मांग को आसानी से पूरा करने और अपेक्षित रूप से मजबूत त्योहारी अवधि के लिए अपनी परिचालन तैयारी को सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित समय से पहले ही भर्तियों का दौर शुरू कर चुकी हैं।

## खबर संक्षेप

### एचडीएफसी लाइफ के मुनाफे में 14 फीसदी की वृद्धि


**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 14.4 प्रतिशत बढ़कर 546 करोड़ रुपये रहा है। 'बैक-बुक'' मुनाफा बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। 'बैक बुक'' से आशय मौजूदा ऋण के ऐसे पोर्टफोलियो या पॉलिसियों से है, जिन्हें वित्तीय संस्थान पहले ही जारी कर चुका है।

### एमटीएनएल 8,585 करोड़ का बैंक कर्ज चुकाने में चूकी



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी एमटीएनएल ने सात सरकारी बैंकों से लिए गए 8,585 करोड़ रुपये के कर्ज का भुगतान नहीं किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। घाटे में चल रही सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी के ऊपर कुल कर्ज 30 जून, 2025 तक 34,484 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

### आईटीसी होटल्स का शुद्ध लाभ जून तिमाही में 53 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** आईटीसी होटल्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 53 प्रतिशत बढ़कर 133.71 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मुनाफे में यह वृद्धि आमदनी बढ़ने के कारण हुई। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 87.16 करोड़ रुपये रहा था।

### टेक महिंद्रा का जून तिमाही लाभ 33.9 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा प्रदाता कंपनी टेक महिंद्रा का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 33.9 प्रतिशत बढ़कर 1,140.6 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 851.5 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी की परिचालन आय 2.65 प्रतिशत बढ़कर 13,351.2 करोड़ रुपये हो गई।

### रुपया 18 पैसे टूटकर 85.94 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को 18 पैसे टूटकर 85.94 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितताओं के बीच प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा में मजबूती से रुपये पर दबाव बढ़ा। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से हालांकि घरेलू मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिला।

### एचडीएफसी बैंक बैठक में बोनस पर करेगा विचार

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक का निदेशक मंडल 19 जुलाई को होने वाली बैठक में बोनस शेयर और विशेष अंतरिम लाभांश जारी करने पर फैसला करेगा। बैंक ने बुधवार को यह घोषणा की जिसके बाद उसके शेयर में तेजी आई है। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसका निदेशक मंडल वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बैंक के शेयर पर विशेष अंतरिम लाभांश की घोषणा और बैंक के शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन बोनस शेयर जारी करने के प्रस्तावों पर विचार करेगा।

## आरबीआई गवर्नर ने कहा, देखो और इंतजार करो का रुख अपनाएगे

# आरबीआई ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है, स्थिति पर रखी जा रही नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि केंद्रीय बैंक नीतिगत दर में आगे किसी भी कटौती का फैसला लेने से पहले उभरती स्थिति पर नजर रखते हुए 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक वृद्धि और मूल्य स्थिरता दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ मानक रेपो दर में कटौती कर रही है। साथ ही इसने तटस्थ रुख अपनाया है। तटस्थ रुख का मतलब है कि रिजर्व बैंक जरूरत के मुताबिक प्रमुख ब्याज दर में घट-बढ़ कर सकता है। केंद्रीय बैंक फरवरी से अबतक रेपो दर में कुल मिलाकर एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है।

### अगली बैठक 4 अगस्त से

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक अगले महीने चार से छह अगस्त को होने वाली है। मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा छह अगस्त को की जाएगी। मल्होत्रा ने कहा कि नीतिगत दर में कटौती का असर अभी शुरुआती दौर में है। उनके पास अभी मई तक के आंकड़ें हैं।

### मुद्रास्फीति के अनुमान पर आंतरिक आंकलन

मल्होत्रा ने एक टीवी चैनल दिए साक्षात्कार में कहा कि मुद्रास्फीति के अनुमान पर आंतरिक आकलन किया जा रहा है और उन्हें नहीं पता कि यह तीन प्रतिशत होगी या नहीं। इसका कारण ये आकलन अभी चल रहा है। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से अपना नवीनतम अनुमान जारी करेंगे और एमपीसी हमेशा की तरह, भविष्य के अनुमान को लेकर उभरती स्थिति को ध्यान में रखेगी। उसके आधार पर यह निर्णय लेगी कि अर्थव्यवस्था को वास्तव में किस प्रकार की नीतिगत दर की जरूरत है।

### मेरे पास अभी मई तक के आंकड़े

मल्होत्रा ने कहा, ''जून में हमने 0.5 प्रतिशत तक की कटौती की थी। कुल एक प्रतिशत के मुकाबले अभी एक प्रतिशत तक पहुंचने में काफी समय है... अभी भी, मेरे पास जून के आंकड़े नहीं हैं। मई तक यह 0.24 प्रतिशत था। मेरा मानना है कि इसमें सुधार हुआ है, लेकिन हमें अभी काफी दूरी तय करनी है।'

### बैंक मूल्य स्थिरता पर ध्यान देता है

गवर्नर ने कहा, ''जैसा कि आप जानते हैं, हम मुख्य रूप से मूल्य स्थिरता पर ध्यान देते हैं। यही हमारा मुख्य कार्य है, हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। और फिर हम वृद्धि दर पर भी ध्यान देते हैं।

# कुल वाहन बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुर्लभ खनिज तत्व (आरईई) की समस्या के समय पर समाधान और नए मॉडल की पेशकशों के साथ वित्त वर्ष 2027-28 तक कुल कार बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की हिस्सेदारी बढ़कर सात प्रतिशत से अधिक हो जाएगी।

रेटिंग एजेंसी केयरएज एडवाइजरी की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। यह वृद्धि देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए सरकार के प्रयासों पर भी निर्भर करेगी। भारत के इलेक्ट्रिक कार परिवेश में पिछले तीन साल में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। केयरएज एडवाइजरी एंड रिसर्च की वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख तन्वी शाह ने कहा, "भारत में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 2027-28 तक सात प्रतिशत को पार कर जाने की संभावना है, बशर्ते दुर्लभ खनिज संबंधी व्यवधान का समय पर समाधान किया जाए। मॉडल पेशकश की एक मज़बूत श्रृंखला, ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे का विस्तार और पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना के तहत बैटरी स्थानीयकरण के साथ, देश ईवी स्वीकार्यता में तेज़ी लाने को लेकर अच्छी स्थिति में है। कुल ईवी बिक्री में चार पहिया वाहनों की हिस्सेदारी फिलहाल कम है लेकिन इसमें दोपहिया और तिपहिया वाहनों का दबदबा है।सार्वजनिक नीति और निजी क्षेत्र की प्रतिबद्धता, दोनों के समर्थन से उच्च वृद्धि पथ पर उतर रहा है। चार्जिंग ढांचे में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है, जो ऐतिहासिक रूप से भारत में ईवी की स्वीकार्यता की यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण बाधाओं में से एक रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या वित्त वर्ष 2020-21 के 5,000 से बढ़कर 2024-25 में 1.07 लाख से अधिक हो गई है।


**कार्यालय-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दमोह (म.प्र.)**

क्रमांक Q/विधिक/ विक्रय समिति / 2025 — दमोह दिनांक- 09/07/2025

**वाहन नीलाम विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को इस नीलामी विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, हटा न्यायालय परिसर में स्थित अनुपयोगी शासकीय वाहन क्रमांक एम.पी. -02 एच. सी.-0161 महिन्द्रा जायलो कार की निष्प्रयोजित राशि रुपए 1,60,000/- मात्र (जहां है, जिस स्थिति में है) उक्त शासकीय वाहन को दिनांक- 24.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे खुली निविदा के माध्यम से नीलाम किया जाना है। उक्त नीलामी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दमोह के नाम से शासकीय वाहन हेतु देय राशि 3,500 /- रूपए मात्र का बैंक ड्राफ्ट अमानत राशि के रूप में जमा कर भाग लिया जा सकता है।

उपरोक्तानुसार वाहन की नीलामी की शर्तों हेतु विभाग की अधिकारिक बेव साईड https://damoh.dcourts.gov.in/ एवं https://district.mphc.gov.in की बेव साईड चेक कर सकते हैं।

कृते - प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
दमोह (म.प्र.)

G-15732/25

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
**महेंद्रगढ़**
(नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय)

**सीयूईटी 2025 के अंतर्गत स्नातक (यूजी) कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण आरंभ**
**शैक्षणिक सत्र: 2025–26**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ निम्नलिखित कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित सीयूईटी (यूजी) –2025 परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म आमंत्रित करता है:

स्नातक (यूजी) कार्यक्रम

| बी.वॉक. | • रिटेल एंड लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट<br>• बायोमेडिकल साइंसेज<br>• इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट | इंटीग्रेटेड कार्यक्रम | • बी.एससी. एम.एससी. इन केमेस्ट्री<br>• बी.एससी.एम.एससी. इन मेथेमेटिक्स<br>• बी.एससी. एम.एससी. इन फिजिक्स |
|---|---|---|---|
| • बी.एससी. (ऑनर्स) इन साइक्लॉजी | | | |

महत्त्वपूर्ण तिथि

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 22 जुलाई, 2025 |
| पंजीकरण लिंक | https://cuhcuet.samarth.edu.in/ |

विस्तृत विवरण के लिए www.cuh.ac.in देखें। — कुलसचिव (प्रभारी)

**म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
कार्यालय मुख्य अभियंता (अउदा-नि.), जबलपुर
ब्लॉक नं. 4, शक्ति भवन, जबलपुर-482008
निविदा विशेषी. क्र. मुख्य अभियंता (अउदा- नि.) TC/2025/334 से TC/2024/339 क्रमांक 594 दिनांक 11.07.2025

**निविदा सूचना**

(i) अउदा-निर्माण संभाग, म.प्र.पॉ.ट्रां.कं. लिमि., इन्दौर कार्यक्षेत्र के विभिन्न उपकेंद्रों में 220 KV, 132 KV, 33 KV फीडर-बे, अतिरिक्त परिणामित्र एवं परिणामित्र के क्षमता उन्नयन एवं विभिन्न सिविल रख-रखाव कार्य। (ii) अउदा-निर्माण संभाग, म.प्र.पॉ.ट्रां.कं. लिमि., इन्दौर के अन्तर्गत उज्जैन कार्यक्षेत्र के विभिन्न उपकेंद्रों में 220 KV, 132 KV, 33 KV फीडर-बे, अतिरिक्त परिणामित्र एवं परिणामित्र के क्षमता उन्नयन एवं विभिन्न सिविल रख-रखाव कार्य। (ii) अउदा-निर्माण संभाग, म.प्र.पॉ.ट्रां.कं. लिमि., बड़वाहा कार्यक्षेत्र के विभिन्न उपकेंद्रों में 220 KV, 132KV, 33 KV फीडर-बे, अतिरिक्त परिणामित्र एवं परिणामित्र के क्षमता उन्नयन एवं विभिन्न सिविल रख- रखाव कार्य। (iv) अउदा-निर्माण संभाग, म.प्र.पॉ.ट्रां.कं. लिमि., जबलपुर कार्यक्षेत्र के विभिन्न उपकेंद्रों में 220 KV, 132 KV, 33 KV फीडर-बे, अतिरिक्त परिणामित्र एवं परिणामित्र के क्षमता उन्नयन एवं विभिन्न सिविल रख-रखाव कार्य। (v) 132 KV उपकेन्द्र सिमरोल (36 KV 2x12 MVAR), घाटबिल्लौद (36 KV 1x12 MVAR), 220 KV उपकेन्द्र निमरानी (36 KV 1x12 MVAR), राजगढ़ धार (36 KV 2x12 MVAR) कैपेसिटर बैंक एवं 220 KV उपकेन्द्र राजगढ़ (धार) में 01 नग 33 KV डिस्कॉम-बे की स्थापना से सम्बन्धित विभिन्न सिविल कार्य। (vi) 400 KV उपकेन्द्र मन्दसौर में 4-बे शेड के निर्माण से सम्बन्धित सिविल कार्य।

उपरोक्त कार्यों हेतु पात्र ठेकेदारों से ऑन-लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के खुलने की दिनांक एवं अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट www.mptransco.nic.in एवं www.mptenders.gov.in का अवलोकन अथवा दूरभाष क्र. 0781-2702128/2702276 पर कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें।

म.प्र. माध्यम/121142/2025 //विद्युत की बचत कीजिये// मुख्य अभियंता (अउदा-नि.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PRO-335 Date- 16/07/2025 2025_UAD_437778_1 | संभाग क्रं. 06 अंतर्गत गोविंद बल्लभ पंत वार्ड अंतर्गत राठौर मेडिकल के सामने वाली गली एवं आलम आतिशबाजी के पीछे वाली गली में शैचालय का निर्माण कार्य। (निगम - मद) | तीन माह<br>3.24 लाख | 2000/-<br>3240/- | 31.07.2025 |
| 2. | PRO-355 Date- 16/07/2025 2025_UAD_437778_2 | संभाग क्रं. 06 अंतर्गत गोविंद बल्लभ पंत वार्ड अंतर्गत पूर्व मण्डल अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र पाण्डे जी के आफिस से लेकर रजक चौक सुरेश पान की दुकान तक नाली निर्माण कार्य। (अध्यक्ष - मद) | तीन माह<br>4.23 लाख | 2000/-<br>4230/- | |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट http://mptender.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर

**कार्यालय नगर परिषद सांईखेड़ा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**

Main Road Saikhenda Phone-07791-250320 E-Mail Address- cmosaikheda@mpurban.gov.in ,

पत्र क्रमांक 1161/टेण्डर/2025-26 — **निविदा सूचना** — साईखेड़ा दिनांक 16/07/2025

"निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेंकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_437719_1 17.07.2025 | नगर परिषद सांईखेड़ा हेतु विभिन्न निर्माण सामग्री प्रदाय कार्य। | 07 माह<br>1000000.00 | 2000.00<br>10000.00 | 04/08/2025 |

नोट :-1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन http://www.mptender.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अध्यक्ष
नगर परिषद साईखेड़ा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद साईखेड़ा

**नीलाम विज्ञापन** — **कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में उपलब्ध नये ईमारती काष्ठ / जलाऊ, आर. टी. एल. एवं खैर काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम- काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ नीलाम दिनांक - 29-07-2025 नीलाम समय - प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्रं. | प्रजाति | नये काष्ठ | | पुराने काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग |
| 1. | सागौन | 0 | 0 | 68.657 | 1523 |
| 2. | साल | 332.082 | 475 | 935.864 | 447 |
| 3. | साजा | 81.144 | 84 | 26.169 | 159 |
| 4. | सतकठा | 2.563 | 23 | 0.807 | 51 |
| 5. | खम्हार | 0 | 0 | 11.799 | 242 |
| 6. | हल्दू | 1.510 | 0 | 0.393 | 0 |
| 7. | धावड़ा | 37.715 | 76 | 3.634 | 0 |
| 8 | सलैया | 0 | 0 | 1.265 | 0 |
| | योग:- | 455.014 | 658 | 1048.588 | 2422 |
| | काष्ठ | निरस्त काष्ठ | | अविकृत काष्ठ | |
| | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. |
| 8 | खैर | 44 | 2.518 | 168 | 10.686 |
| 10 | आर.टी.एल. काष्ठ | 0 | 0 | 1630 | 48.024 |
| | | जलाऊ काष्ठ | | | |
| क्रं. | विवरण | नया लॉट | | पुराना लॉट | |
| 11 | जलाऊ मिश्रित | 176 चट्टा | | 319 चट्टा | |

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई. डी. से लॉग इन करके देख सकते है। 4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

जी-252607717/3 — वनमण्डलाधिकारी, मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र 1 जबलपुर**

निविदा सूचना क्र 15 वर्ष 2025-26 टेन्डर लिपिक — जबलपुर दिनांक 14.07.2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निर्मलखित कार्यो की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का

| स. क्र. | ई टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_PWDRB_437267_pack1 | मुख्यालय उपखण्ड उपसंभाग क्र. 3. जबलपुर अंतर्गत एम. एम. व्ही. सेक्शन अंतर्गत एस. आर. एवं डिपॉजिट कार्य, वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेंट एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.80 | 40000.00 | 2000.00 | 4 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 2 | 2024_PWDRB_437268_pack1 | मुख्यालय उपखण्ड उपसंभाग क्र. 3.जबलपुर अंतर्गत सिटी सेक्शन एवं एम.एम. व्ही. सेक्शन अंतर्गत एस. आर. एवं अन्य कार्य। (डिपॉजिट कार्य) | प्रथम | 19.00 | 40000.00 | 2000.00 | 4 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 3 | 2024_PWDRB_437269_pack1 | मुख्यालय उपखण्ड उपसंभाग क्र. 3, जबलपुर अंतर्गत शासकीय साइंस कॉलेज के पुरुष दिव्यांग हेतु डब्ल्यू. सी. एवं बाथरूम का कार्य एवं डी.एन.एल.यू. कॉलेज में विभिन्न कार्य एवं अन्य कार्य (डिपॉजिट कार्य) | प्रथम | 19.50 | 40000.00 | 2000.00 | 4 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 4 | 2024_PWDRB_437271_pack1 | मुख्यालय उपखण्ड उपसंभाग क्र. 3, जबलपुर अंतर्गत सिटी सेक्शन अंतर्गत एस.आर. एवं डिपॉजिट कार्य एवं वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेंट एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.98 | 40000.00 | 2000.00 | 4 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 5 | 2024_PWDRB_437273_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के प्रथम तल पर विभिन्न स्वीकृत सिविल कार्य। | प्रथम | 19.90 | 40000.00 | 2000.00 | 4 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 6 | 2024_PWDRB_437274_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के भू-तल पर विभिन्न स्वीकृत सिविल कार्य। | प्रथम | 19.95 | 40000.00 | 2000.00 | 4 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 7 | 2024_PWDRB_437275_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के प्रशासनिक भवन के सामने गार्डन डेव्हलपमेंट का कार्य। | प्रथम | 5.10 | 11000.00 | 2000.00 | 4 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 8 | 2024_PWDRB_437276_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के कार पार्किंग स्टेण्ड पर स्टोर का निर्माण कार्य। | प्रथम | 10.37 | 21000.00 | 2000.00 | 4 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 9 | 2024_PWDRB_437277_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के एडमिन ब्लॉक में ड्राईवर्स रूम का निर्माण कार्य। | प्रथम | 6.44 | 14000.00 | 2000.00 | 4 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 10 | 2024_PWDRB_437278_pack1 | मार्ग उपसंभाग के अंतर्गत बरेला सेक्शन अंतर्गत विभिन्न मार्गो में कल्वर्ट मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 9.97 | 20000.00 | 2000.00 | 4 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 11 | 2024_PWDRB_437279_pack1 | मार्ग उपसंभाग के अंतर्गत कुण्डम सेक्शन अंतर्गत विभिन्न मार्गो में कल्वर्ट मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 9.98 | 20000.00 | 2000.00 | 4 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 12 | 2024_PWDRB_437280_pack1 | मुख्यालय उपखण्ड उपसंभाग क्र. 1, जबलपुर अंतर्गत पनागर सेक्शन अंतर्गत पुल-पुलियों, कल्वर्ट, शोल्डरर्स मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 20.00 | 40000.00 | 2000.00 | 4 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 13 | 2024_PWDRB_437281_pack1 | पनागर सिंगलदीप मंझौली मार्ग कि.मी. 7. 8 में रीहेब्लीटेशन कार्य। | प्रथम | 20.00 | 40000.00 | 2000.00 | 4 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| | | कुल योग | प्रथम | 199.99 | | | |

टीप:- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 31/07/2025 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियों एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलाईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नही कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ / स)
संभाग क्र. -1, जबलपुर

G-15739/25

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म. प्र.)**

विज्ञापन पत्र क्रमांक / 2298 / व.ले.लि. /का.यं./ लो.स्वा.यां. / खण्ड / 2025 — **निविदा आमंत्रण सूचना ( संक्षिप्त )** — सिवनी, दिनांक- 09/07/2025

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं । निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं

| निविदा सूचना क्रमांक /दिनांक | ई- टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू लाख में) | कुल अमानती राशि (रू में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समयय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 09/नि.प्र./ 2025-26 दिनांक 09/07/2025 | 2025_PHED_436194_1 | जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड कुरई के ग्राम धनौली, टुरिया, डूण्डासिवनी, तेलिया, सारसडोल, कुरई एवं खवासा में पुनरीक्षित नलजल प्रदाय योजना का कार्य । समूह क्रमांक - 01 | 59.36 | 59,360.00 | 10,000.00 | 28/07/2025 | 28/07/2025 | 180 दिवस ( वषार्काल सहित ), 90 दिवस ट्रायल रन सहित | म.प्र. लोक निर्माण विभाग. भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में पंजीकृत ठेकेदार |
| 09/नि.प्र./ 2025-26 दिनांक 09/07/2025 | 2025_PHED_436195_1 | जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड छपारा के ग्राम घुनई, नादिया रैयत, बीजादेवरी, देवरी माल, बेरीढाना, नादिया खुर्द, जोगीवाड़ा, कोण्ड्रा, दल्ले टोला, सागर रमपुरी टोला, इमलिया रैयत, सूखा रैयत मूण्डा टोला, मटामा, मुण्डरई एवं सूखा रैयत नयेगांव टोला में पुनरीक्षित नलजल प्रदाय योजना का कार्य । समूह क्रमांक - 02 | 209.70 | 2,09,700.00 | 15,000.00 | 28/07/2025 | 28/07/2025 | 180 दिवस ( वषार्काल सहित ) 90 दिवस ट्रायल रन सहित | म.प्र. लोक निर्माण विभाग. भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में पंजीकृत ठेकेदार |
| 09/नि.प्र./ 2025-26 दिनांक 09/07/2025 | 2025_PHED_436197_1 | जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड केवलारी के ग्राम दुटेरा (पांजरा), पुतर्रा, कुम्हड़ा माल / रैयत, कोपीझोला, झगरा, देवघाट, चौरापाठा, चिरचिरा, टाली, बन्देली, बबरिया एवं बुधवारा तथा विकासखण्ड बरघाट के ग्राम अंखीवाड़ा, कोसमी, गुदमा, जावारकाठी, ताखलाखुर्द, बुढ़ना कला, मलारा, पखारा एवं खूंट में पुनरीक्षित नलजल प्रदाय` योजना का कार्य समूह क्रमांक-03 | 200.50 | 2,00,500.00 | 15,000.00 | 28/07/2025 | 28/07/2025 | 180 दिवस ( वषार्काल सहित ) 90 दिवस ट्रायल रन सहित | म.प्र. लोक निर्माण विभाग. भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में पंजीकृत ठेकेदार |
| 09/नि.प्र./ 2025-26 दिनांक 09/07/2025 | 2025_PHED_436199_1 | जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड बरघाट के ग्राम पौनिया, भीमपाठा, मगरकठा, लोहारा, तिघरा, दौन्दीवाड़ा, धारना कला, कल्याणपुर, केन्कड़ई, आष्टा, गोकलपुर, मोहगांव लालपुर एवं पिपरिया में पुनरीक्षित नलजल प्रदाय योजना का कार्य । समूह क्रमांक- 04. | 260.15 | 2,60,150.00 | 15,000.00 | 28/07/2025 | 28/07/2025 | 180 दिवस ( वषार्काल सहित ) 90 दिवस ट्रायल रन सहित | म.प्र. लोक निर्माण विभाग. भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में पंजीकृत ठेकेदार |

G-12110/25 — "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म. प्र.)

## खबर संक्षेप

### पिछले साल से 192.8 फीसदी अधिक औसत वर्षा

**कटनी**। जिले में इस वर्ष 1 जून से 16 जुलाई तक कुल 547.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 705.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 186.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 192.8 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख हर्षवर्धन रामटेके ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 526.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 680.6 मिमी, बड़वारा तहसील में 456 मिमी, बरही तहसील में 421 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 555.1 मिमी, बहोरीबंद तहसील में कुल 527.7 मिमी एवं स्लीमनाबाद तहसील में 705.8 मिमी तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 502.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिलेगा पुरस्कार

**कटनी**। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिये आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया, राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर प्रारंभ हो चुकी है। यह पुरस्कार प्रति वर्ष बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये दिया जाता है। इस पुरस्कार के लिए 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा (31 जुलाई, 2025 तक) जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, पुरस्कार के लिये पात्र है। नामांकन /आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जायेगें। पुरस्कारों के लिए स्व-नामांकन और सिफारिशों, दोनों पर विचार किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

### 'लोगो' तैयार करने के लिये पुरस्कार योजना

**कटनी**। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी (एमपीयूडीसी) ने क्रिएटिव इनिशिएटिव का शुभारंभ करते हुए एक शानदार 'लोगो' डिज़ाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया है। यह पहल MyGov पोर्टल के माध्यम से जन-भागीदारी को प्रेरित करने और कंपनी की शहरी सुधार योजनाओं, शहरों में सीवरेज, जलापूर्ति और अन्य अधोसंरचना से जुड़े कार्यों के प्रति जागरूकता व पहचान को बढ़ावा देने के लिये की गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए https://mp.mygov.in/ पोर्टल पर अपना मौलिक डिज़ाइन जेपीजी/पीएनजी फॉर्मेट में अपलोड करना होगा। एमपीयूडीसी द्वारा चयनित 3 विजेताओं के लिये प्रतिष्ठित पुरस्कारों का प्रावधान किया गया है, जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये, द्वितीय 5 हजार और तृतीय स्थान के लिए 2 हजार 500 रुपये की नगद राशि शामिल है। प्रविष्टि की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 शाम 5 बजे तक तय की गयी है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से एमपीयूडीसी का उद्देश्य न केवल एक आकर्षक ब्रांड पहचान स्थापित करना है, बल्कि यह दर्शाना भी है कि कंपनी किस प्रकार जल प्रदाय परियोजना, सीवरेज परियोजना और नगरों से जुडे अधोसंरचना विकास कार्य करने के लिये कार्यरत है।

### डाकघर में 30 रुपये में मिल रहा गंगाजल

**कटनी**। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह की शुरुआत के अवसर पर कटनी प्रधान डाकघर में विशेष गंगाजल काउंटर का शुभारंभ प्रवर अधीक्षक डाकघर जबलपुर संभाग आशीष श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में, पोस्टमास्टर गगन मुड़ोतिया के द्वारा किया गया। मार्केटिंग प्रभारी,अंकित बिलैया, ने बताया कि इस काउंटर के माध्यम से पवित्र सावन माह में श्रद्धालु आसानी से विशेष काउंटर से गंगाजल प्राप्त कर सकेंगे। अब तक काफी श्रद्धालु गणों द्वारा गंगाजल खरीदा जा चुका है। गंगोत्री स्रोत से निकला पवित्र गंगाजल आपके नजदीकी डाकघरों में 250 मिली लीटर की बोतल मात्र 30 रुपए में में उपलब्ध है।

---

ग्राम पंचायत तिगवां के पोषित ग्राम देवरी में 10 साल से ग्रामीण हो रहे परेशान

# बारिश से दलदल में तब्दील हुए मार्ग में धान के पौधे रोपकर किया गया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भी बेहतर विकास एवं मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराये जाने का सरकार एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भले ही मंचों से ढिंढोरा पीटा जा रहा है लेकिन आज भी ऐसे कई गांव है जहां हालत इतनी बदतर है कि लोगों को खासी परेशानियां उठानी पड़ रही है। गांवों के विकास के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन स्थानीय स्तर पर अधिकारी व कर्मचारियों की अनदेखी एवं बेपरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भोगना पड़ रहा है। सड़क, नाली एवं प्रकाश जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी लोग तरस रहा है।

ऐसा ही एक मामला बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण ग्राम पंचायत तिंगवा के आश्रित ग्राम देवरी में देखने मिला। यहां सड़क की की स्थिति कई सालों से बदहाल है। न तो अधिकारियों ने सुध ली न ही जनप्रतिनिधियों ने कोई दिलचस्पी दिखाई। बारिश के मौसम में कच्चा मार्ग पूरी तरह दलदल में तब्दल हो जाता है। खस्ताहाल मार्ग के निर्माण नहीं होने के आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को अनोखा प्रदर्शन किया। सुबह ग्राम देवरी के ग्रामीणों ने सड़क पर शासन -प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। बरसते पानी के बीच अपनी पीड़ा बताई एवं खराब सडक जो बारिश में दलदल मै तब्दील हो गईं है उस पर धान के पौधे रोपे गये।

जनपद सदस्य सरमन चौधरी ने बताया कि गाँव की दो किलोमीटर लंबी सड़क 10 साल से खस्ताहाल है। बारिश के मौसम मै यह सड़क दलदल मै तब्दील हो जाती है। इससे ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित होता है। सबसे बड़ी समस्या स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर होती है!बारिश मै आपात स्थिति होने पर एम्बुलेंस गाँव से दो किलोमीटर दूर रुक जाती है। गर्भवतियों ओर गंभीर मरीजों को कीचड़ भरी सड़क से होकर पैदल जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बतलाया कि पिछले 10 वर्षों से लगातार शासन-प्रशासन एवं क्षेत्रीय विधायक से सड़क मार्ग को बनाये जाने की माँग की जा रहीं है किंतु आज तक सड़क के निर्माण कार्य कराने में किसी ने भी रुचि नहीं दिखाई है। जिससे अब बरसात के मौसम में लोगों का निकलना बेहद मुश्किल हो गया है।

#### स्कूल जाने में बच्चे करते हैं आनाकानी

विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्रा भी सड़क मार्ग ख़राब होने की दशा में विद्यालय जाने से आना कानी कर रहे है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के दौरान नेता वोट माँगने के दौरान बड़े बड़े वादे करते है। गांव की सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हैं लेकिन चुनाव के बाद गाँव की तरफ़ रुख़ भी नहीं करते है। सालों से पीड़ा झेल रहे ग्रामीण आक्रोशित होकर अब सड़कों में उतरकर विरोध जताने पर मजबूर हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क मार्ग का निर्माण कार्य नहीं कराया जाता तो समूचे ग्राम वासी एक साथ मिलकर भूख हड़ताल पर बैठने मजबूर होंगे।

#### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि तिंगवा-देवरी मार्ग खराब होने का मामला प्रकाश मै आया है। बारिश के मौसम में ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी न हो इसके लिए सड़क निर्माण के लिए जनपद सीईओ को निर्देश दिए गये है।

---

## स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने खास हेल्थ इंश्योरेंस प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी आपके लिए नाम से एक नया हेल्थ प्लान लेकर आई है। यह मध्य प्रदेश के लोगों की खास स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया एक हेल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट है। आपके लिए -बस एक हेल्थ प्लान नहीं है, बल्कि मध्य प्रदेश के लोगों से किया गया एक वादा है, जो राज्य की विशेष मेडिकल स्थितियों के अनुसार कवरेज और उच्च क्वालिटी हेल्थकेयर सुनिश्चित करता है. इस बात को समझते हुए कि स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां, खर्च और उपचार की उपलब्धता अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग होती है।

बजाज आलियांज ने हर किसी के लिए एक जैसे प्लान की बजाय, पर्सनलाइज्ड कवरेज प्रदान करने के लिए आपके लिए को तैयार किया है. यह प्लान मध्य प्रदेश के निवासियों के लिए अस्पतालों की स्थिति और किफायत को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

## 1.73 लाख से अधिक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण

**कटनी**। जिले में अब तक 1 लाख 73 हजार 334 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपादित किया जा चुका है। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को इस कार्य में और अधिक तेजी लाने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि किसानों की प्राथमिकता से फार्मर रजिस्ट्री कराया जाना सुनिश्चित हो। जिले में अब तक बहोरीबंद तहसील में 25 हजार 570 किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ तहसील में 29 हजार 131, रीठी तहसील में 22 हजार 18, ढीमरखेड़ा तहसील में 26 हजार 480 एवं बरही तहसील में 17 हजार 174 किसानों की फार्मर आईडी बनाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं बडवारा तहसील में 16 हजार 130, स्लीमनाबाद तहसील में 17 हजार 17, कटनी नगर में 9 हजार 311 एवं कटनी ग्रामीण में 10 हजार 503 किसानों के फार्मर आईडी बनाये जा चुके हैं। शासन द्वारा पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आईडी का होना अनिवार्य किया गया है। साथ ही फसल बीमा योजना, उर्वरक सब्सिडी, किसान क्रेडिट कार्ड जैसी हितग्राही मूलक योजनाओं का निर्धारण एवं सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक कृषक भूस्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है।

---



## हादसे में बेटी की मौत, मां गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ढीमरखेड़ा थाना की सिलौड़ी चौकी क्षेत्र में हुए एक हादसे में एक युवती की मौत हो गई जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। मां को उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय काजल सेन की अपनी मां के साथ खेत में धान की रोपाई करने गई थी। काम होने के बाद जब वह वापस घर लौट रही थी तो सिलौडी के पास तेज रफ्तार ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में काजल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल मां को तात्कालिक उपचार कर जबलपुर मेडिकल रेफर किया गया है। ग्रामीणों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पाकर सिलौडी चौकी प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे और ऑटो को जप्त कर थाना परिसर में खड़ा करा दिया। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उत्कृष्ट विद्यालय में प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**कटनी**। स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शैक्षणिक गतिविधि के अलावा स्कूली बच्चों के सर्वांगीण विकास शारीरिक क्रियाकलाप द्वारा किया गया। जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षा अनुदेशक प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह, सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी रमसा प्रभारी अभय जैन के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर में दिया गया। मास्टर ट्रेनर शेखर पाठक, अमर सिंह लोधी और जबलपुर से आए सारिका सिंह व सुधीर अवधिया ने शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक शिक्षा के साथ खेलकूद विधाओं से बच्चों को जोड़ने प्रशिक्षित किया। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार छात्र – छात्राओं को उनकी रूचि के अनुसार खेलकूद की गतिविधियों से अवगत कराकर गैजेट्स की लत से दूर कर शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व भवनात्मक विकास करना है। बच्चों को इसके लिए शिक्षक खेल मैदान तक प्रशिक्षित किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी को संबोधित कर कहा कि मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी गई शिक्षा का उपयोग अपने – अपने विघालयो में क्रियन्वित करें जिससे बच्चों का समग्र विकास हो सके। जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षा अनुदेशक प्रशिक्षिण का संचालन व्यायाम शिक्षक महेंद्र सिंह तेवरी ने किया। प्रशिक्षण में सभी 6 विकासखंडों से शिक्षा सहित जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप डांगीवाला, शासकीय उत्कृष्ट विघालय प्राचार्य एम किडो, शैलबाला मैथ्यूज, पुष्पलता दुबे, अर्चना तिवारी, अचृना मनोध्या, प्रमोद डहेलिया, मनोज शुक्ला, हिमांशु दास, राकेश विश्वकर्मा, रामकुमार पटेल, रामसहाय बर्मन, विमल त्रिपाठी, राकेश शर्मा, अजय सिंह, राजेश सराठे, अनिल पटेल, गोमती बेन, मनीषा बडगैया, व स्टाफ की उपस्थिति रहीं।

## हांका गैंग ने सड़क पर आवारा मवेशियों को पकड़ भेजा कांजी हाउस



आवारा मवेशियों के स्वच्छंद विचरण पर रोक लगाने हेतु जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के परिपालन एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम की हांका गेंग द्वारा बुधवार को नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो में अभियान चलाकर 15 गौ वंशों को झिंझरी स्थित कांजी हाउस भेजा गया है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया सुगम एवं सुरक्षित आवागमन सहित नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर निगम प्रशासन द्वारा नगर के मुख्य मार्ग जगन्नाथ चौक, घंटाघर रोड, आजाद चौक, मिशन चौक, सागर पुलिया, डन कालोनी, माधव नगर गेट, उत्कृष्ट विद्यालय के सामने मुख्य मार्ग, समदरिया कालोनी के सामने, माधव नगर मुख्य मार्ग,नदी पार बस स्टैंड मार्ग, खिरहनी ओवर ब्रिज सहित बाजार क्षेत्र के विभिन्न स्थलों में अभियान चलाकर हांका लगाकर मवेशियों को सार्वजनिक मार्गो से हटाने की कार्यवाही की गई है। निगमायुक्त पशुपालकों से अपनें –अपने पालतू पशुओं को निर्धारित स्थलों पर ही बांधकर रखने की अपील करते हुए कहा है कि आवारा विचरण करते पाए जाने पर संबंधित पशुपालकों के विरूद्ध एफआईआर एवं जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

---

## ग्राम पंचायत कचनारी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में गुरुवार 17 जुलाई को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे।

कलेक्टर श्री यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुख-दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

#### यहां होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम

जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार गुरुवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसी प्रकार गुरुवार 31 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल मे, गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में, गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और गुरुवार 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 5 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## छात्राएं मन लगाकर करें पढ़ाई, उज्ववल भविष्य के लिए सरकार कर रही प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद




छात्राएं मन लगाकर पढ़ें, सिर्फ अपनी पढ़ाई की ही चिंता करें। विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उनके भविष्य के लिए बहुत सी योजनाएं शुरू की हैं। गरीब विद्यार्थी भी अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकता है। वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने तक की सुविधा सरकार दे रही है। हायर सेकंडरी परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले हजारों मेधावी विद्यार्थियों को सरकार हर साल लैपटॉप तो स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विद्यार्थियों को स्कूटी वाहन दे रही है। हर साल मुफ्त साइकिलें, मुफ्त गणवेश व कॉपी किताब दे रही है।

उक्त बातें विधायक प्रणय पांडेय ने कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास स्लीमनाबाद में आयोजित सामग्री वितरण कार्यक्रम में कही। विधायक ने छात्राओं को खूब मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करने तथा अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने की सीख देते हुए शिक्षकों को भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की बात कही।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रणय पांडेय ने छात्रावास को तीन लाख रूपये की विधायक निधि से विभिन्न सामग्रियां भेंट की जिसमें चार जम्बो कूलर, डबल डोर फ्रिज, दो वाटर कूलर, दो गीजर, स्पोर्ट्स किट के साथ गणवेश, पुस्तको सहित विभिन्न सामग्रियां वितरित की। विधायक की शिक्षा के प्रति यह अनुकरणीय पहल देख उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारी-कर्मचारियों ने विधायक की सराहना कर बधाई दी। कार्यक्रम के अंत मै एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधेरोपण किया गया।

इस दौरान एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी,रतन गुप्ता, चंद्रशेखर अग्रहरी,रवि दुबे भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, राहुल सिंह ठाकुर, सुनील गुप्ता, डीपीसी प्रेमनारायण तिवारी, एपीसी प्रतिभा गर्ग, बीआरसी प्रशांत मिश्रा,थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया, संकुल प्राचार्य डी के ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी उपस्थित रहे।

---

नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम

## दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशा से दूर करने किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे विशेष जन-जागरूकता अभियान "नशे से दूरी है जरूरी" के तहत कटनी जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में आज नशा मुक्ति से संबंधित विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज की स्थापना की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

जिले भर में आयोजित प्रमुख कार्यक्रम- थाना रीठी अंतर्गत महावीर चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल, रीठी में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहरिया एवं उप पुलिस अधीक्षक उमराव सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय द्वारा विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए गए तथा उन्हें नशा मुक्त समाज की शपथ दिलाई गई।

चौकी निवार प्रभारी उपनिरीक्षक नेहा मौर्य द्वारा शा. उ. मा. शाला, पहाड़ी निवार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में करीब 200 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शपथ दिलाई गई। थाना कुठला द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर, इंदिरा नगर में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया।

थाना बहोरीबंद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र शर्मा द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय, बहोरीबंद में 400 से अधिक विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। थाना बाकल द्वारा विद्यातन स्कूल, बाकल में लगभग 70 छात्रों को जागरूक किया गया एवं शासकीय व निजी वाहनों पर बैनर लगाए गए।कटनी रेस्तरांसबसे अच्छे ऑनलाइन कोर्स चौकी बिलहरी द्वारा हाई स्कूल, बिलहरी में स्कूली बच्चों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

चौकी झिंझरी द्वारा रघुवंश हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों एवं शिक्षकों को जागरूक कर शपथ दिलाई गई। थाना उमरिया पान द्वारा पुष्कर पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। चौकी बस स्टैंड (थाना कोतवाली) द्वारा शासकीय उ.मा. विद्यालय, खरखरी में विद्यार्थियों व शिक्षकों को नशा मुक्त समाज के प्रति जागरूक किया गया। थाना रंगनाथनगर द्वारा शासकीय विद्यालय, कावस जी वार्ड में 30 विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम समझाकर उन्हें संकल्प दिलाया गया। थाना एनकेजे द्वारा शासकीय विद्यालय में 40 विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम समझाकर उन्हें संकल्प दिलाया गया।

थाना बरही पुलिस द्वारा आर.सी. हायर सेकेंडरी स्कूल बरही में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा उन्हें नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

#### नशा मुक्त जीवन की दिलाई शपथ

थाना स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा कस्तूरबा गांधी छात्रावास में विधायक बहोरीबंद प्रणय पांडे की गरिमामयी उपस्थिति में छात्राओं को नशा के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया एवं उन्हें नशा मुक्त जीवन की शपथ दिलाई गई।

## जलभराव की शिकायतों का हुआ शीघ्र निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अतिवर्षा के दौरान जलप्लावन की समस्या हेतु चिन्हित नाले नालियों के जाम एवं सिल्ट आदि की सफाई कराकर जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर निगम प्रशासन के स्वास्थ्य अमले द्वारा नाले -नालियों की सफाई कराकर वर्षा जल निकासी के प्रयास निरंतर जारी है। इसके अलावा दैनिक सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो, सार्वजनिक मार्गो सहित बरगवां ओव्हर ब्रिज की सफाई की जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया।

#### यहां की गई सफाई

इसी क्रम में बुधवार को मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित श्री हास्पिटल के सामनें स्थित स्थित चेंबर की स्वच्छता दूतों तथा बडे नाले की शिल्ट की जे.सी.बी मशीन के माध्यम से सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। सुगम जल निकासी को दृष्टिगत रखते हुए रघुनाथ गंज वार्ड स्थित खोवा गली की नालियों सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई के साथ ही लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित वल्लभ नगर, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित तिलक कालेज के पीछे,जेसीबी मशीन से नाले की सफाई, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, बाबू जगजीवन राम वार्ड मुख्य मार्ग व जगमोहन दास वार्ड सिद्ध बाबा कॉलोनी मे सार्वजनिक नालियों से होनें वाली वर्षा जल की निकासी के दौरान पन्नी एवं अन्य अवरोध उत्पन्न होनें पर नालियों के जाम की सफाई कराई जाकर वर्षा जल निकासी का कार्य किया गया।

# “नशे से दूरी, है जरूरी” अभियान की गूंज

## -पुलिस की पहल से स्कूलों में नशामुक्ति का संदेश, 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया संकल्प

हरिभूमि, जबलपुर।

**मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में 15 से 30 जुलाई तक चल रहे “नशे से दूरी, है जरूरी” अभियान के तहत जबलपुर जिले में मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से बचाकर, समाज को सुरक्षित और नशामुक्त बनाना है।**



जिले में संचालित इस अभियान को पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। अभियान की निगरानी एएसपी सिटी आनंद कलादगी, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा द्वारा की जा रही है। थाना ग्वारीघाट, ओमती, हनुमानताल, रांझी, पाटन, शहपुरा, बरगी, कटंगी सहित अन्य क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने विभिन्न विद्यालयों में जाकर जागरूकता रैलियां, संवाद सत्र एवं नशे से होने वाले दुष्प्रभावों पर परिचर्चाएं आयोजित कीं।

### ओमती,रांझी में दिलाई शपथ-

गुरु नानक स्कूल में ओमती थाना से एसआई प्रशंसा तांडिया, रांझी क्षेत्र में एसआई प्रियंका तिवारी सहित अन्य थाना प्रभारियों ने बच्चों से सीधे संवाद कर उन्हें नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने इन गतिविधियों में भाग लिया और नशामुक्त समाज की शपथ ली।

### रैली में गूंजे नारे-

थाना पाटन में निकाली गई रैली ने आम नागरिकों को भी जागरूक किया। “नशा छोड़ो, भविष्य संवारो” जैसे नारों से सड़कों पर गूंजते संदेश ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।



# नारायणा ने लांच किया नारायणा स्कॉलस्टिक एप्टिट्यूड टेस्ट

## 1 करोड़ रुपये तक कैश प्राइज, 50 करोड़ रुपये तक की स्कॉलरशिप

जबलपुर।

शैक्षणिक संस्था नारायणा ग्रुप ने नारायणा कोचिंग सेंटर शाखा जबलपुर द्वारा नारायणा स्कॉलस्टिक एप्टिट्यूड टेस्ट (एनएसएटी) 2025 का शुभारंभ किया है। संस्था प्रमुख सत्य प्रकाश पांडे व डायरेक्टर रीतेश कुमार संस्था के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एनएसएटी का यह 20 वां संस्करण है। अक्टूबर 2025 में होने वाले इस टेस्ट में कक्षा 5वीं से लेकर 11वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक प्रतिष्ठित राष्ट्र स्तरीय योग्यता परीक्षा स्कॉलस्टिक एप्टिट्यूड टेस्ट (एनएसएटी) 2025 है। डीजीएम डब्लूबी पोसी श्यादा, डीजीएम सीजी हरि कृष्णा, एजीएम जबलपुर अनिल कुमार ने बताया कि ये टेस्ट उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अपनी अकादमिक क्षमता का परीक्षण करने, अपनी क्षमताओं को सामने लाने और आकर्षक स्कॉलशिप एवं पुरस्कार जीतने का मौका प्रदान करता है। एनएसऐटी का 20वां संस्करण अब तक का सबसे प्रभावशाली होगा, जो देशभर के 3,000 से अधिक स्कूलों के छात्रों तक पहुंचेगा। साइंस, गणित और मेंटल एबिलिटी के मूल्यांकन के साथ एनएसऐटी तार्किक सोच को बढ़ावा देता है और एक समान मंच तैयार करता है। 100% तक की छात्रवृत्तियाँ दी जाएंगी ताकि प्रतिभाशाली छात्रों को उनके सपनों को पूरा करने में पूरा सहयोग मिल सके। संस्था महाकोशल रीजन के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को इस टेस्ट में बैठने के लिए एप्रोच करेगी, ताकि प्रतिभाशाली विद्यार्थी इस अवसर का लाभ उठा सकें।



# एलायंस क्लब मारबल रॉक्स का मनाया स्थापना दिवस

जबलपुर।

एलायंस क्लब जबलपुर मारबल रॉक्स के स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जबलपुर के हॉस्पिटल में सेवा कार्य करने वाली नर्सों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जबलपुर हॉस्पिटल की वंदना विनोदिया, मेट्रो हॉस्पिटल की साधना सिंह, सान्य प्राइम डायग्नोस्टिक के मुकुल गुरु का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अखिलेश गुमास्ता (हड्डी रोग विशेषज्ञ), विशिष्ट अतिथि डॉ. विकास सावला (हड्डी रोग विशेषज्ञ) थे। संस्था अध्यक्ष सतीश साहू, लेडिज अध्यक्ष प्रीति श्रीवास्तव, सचिव प्रीयंक श्रीवास्तव, लेडिज सचिव सुमन राय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कमल चौरसिया, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मनीष खरे, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विनोद तिवारी, डिस्ट्रिक्ट सचिव विभा ब्यौहार, कविता सराफ, सुमन राय, दिलीप पटारिया, संजय सोनी, डॉ. संजय सोनी, प्रो. एलपीएस राजपूत, रंजना गुप्ता, खुमेश गढ़ेवाल, शुभि गढ़ेवाल, राजकुमार , अनुपम ब्यौहार, अंकुर श्रीवास्तव, गिरीश राय, आरएन खरे, बीएम श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## युवक का मोबाइल लूटकर भागे लुटेरे

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत काली जी के मंडप के पास रोड किनारे मोबाइल पर बात कर रहे एक युवक के हाथ से एक्टिवा में सवार दो अज्ञात लड़कों ने मोबाइल लूटकर ले गए। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिनगर गली नंबर 21 निवासी राज हल्दकार गत दिवस अपने घर से गली नंबर 20 की ओर काली जी के मंडप के पास रोड किनारे मोबाइल पर बात करते हुए जा रहा था। शाम लगभग 5.30 बजे सामने से एक एक्टिवा में दो अज्ञात लड़के आये और उसके हाथ से मोबाइल झपटकर छीन कर भाग गये। स्कूटी ला रहा लड़का ब्लैक कुर्ता एवं पीछे बैठा लड़का लाल चैक शर्ट पहना था। पुलिस ने अज्ञात दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 304(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

## कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह और डीआईजी अतुल सिंह की मौजूदगी में हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि, जबलपुर।

सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ द्वारा बुधवार को होटल गुलज़ार में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस विभाग से जुड़े मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी बोर्ड परीक्षा (10वीं एवं 12वीं) में 90% से अधिक अंक अर्जित करने पर प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह रहे, वहीं अध्यक्षता डीआईजी अतुल सिंह ने की। विशिष्ट अतिथियों में कमांडेंट सिद्धार्थ चौधरी, एएसपी आनंद कलादगी, एसपी विशेष शाखा आशीष खरे




एवं एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा शामिल रहे। सम्मानित छात्र-छात्राओं में 12वीं की पूर्वी सिंह, चाहत त्रिपाठी, सिद्धी शर्मा, वेदिका मिश्रा और 10वीं की अस्मिता खपरिया, रितिका राम, स्नेहा दुबे, अंशिका अहिरवार, मानस पांडे, अनुराग बघेल, सुक्ति यादव, चार्वी बघेल, उज्जवल नेगी, अनवेशा सिंह आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में रुस्तमजी अवार्ड से सम्मानित अधिकारियों में राजेश तिवारी (परम विशिष्ट श्रेणी), गोपाल खांडेल, भावना मरावी, रविंद्र गौतम, प्रभात शुक्ला और अन्य सेवानिवृत्त निरीक्षक व आरक्षक शामिल रहे। मंच संचालन अखिल वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक सेवानिवृत्त अधिकारी एवं परिजन मौजूद रहे।



## वॉकहार्ट हॉस्पिटल, नागपुर में ब्रेन और स्पाइन ट्यूमर की अत्याधुनिक सर्जरी

**नागपुर।** वॉकहार्ट हॉस्पिटल, नागपुर में अब ब्रेन और स्पाइन ट्यूमर का अत्याधुनिक और सुरक्षित इलाज उपलब्ध है, जिसका नेतृत्व कर रहे हैं डॉ. कार्तिक मुल्तानी, कंसल्टेंट ब्रेन और स्पाइन सर्जन। टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल से न्यूरो-ऑन्कोलॉजी में प्रतिष्ठित फेलोशिप प्राप्त डॉ. मुल्तानी अब विदर्भ और मध्य भारत में विश्वस्तरीय सर्जिकल सुविधा प्रदान कर रहे हैं। ट्यूमर के इलाज में जहां एक ओर पूर्ण निष्कासन जरूरी है, वहीं दूसरी ओर मस्तिष्क और मेरुदंड के कार्यों की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। इस संतुलन को बनाए रखने में डॉ. मुल्तानी द्वारा उपयोग की जा रही तकनीकें अत्यंत सहायक हैं। वॉकहार्ट हॉस्पिटल, नागपुर में उपलब्ध सुविधाएं- न्यूरोनेविगेशन सिस्टम सर्जरी के लिए सटीक लोकेशन गाइड, हाई-एंड माइक्रोस्कोप-माइक्रो-सर्जरी के लिए, CUSA (कविट्रॉन अल्ट्रासोनिक सर्जिकल एस्पिरेटर) ट्यूमर को सुरक्षित तरीके से हटाने के लिए, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, एडवांस ICU और 24x7 आपातकालीन सेवाएं।

## पेंशनर्स 22 को सौंपेंगे राज्यपाल के नाम ज्ञापन

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसियेशन के प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी के आह्वान पर राज्य के साढ़े चार लाख पेंशनर्स अपनी लंबित चार सूत्रीय मांगों के लिए मप्र शासन की हठधर्मिता से आक्रोशित होकर 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे घंटाघर ओमती में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए अपना मांग पत्र राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर जबलपुर को सौंपेंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी भाग लेंगे। संगठन के एचपी उरमलिया, शेषमणि पांडेय, एमएल चौकसे, मोहन अग्रवाल, डॉ. आरके चतुर्वेदी, डीपी दुबे, इंजी. उमेश दुबे, आरपी चौबे सहित अन्य ने सभी पेंशनर्स से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# मेहरा समाज महासंघ का राष्ट्रीय प्रांतीय कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**जबलपुर।** मेहरा समाज महासंघ के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी पदाधिकारी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम मेहरा समाज महासंघ मुख्यालय 1026, आमनपुर मदन महल, जबलपुर में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश के जबलपुर, मंडला, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, डिंडौरी, नरसिंहपुर, होशंगाबाद, भोपाल, इंदौर, खंडवा, मुलताई, बैतूल आदि सभी जिलों से मेहरा समाज महासंघ के प्रतिनिधि शामिल हुए। राष्ट्रीय संयुक्त सचिव सुभाष डेहरिया ने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी मीना मेहरा द्वारा मेहरा




समाज महासंघ के पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मीडिया प्रभारी हरि मेहरा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमराज झारिया, आरके मेहरा राष्ट्रीय महासचिव, इंजीनियर और के. दास राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, सुभाष डेहरिया राष्ट्रीय संयुक्त सचिव, एडवोकेट बलदास डेहरिया प्रांतीय अध्यक्ष, कमला डेहरिया राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष, अंजू डेहरिया प्रांतीय महिला अध्यक्ष के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमराज झारिया ने बताया कि वर्षा के कारण शपथ ग्रहण का आयोजन सादे समारोह के रूप में संपन्न हुआ।



## हरिनाम संकीर्तन में थिरके भक्तजन

**जबलपुर।** श्री चैतन्य महाप्रभु मण्डल के संयोजकत्त्व में संकीर्तन माला के छठवें दिवस धनवंतरी नगर स्थित माँ शशि छाया भवन में संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे के सान्निध्य में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरि हरि बोल, हरि बोल हरि बोल,राधे गोविंद राधे आदि भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम में संयोजक देवेन्द्र नेमा,संजय नेमा, पं.कमल कुमार शुक्ला, अवधेश गौतम, सुदेश श्रीवास्तव, डॉ.संदीप नेमा, श्रीराम झरिया, रामकांत नेमा, चंदा दीक्षित, संगीता विश्वकर्मा, सीमा चौबे, सत्यप्रकाश नामदेव, प्रभाकर चतुर्वेदी, अवधेश खरे, मोनी विश्वकर्मा, अमित विश्नोई, विशाल पंड्या, धीरज वंशकार आदि उपस्थित रहें।

# आदिवासी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह संपन्न

**जबलपुर।** होटल सत्य रक्षा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आदिवासी शासकीय अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्र जिन्होंने सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त किया है तो उनका सम्मान संघ द्वारा किया गया है। यह कार्यक्रम के द्वारा आदिवासी शासकीय अधिकारी/ कर्मचारी संघ जबलपुर का तृतीय प्रांतीय महासम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिसिंह गौड़ मुख्य अभियंता, डॉक्टर हरिशंकर मरकाम मेडिकल कॉलेज द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष राजेश सिंह गोंड और उप प्रांताध्यक्ष एसपी मरावी के साथ सभी सामाजिक संगठनों के



पदाधिकारियों और आदिवासी छात्र-छात्राओं के साथ सभी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिसका सभी लोगों ने तालियों से उत्साह वर्धन किया।आरके धुर्वे, डॉ. विजय आनंद मरावी, आरएस मर्सकोले, बृज लाल चौके, डॉक्टर एलएस मरावी, डॉक्टर हेमंत तिलगाम, केएस मरकाम, संतलाल टेकाम, बृजमोहन भलावी, महिपाल आर्मो, एसके प्रधान, मुनीराम मरावी, सुरेंद्र मरावी, मुकेश वरकड़े, लक्ष्मी बरकड़े सोहन सोयाम, गिरीश धुर्वे, महेश भलावी, दिलीप कुमार मार्को, तेजभान मरावी, हीरालाल परस्ते आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मप्र में धान घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग

**जबलपुर।** न केवल जबलपुर बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में व्यापक पैमाने पर किए गए धान मिलिंग घोटाले पर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि सिर्फ जबलपुर जिले में 43.02 करोड़ का घोटाला अकेले जबलपुर में उजागर हुआ है। पूरे प्रदेश में अरबो खरबो के घोटाले से इंकार नहीं किया जा सकता है। लिहाजा इस पूरे मामलें की जांच राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीई) से कराए जाने की मांग की गई। इस मांग को लेकर आज 17 जुलाई गुरुवार को सुबह 10.30 राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तंखा को उपभोक्ता मंच द्वारा ज्ञापन सौंपकर चर्चा की जाएगी। उपभोक्ता मंच के प्रांताध्यक्ष डॉ पीजी नाजपांडे का आरोप है कि धान खरीदी और धान परिवहन में जबलपुर जिले में व्यापक स्तर पर गड़बड़ियां की गई। स्थानीय स्तर पर ही खाद्य आपूर्ति विभाग और सरकारी कर्मचारियों की मिली भगत से करोड़ों रुपयों का धान घोटाला उजागर हुआ। जिला प्रशासन द्वारा आरोपियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस प्रशासन द्वारा ईनाम घोषित किया गया है। डॉ नाजपांडे का कहना है कि धान घोटाले के तार महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ तक फैले है।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, JAGDISH PRASAD is legally Father of No 15709058X Rank HAV Name SUNIL KUMAR presently, residing at VILL-LAKHA KI NANGAL, PO-NATHA KI NANGAL, TEH-NEEM KA THANA, DISTT-SIKAR (RAJASTHAN)-332711 I, have changed of my name and date of birth from name JAGDEESH PRASAD and date of birth 15/08/1963 (Name and date of birth as per my SON, Army service records) to name JAGDISH PRASAD and date of birth 02/04/1970 (name and date of birth as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 16/07/2025 formerly before Public Notary MP HIGH COURT, JABALPUR

CORRECT NAME JAGDISH PRASAD
CORRECT DATE OF BIRTH- 02/04/1970
INCORRECT NAME JAGDEESH PRASAD
INCORRECT DATE OF BIRTH- 15/08/1963

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/25-26
दिनांक:- 16/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री तेजभान सिंह पिता श्री लाखन सिंह ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के प्लाट नं. 22 वेयर हाउस रोड कजरवाड़ा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000105228 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1000 व.फु. विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्री कौमदी पाठक पति श्री उदय नाथ पाठक का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

# 52 एकड़ में 324 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रही नई विधानसभा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का सोमवार से शुरू मानसून सत्र मौजूदा विधानसभा भवन का आखिरी सत्र होगा। उधर नवा रायपुर में नया विधानसभा भवन तैयार किया जा रहा है। इसका निर्माण लगभग पूरा हो गया है, इंटीरियर का काम अंतिम दौर में है। माना जा रहा है कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र दिसंबर में होगा, इससे पहले 1 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों नई विधानसभा का लोकार्पण होगा। छत्तीसगढ़ की नई विधानसभा भवन परियोजना नवा रायपुर के सेक्टर-19 में 52 एकड़ के विशाल क्षेत्र में तेजी से निर्माणाधीन है। यह भवन न केवल राज्य की लोकतांत्रिक चेतना और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक होगा।

## नवा रायपुर में नई विधानसभा में होगा शीत सत्र

### ये हैं प्रमुख सुविधाएं

500 दर्शकों की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक ऑडिटोरियम होगा। 700 कारों की पार्किंग सुविधा। परिसर में दो 1.5-1.5 एकड़ के सरोवरों का निर्माण प्रस्तावित है। सांस्कृतिक संग्रहालय, छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति को प्रदर्शित करने वाला एक संग्रहालय बनाया जा रहा है। साथ ही हरित ऊर्जा के लिए 300 किलोवाट सौर पैनल की स्थापना की जा रही है। फायर फाइटिंग सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और अत्याधुनिक ऑडियो-वीडियो प्रणाली स्थापित की जा रही है।



### नक्शा और लेआउट

नवा रायपुर के सेक्टर-19 में स्थित यह भवन राष्ट्रीय राजमार्ग 30 और 53 से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। परिसर का लेआउट इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि यह कार्यक्षमता और सौंदर्य का संगम हो। मुख्य प्रवेश द्वार सेक्टर-19 के उत्तरी भाग में, जो राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधे जुड़ा है। परिसर के मध्य में सेंट्रल हॉल के साथ तीन विंग त्रिकोणीय संरचना में व्यवस्थित। संग्रहालय और ऑडिटोरियम दक्षिणी भाग में, जो आगंतुकों के लिए सुलभ होगा। परिसर के चारों ओर उद्यानिकी और हरित क्षेत्र, जो पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने का काम करेंगे।

# एसजीजीयू के पूर्व कुलपति पेंशन के साथ चार सालों तक लेते रहे पूरा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर



संत गहिरा गुरु विवि के बर्खास्त पूर्व कुलपति प्रो.अशोक सिंह अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर नियम विरूद्ध तरीके से बीएचयू के अपने पूर्व पद के विरूद्ध पेंशन राशि के साथ ही कुलपति का पूरा वेतन लेते रहे। कुलपति के अपने चार साल के कार्यकाल में उन्होंने शासन का 54 लाख रूपए आहरित कर लिया है। इसका खुलासा होने के बाद विवि के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। विवि प्रबंधन ने पूर्व कुलपति को अधिक ली गई लाखों की राशि लौटाने नोटिस जारी किया है।कुलाधिपति द्वारा काशी हिन्दू विवि के प्राध्यापक प्रो.अशोक सिंह की नियुक्त 2 अगस्त 2021 को एसजीजीयू के कुलपति पद पर की गई थी।

### वित्तीय अनियमितता के आरोप में बर्खास्तगी

पूर्व कुलपति प्रो.अशोक सिंह पर वित्तीय अनियमितता के अनेक गंभीर आरोप लगे थे। राज भवन एवं राज्य सरकार ने आरोपों की अलग-अलग स्तर पर जांच कराने के उपरांत उन्हें अगस्त 2024 को बर्खास्त कर दिया।

### अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

नियुक्ति उपरांत कार्यभार ग्रहण करने के दौरान कुलपति अपनी सेवानिवृत्ति की सूचना के साथ ही संबंधित परिपत्र विवि को उपलब्ध कराते हैं। विवि के कुल सचिव एवं वित्त अधिकारी संबंधित दस्तावेज उपलब्ध होने के बाद ही पेंशन राशि की कटौती कर वेतन का भुगतान करते हैं। एसजीजीयू के तत्कालीन अधिकारी पूर्व कुलपति के पेंशन आदि की जानकारी लिए बिना पूरे वेतन का भुगतान करते रहे तथा चाल साल में 54 लाख 3 हजार 428 रूपए का अधिक भुगतान कर दिया जिसकी वसूली अब मुश्किल हो गई है।

### भेजी गई थी नोटिस

मामला संज्ञान में आते ही बीएचयू से पूर्व कुलपति प्रो.अशोक सिंह के पेंशन संबंधी जानकारी मंगाई गई। मामले में अधिक ली गई राशि को लौटाने ब्योरे सहित नोटिस पंजीकृत डाक से भेजी गई थी जिसे लेने से उन्होंने इंकार कर दिया है। मामले की जानकारी राजभवन को दी गई है। शासकीय राशि की वापसी के लिए पुलिस का सहयोग लिया जाएगा।

-डॉ. एसपी त्रिपाठी, कुलसचिव, एसजीजीयू

## 7 करोड़ के घोटाले में विशेष न्यायालय दंतेवाड़ा में चालान पेश

# तेंदूपता घोटाले में 45 सौ पेज का चालान डीएफओ ने प्रबंधकों से लिए 83 लाख

### ऐसे हुई बंदरबांट

अशोक कुमार पटेल डीएफओ
91 लाख 90 हजार
पोषक अधिकारी
2 लाख 60 हजार
स्थानीय नेता
7 लाख 50 हजार
पत्रकार
5 लाख 90 हजार
प्रबंधक
2 करोड़ 8 लाख

### सुकमा के पूर्व डीएफओ अशोक कुमार पटेल 4 वनकर्मी व 7 प्रबंधक हैं आरोपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तेंदूपत्ता बोनस घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने 14 आरोपियों के खिलाफ 4500 पेज का चालान दंतेवाड़ा के विशेष कोर्ट में आज पेश किया है।

हरिभूमि फॉलोअप

तत्कालीन सुकमा के पूर्व वनमंडलाधिकारी अशोक कुमार पटेल ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए वर्ष 2021-22 के तेंदूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक में संग्राहकों को दी जाने वाली राशि लगभग 7 करोड़ का बंदरबांट किया था। जांच में पाया गया कि अशोक पटेल ने वन विभाग के अधिकारियों व प्राथमिक लघुवनोपज समितियों के प्रबंधकों व पोषक अधिकारियों के साथ मिलकर इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया था।

### बोनस के बारे में अनभिज्ञ ग्रामीण, नौ समिति टारगेट में

बस्तर क्षेत्र के घोर नक्सल एवं अति संवेदनशील आदिवासी बहुल क्षेत्र में तेंदूपत्ता वहां के निवासियों की आजीविका का अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है। इसके माध्यम से वे अपने परिवार का जीवनयापन करते हैं। इस मामले की जांच व विवेचना के दौरान मड़ईगुड़ा, गोलापल्ली, किस्टाराम, जगरगुण्डा, चिंतलनार, चिंतागुफा, भेज्जी, कोंटा तथा पोलमपल्ली के दूरस्थ अंदरूनी एवं पहुंचविहीन मार्गों में जाकर ग्रामीणों से पूछताछ करने पर ग्रामीणों ने बोनस स्कीम के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की और जांच एजेंसी को मामले में महत्वपूर्ण साक्ष्य दिए, जिसके बाद इस मामले में अन्य 9 समितियों के संबंध में जांच वर्तमान में भी जारी है।

### 30 पन्नों की समरी में घोटाले की कहानी

- घोटाले बाज अफसरों ने स्थानीय राजनेताओं और मीडियाकर्मियों को भी साधा था
- मनीष कुंजाम का मोबाइल हैंडसेट परीक्षण के लिए भेजा गया है।
- जेल में बंद निलंबित डीएफओ के मोबाइल और लैपटॉप को भी साइबर लैब भिजवाया गया
- चालान में अशोक पटेल को बताया गया मुख्य षड्यंत्रकर्ता और मास्टरमाइंड
- अशोक पटेल ने घोटाले से 91 लाख 90 हजार रुपए खुद हजम किए
- स्थानीय नेता को साढ़े सात लाख रुपए दिए गए
- स्थानीय पत्रकारों को खबर दबाने के लिए पांच लाख नब्बे हजार रुपए दिए गए

### प्रबंधकों से पैसे लिए, नकद निकासी की

डीएफओ ने रैकेट बनाकर प्रबंधकों से 10 लाख से 15 लाख रुपए तक लिए। कुल 83 लाख रुपए की वसूली की। उस पैसे का उपयोग डीएफओ ने अपने निजी कार्य में किया। समितियों पर कोई कार्यवाही नहीं की।

# होटल सागर इंटरनेशनल के मालिक के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ईडी की टीम ने रेलवे के बड़े ठेकेदार के ठिकानों पर दबिश दी। जानकारी के मुताबिक दुर्ग के दीपक नगर स्थित होटल सागर इंटरनेशनल के संचालक विजय अग्रवाल के घर और ऑफिस में ईडी की टीम पहुंची। टीम में 6 से अधिक कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे। उक्त दोनों ही जगहों पर जांच की गई। खबर है कि 70 लाख रुपए नगदी मिला है। ईडी ने विजय अग्रवाल के बड़े भाई शरण अग्रवाल के महारानी बाग दिल्ली स्थित निवास में भी जांच की है। जहां से 15 करोड़ रुपए नगदी मिलने की जानकारी मिली है। हालांकि ईडी के टीम ने मिलने की पुष्टि नहीं की

- पहले रेल नीर घोटाले में सामने आ चुका है नाम



### अग्रवाल के सीए को भी किया तलब

खबर है कि विजय अग्रवाल के सीए को भी तलब किया गया है। बता दें कि दोनों भाइयों के नाम से अलग-अलग नाम से कई फर्म हैं। तीन भाइयों के इस ग्रुप के परिवार से जुड़े सदस्यों को छत्तीसगढ़ में भी पिछली सरकार में मिड डे मील का एक बड़ा काम मिला था। छोटे भाई अरुण की पहले ही मृत्यु हो चुकी है।

### रायपुर में भी बड़ा होटल

ईडी सूत्रों ने बताया कि इससे पहले विजय और शरण का नाम रेल नीर घोटाला में भी सामने आया था। उनका रायपुर में एक बड़ा होटल कोर्टयार्ड मैरियट भी है। बहरहाल ईडी ने किन कारणों से दोनों जगह दबिश दी है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। माना जा रहा है कि पप्पू बंसल से विजय अग्रवाल के संबंध और सरकारी महकमे के बड़े अधिकारियों से सांठगांठ की मिली जानकारी के बाद यह जांच की जा रही है। फिलहाल जांच के बाद ही असली कारणों का पता चला पाएगा।

# सीसीटीवी से लैस होंगे रेलवे कोच-इंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा फैसला किया है। अब देशभर के सभी पैसेंजर कोचों और इंजनों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यह फैसला कुछ कोचों में किए गए सफल परीक्षणों के बाद लिया गया है। रेल यात्रा के दौरान कई बार शरारती तत्व और गिरोह यात्रियों को निशाना बनाते हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे ने कोचों में निगरानी बढ़ाने का निर्णय लिया है। सीसीटीवी कैमरे इन घटनाओं की पहचान और रोकथाम में मदद करेंगे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि उत्तर रेलवे के लोको इंजन और कोचों में सफल परीक्षण किए जा चुके हैं।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णवने सभी 74,000 कोचों और 15,000 लोको में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमति दे दी है। प्रत्येक रेलवे कोच में 4 डोम सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। प्रत्येक प्रवेश मार्ग पर 2 और प्रत्येक लोकोमोटिव में 6 सीसीटीवी कैमरे होंगे। इनमें लोकोमोटिव के आगे, पीछे और दोनों तरफ 1-1 कैमरा शामिल होगा। प्रत्येक लोको के कैब (आगे और पीछे) में 1 डोम सीसीटीवी कैमरा और 2 डेस्क माउंटेड माइक्रोफोन लगाए जाएंगे।

यात्रियों की प्राइवेसी का पूरा ध्यान

सीसीटीवी कैमरे सिर्फ सामान्य आवागमन क्षेत्रों (जैसे

### यात्रियों की सुरक्षा को मिलेगी नई ताकत




### आधुनिक तरीके से होगी समस्याओं की निगरानी

अधिकारियों के अनुसार, सीसीटीवी कैमरे नवीनतम मानकों वाले होंगे और एसटीक्यूसी प्रमाणित होंगे। केंद्रीय रेल मंत्री ने सर्वश्रेष्ठ उपकरणों की तैनाती पर जोर दिया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि 100 किमी प्रति घंटे से अधिक गति से चलने वाली ट्रेनों और कम रोशनी की स्थिति में भी उच्च गुणवत्ता वाली फुटेज उपलब्ध हो। मंत्री ने अधिकारियों को इंडिया एआई मिशन के सहयोग से सीसीटीवी कैमरों द्वारा कैप्चर किए गए डेटा पर एआई के उपयोग की संभावना तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

### प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**मिर्जापुर।** जिगना थाना क्षेत्र में ट्रेन के सामने कूदकर एक युवक-युवती ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। प्रेमी जोड़े की पहचान शिवम सोनकर (21) और उसी जिले के चकडीहा की निवासी अंजली धरिकार (20) के रूप में हुई है।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### खुद को आग लगाने वाली छात्रा गंभीर

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर स्थित कॉलेज परिसर में कथित यौन उत्पीड़न के बाद खुद को आग लगाने वाली 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा की हालत 'बेहद गंभीर' है और वह लगभग 95 प्रतिशत तक झुलस गई है। भुवनेश्वर स्थित एम्स के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। छात्रा को शनिवार को एम्स में भर्ती कराया गया था।

## परीक्षाओं में चयन नहीं होने पर अपनाया शॉर्टकट

# सिविल इंजीनियर युवती ने यू-ट्यूब से सीखा नकल का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

पीडब्ल्यूडी में असिस्टेंट इंजीनियर की परीक्षा में नकल मारते पकड़ी गई जशपुर की परीक्षार्थी अनू सूर्या ने सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। जशपुर से प्रारंभिक पढ़ाई करने के बाद उसने अंडमान से इंजीनियरिंग पूरी की। युवती जेईई और दूसरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। लगातार परीक्षाओं में चयन नहीं होने पर उसने नकल का सहारा लेने का फैसला लिया और पकड़ी गई। हरिभूमि ने जब उससे बात की तो उसे इस बात का पछतावा है और अब अपने कैरियर को लेकर आशंकित है। हालांकि उसने किसी भी गिरोह के इसमें शामिल होने की बात से इंकार किया और कहा कि कुछ नंबर अधिक पाने के लिए इस इलेक्ट्रानिक गजेट का सहारा लिया। इसके लिए यू ट्यूब चैनल से तरीका भी सीखा। इस युवती ने वाकी टाकी से लेकर, माइक्रो कैमरा, ब्लूटूथ डिवाइस और दूसरे सामान आनलाइन मंगाए थे।

हरिभूमि फॉलोअप

- वाकी टाकी से लेकर, माइक्रो कैमरा, ब्लूटूथ डिवाइस और दूसरे सामान आनलाइन मंगाए थे



परीक्षा में पकड़ी गई दो युवतियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज
सब इंजीनियर परीक्षा में नकल, स्पाई कैमरे से बहन को भेजा पेपर, वॉकी-टॉकी से मिले जवाब

**अंडमान से 6 महीने पहले जशपुर शिफ्ट हुए :** पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि युवती अन्नू सूर्या के पिता कलेश्वर राम कुनकुरी में रहते हैं और पेशे से मजदूर हैं। कमाने खाने के लिए वह अंडमान गए थे और वहीं की महिला से विवाह कर लिया। नकल में पकड़ी गईं दोनों युवतियां भी अपने माता-पिता के साथ अंडमान में रहती थीं। वहीं से उनकी पढ़ाई हुई है। करीब छह महीने पहले उनका परिवार जशपुर में आकर शिफ्ट हुआ है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि उन्होंने डिवाइस कब मंगाई है। डिवाइस मिलने के बाद युवती या उसकी बहन किसी और प्रतियोगी परीक्षा में शामिल तो नहीं हुई हैं।

### केन्द्र पहुंचने के बाद सेटअप तैयार किया

परीक्षार्थी अन्नू सूर्या जशपुर से अपनी बहन के साथ कार में बिलासपुर आई थी। परीक्षा केंद्र के अंदर पहुंचने के बाद उसने बाथरूम में जाकर टैबलेट और वॉकीटॉकी से नकल कराने का सेटअप तैयार किया। हालांकि क्लास रूम में पहुंचने के बाद यह वाकीटाकी डिस्कनेक्ट हो गया और बाहर बैठी अपनी बहन से उसका संपर्क टूट गया। इसके बाद अन्नू सूर्या परीक्षा शुरू होने के थोड़ी देर बाद फिर बाथरूम पहुंची और फिर से डिवाइस को कनेक्ट करने की कोशिश की लेकिन असफलता हाथ लगी। इससे परीक्षार्थी एक भी प्रश्न का नकल नहीं कर सकी और पकड़ी गई।

### कालीसिंध नदी में गिरी कार, दो की मौत

**देवास।** मप्र के देवास जिले में एक पुलिया पर एक कार के अनियंत्रित होकर कालीसिंध नदी में गिर जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा जिले के बागली तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोखापीपल्या के पास इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। स्थानीय लोगों की मदद से कार सवार चार लोगों को नदी से बाहर निकाला गया और उन्हें बागली के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद दो को मृत घोषित कर दिया जबकि दो अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए इंदौर रेफर कर दिया।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


**धनु** – आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** – परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5930



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 5929 का हल



## सूडोकु नवताल - 5940

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 5939 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |



हाल के वर्षों में आम लोगों से लेकर कई सेलिब्रिटीज की भी डेथ सडन कार्डिएक अरेस्ट की वजह से हुई है। इसकी अनेक वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर आप अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहें, मनमाने ढंग से कोई ट्रीटमेंट न लें और बैलेंस्ड डाइट लें तो इससे बचे रह सकते हैं। इस बारे में यहां दे रहे हैं बहुत युजफुल सजेशंस।

# रोका जा सकता है सडन कार्डिएक अरेस्ट

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. महेश वाधवानी
डायरेक्टर, एचओडी-सीटीवीएस
फोर्टिस मानेसर, गुरुग्राम

हाल ही में 'कांटा लगा गर्ल' के नाम से पॉपुलर 42 वर्षीय मॉडल-एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला की अचानक कार्डिएक अरेस्ट आने से हुए निधन ने सबको चौंका दिया। हालांकि फिटनेस-फ्रीक शेफाली जरीवाला को कोई बीमारी नहीं थी। लेकिन खबरों के अनुसार सुंदर-जवां दिखने की चाहत में पिछले 7-8 साल से लगातार एंटी-एजिंग ट्रीटमेंट ले रही थीं। जिसमें वो स्किन वाइटनिंग, यूथफुल ग्लो और लिवर डिटॉक्सीफिकेशन के लिए ग्लूटाथियॉन, विटामिन-सी जैसी मेडिसिन और आईवी इंजेक्शन ले रही थीं। हार्मफुल केमिकल्स के रिएक्शन को उनकी डेथ की बड़ी वजह माना जा रहा है। दरअसल, केमिकल से वेसोवेगल तंत्रिका प्रभावित होती है और व्यक्ति का ब्लड प्रेशर एकाएक कम हो जाता है। इन दवाओं का असर हार्ट फंक्शन पर भी पड़ता है, यानी वो पंप करना बंद कर सकता है, जिससे बेहोश होने और सडन कार्डिएक अरेस्ट का रिस्क हो सकता है।

आज के दौर में अनेक महिलाएं और पुरुष भी यंग और अट्रैक्टिव दिखने के लिए कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट्स लेने लगे हैं। लेकिन इन्हें एक्सपर्ट के सुपरविजन में लेना ही उपयुक्त रहता है। जवां दिखने के जुनून में इन मेडिसिन की ओवरडोज लेने से लोगों में हार्मोनल असंतुलन, ब्लड प्रेशर बढ़ने या गैस्ट्रिक समस्याएं होने का खतरा बढ़ता है। खासकर व्रत के दौरान ऐसी दवाएं लेना ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है।

## बढ़ रहा कार्डिएक अरेस्ट

सडन कार्डिएक अरेस्ट किसी भी व्यक्ति को कभी भी हो सकता है, लेकिन आजकल की भागम-भाग जिंदगी में कम उम्र में भी बहुतायत में ऐसा देखा जा रहा है। पिछले दो-तीन दशकों में लाइफस्टाइल में बदलावों यानी मीठा ज्यादा खाना, शारीरिक श्रम कम करना, सिगरेट-एल्कोहल के सेवन से लोगों में मेटाबॉलिक सिंड्रोम की समस्या बढ़ी है, जिससे महिलाओं में कार्डिएक अरेस्ट का रिस्क दोगुना हो गया है, हालांकि पुरुषों की तुलना में अभी भी काफी कम (90:10 प्रतिशत) है।

## कार्डिएक अरेस्ट के लक्षण

ज्यादातर मरीजों को ये लक्षण महसूस होते हैं- पेट में गैस होना, छाती में होने वाला दर्द, कंधे, पीठ या बांह में जाना, धड़कन तेज होना, बहुत ज्यादा कमजोरी और थकान महसूस होना, चक्कर आना, बेहोशी आना। किसी भी तरह की तकलीफ महसूस होने पर नजरअंदाज करना घातक हो सकता है। ऐसे में यथाशीघ्र आस-पास के लोगों को सूचित जरूर करना चाहिए, ताकि जल्द से जल्द पेशेंट को मेडिकल मदद मिल सके और कॉम्प्लिकेशन होने की संभावना को रोका जा सके।





## क्या है कारण

सडन कार्डिएक अरेस्ट होने के पीछे कई कारण जिम्मेदार होते हैं। इनमें शामिल हैं- आरामपरस्त जीवनशैली होना। अनहेल्दी फूड हैबिट्स, हाई कैलोरी फूड खाना, जंक-प्रोसेस्ड फूड का सेवन अधिक करना। मेटाबॉलिक सिंड्रोम होना। यानी ब्लड में कोलेस्ट्रॉल या शुगर लेवल बढ़ना, जिनकी वजह से आर्टरीज का ब्लॉक होना। हार्मोनल बदलाव, ओबेसिटी खासकर सेंट्रल ओबेसिटी, हाइपरटेंशन, डिप्रेशन, एंग्जाइटी, मिरगी जैसी बीमारियों से ग्रस्त होना। सीवियर डिसफंक्शनल हार्ट होना यानी कई कारणों से हार्ट के सेल्स डैमेज होने से कार्यक्षमता 35 प्रतिशत से कम हो जाना। कोरोनरी आर्टरी डिजीज या खून की नसें ब्लॉक होना। या फिर बायपास सर्जरी हुई हो और बायपास के बाद स्टेंट लगा हो, हार्ट ट्रीटमेंट और दवाइयां पहले से चल रही हों। हाइपरट्रोफिक हार्ट डिजीज होना। यानी हार्ट के मुख्य वॉल्व में रुकावट होना, अनकंट्रोल हाई ब्लड प्रेशर, जन्मजात दोष जैसे कारणों से हार्ट की मसल्स का मोटा होना, जिससे हार्ट की पंपिंग क्षमता कम होना। हार्ट इलेक्ट्रिकल स्टीमुलस में गड़बड़ी के कारण हार्टबीट बहुत धीमी या तेज होना। पल्मोनरी थ्रम्बोएंबॉलिज्म होना, जिसमें डीप वेन थ्रंबोसिस के ब्लड क्लॉट माइग्रेट कर हार्ट तक आने से उसकी कार्यक्षमता प्रभावित होना। परिवार में किसी को हार्ट डिजीज, डायबिटीज या हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत होना। माइक्रोवेस्कुलर डिजीज होना यानी महिलाओं में हार्ट की नसें प्राकृतिक रूप से छोटी होने की वजह से ज्यादा ब्लॉकेज होना।

एस्ट्रोजन हार्मोन में कमी की वजह से रिप्रोडक्टिव उम्र से आगे बढ़ना या मेनोपॉज की उम्र में पहुंची महिलाएं। स्ट्रेस बढ़ना। बॉडी बिल्डिंग के लिए जिम में बिना ट्रेनर की गाइडेंस के जरूरत से ज्यादा या हाई इंटेंसिटी एक्सरसाइज करना। वजन कम करने, सुंदर और फिट दिखने के पियर प्रेशर की वजह से बिना डॉक्टर की सलाह पर एंटी एजिंग मेडिसिन, प्रोटीन सप्लीमेंट्स, स्टेरॉयड या ड्रग्स की ओवरडोज लेना। तंबाकू, एल्कोहल का सेवन अधिक करना। भरपूर नींद न लेना।

## बचाव के उपाय

सडन कार्डिएक अरेस्ट से होने वाली मौत से बचने के लिए ऐसी आदतों में बदलाव लाना चाहिए, जिनसे कोलेस्ट्रॉल या ब्लड शुगर लेवल बढ़ता है। सबसे आसान तरीका है, खाना संयमित तरीके से खाएं, मीठी या तली हुई, मैदे से बनी चीजें कम से कम खाएं। फल, शहद जैसी नेचुरल शुगर कंट्रोल में लेना बेहतर है। नमक या सोडियम सीमित मात्रा (रोजाना 4-5 ग्राम) लें क्योंकि ज्यादा नमक आर्टरीज में जमा होने लगता है, जिससे आर्टरीज सख्त हो जाती हैं और व्यक्ति का ब्लड प्रेशर लेवल बढ़ता रहता है। अपनी डाइट में विटामिन-सी, ए, ई रिच फूड्स शामिल करें, जिससे स्किन ग्लोइंग बनती है। हाइड्रेटेड रहें ताकि स्किन नेचुरली ग्लो करे।

**स्ट्रेस अवॉयड करें:** स्ट्रेस मैनेजमेंट के लिए रोजाना मेडिटेशन, हास्य योगा, अपने करीबियों के साथ हास-परिहास करें। जो चीज आपके कंट्रोल में नहीं है, उस पर दुखी होने के बजाय हंस कर टाल दें। टेंशन अपने आप कम हो जाएगी। प्रोफेशन-पर्सनल लाइफ में बैलेंस बनाकर चलें। सोशल नेटवर्क बढ़ाएं। रोज मिल पाना संभव न हो तो फोन से संपर्क में रहें। मी टाइम या पर्सनल कामों के लिए कुछ समय जरूर निकालें। अपने पसंदीदा काम करें, हॉबीज को अंजाम दें।



**सही वेट मेंटेन करें:** बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 25 से नीचे रहना चाहिए। अगर वजन ज्यादा है, तो हार्ट को हेल्दी रखने के लिए अपने वर्तमान वजन से कम से कम 10 प्रतिशत जरूर घटाएं। इसके लिए डाइट पर कंट्रोल और रेगुलर एक्सरसाइज करें। 30-35 साल की उम्र के बाद मेंटल और फिजीकल फिटनेस जरूर मेंटेन करें। खासकर महिलाएं घर-बाहर के कामों को एक्सरसाइज मानने के बजाय रेग्युलर वर्कआउट के लिए समय निकालें। एक्सरसाइज में योगा, मेडिटेशन सबसे अच्छी एक्सरसाइज हैं। इससे ब्लड फ्लो बेटर होता है और एक्सरसाइज टॉक्सिंस को भी आपकी बॉडी से बाहर निकालता है।

**कार्डियो एक्सरसाइज:** कार्डियो एक्सरसाइज में एज का फार्मूला होता है। 220 माइनस द एज। अगर कोई व्यक्ति 50 साल का है तो 220-50=170। यानी व्यक्ति की हार्टरेट अधिकतम रेंज 170 होनी चाहिए। ऐसे फार्मूला में अगर व्यक्ति 70 प्रतिशत तक की रेंज तक यानी 135 की हार्टरेट तक पहुंच जाता है, तो उसे अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज माना जाता है। इसी हिसाब से एक्सरसाइज के दौरान अपनी हार्टरेट को एक्सरसाइज के रेंज में ले जाकर 15-20 मिनट तक वहीं पर होल्ड रखें। लेकिन अगर व्यक्ति की टारगेट हार्टरेट ज्यादा हो जाती है तो एरिद्मिया ट्रिगर होने और एक्सरसाइज के दौरान मौत होने की संभावना रहती है।

**ओवरएक्सरसाइज से बचें:** 50 साल की उम्र के व्यक्ति जिसकी फिटनेस अच्छी नहीं है और ओवरएक्सरसाइज करके अपनी हार्टरेट 150 या अधिक की रेंज में ले जा रहा हो- ऐसे में कार्डिएक अरेस्ट की संभावना बढ़ जाती है। खासकर महिलाओं में फिटनेस शेड्यूल थोड़ा कम होती है, उनमें एक्सरसाइज टॉलरेंस नहीं होती, उनकी हार्टरेट पुरुषों की तुलना में ज्यादा रहती है। एक्सरसाइज के दौरान उनकी टारगेट हार्टरेट से ज्यादा पहुंचने की संभावना रहती है, जिससे कार्डिएक अरेस्ट होने की संभावना रहती है।

**नशे से बचें:** तंबाकू, सिगरेट, एल्कोहल के सेवन से दूर रहें। ये चीजें एंग्जाइटी बढ़ाती हैं, जिनका असर हार्ट पर पड़ता है।

**कंसल्टेशन से लें दवा:** अच्छा दिखने के लिए अगर कोई सप्लीमेंट्स लेना हो तो डॉक्टर के प्रिसक्रिप्शन से लें और ब्लड टेस्ट के बाद ही लें। लाइफ-लांग मेडिसिन डॉक्टर को कंसल्ट करके ही लें। सेल्फ-मेडिकेशन या कॉस्मेटिक प्रोसिजर में किए जाने वाले ट्रीटमेंट कई बार बॉडी को शॉक भी देते हैं। किडनी, लिवर पर असर डालती हैं और कार्डिएक अरेस्ट की नौबत भी आ जाती है।

**इग्नोर न करें लक्षण:** किसी बीमारियों के संकेतों को नजरअंदाज न करें। छोटा समझ कर छिपाना या अनदेखा करना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। जितना जल्दी हो सके डॉक्टर को कंसल्ट करके उपचार कराएं। छोटी-छोटी तकलीफ हार्ट डिजीज का कारण बन सकती हैं।

**रेग्युलर चेकअप:** 30 साल की उम्र के बाद मेडिकल चेकअप जरूर कराएं। जैसे- ईको टेस्ट से व्यक्ति के हार्ट की गलत बनावट या ब्लॉकेज का पता चल जाता है। नॉर्मल हो, तो आगे 5-10 साल में एक बार या फिर बीमारीग्रस्त होने पर समय-समय पर टेस्ट जरूर करवाते रहें।

**नींद है जरूरी:** रोजाना रात में 7-8 घंटे की गहरी नींद जरूर लें। खाने के समान रोजाना अच्छी नींद सोना जरूरी है क्योंकि रात में भरपूर नींद लेने से सभी एंडोक्राइन ग्लैंड्स एक्टिव होते हैं और मेटाबॉलिज्म दुरुस्त रहता है। इससे शरीर के सेल्स रिपेयर होने, इंफ्लेमेशन कम करने, हार्मोनल बैलेंस बनाए रखने में मदद मिलती है। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा



### हार्ट अटैक-कार्डिएक अरेस्ट में अंतर

**कार्डिएक अरेस्ट** और हार्ट अटैक में अंतर होता है। दिल की सतह पर बहुत सारी नसें यानी एपिकार्डियल वेसेल्स या कोरोनरी आर्टरीज होती हैं। हार्ट अटैक तब होता है, जब दिल को खून पहुंचाने वाली ये नसें कोलेस्ट्रॉल के जमने या ब्लड क्लॉट बनने से ब्लॉक हो जाती हैं, जिससे ऑक्सीजनेटिड ब्लड दिल की मांसपेशियों तक नहीं पहुंच पाता और हार्ट का वो हिस्सा काम करना बंद कर देता है। सीने में तेज दर्द होता है, सांस लेने में मुश्किल होती है। लेकिन मरीज होश में रहता है। यथासमय ट्रीटमेंट मिल जाए तो तकरीबन 70 प्रतिशत लोगों की जान बच सकती है।

कार्डिएक अरेस्ट एक इलेक्ट्रिकल फेलियर होता है। शरीर की मांसपेशियों को चलाने के लिए इलेक्ट्रिकल स्टीमुलस की जरूरत होती है। कुछ कारणों से इसमें गड़बड़ी आने पर हार्ट पंप करना अचानक बंद कर देता है। हार्ट की धड़कन धीमी या तेज हो जाती हैं, जिससे पूरे शरीर तक जाने वाला ऑक्सीजनेटिड ब्लड फ्लो रुक जाता है। सांसें थम जाती हैं और इंसान अचानक बेहोश होकर गिर जाता है। अगर कुछ मिनटों के अंदर सीपीआर और एईडी ट्रीटमेंट न मिले, तो तकरीबन 90 प्रतिशत मरीजों की मौत हो जाती है।

फिटनेस फंडा
गौरव चोपड़ा

इन दिनों सोनी सब चैनल के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में प्रोफेसर राजवीर शास्त्री के रोल में गौरव चोपड़ा दिख रहे हैं। इसमें वह काफी एनर्जेटिक नजर आ रहे हैं। अपनी हेल्थ और फिटनेस के बारे में गौरव यहां बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# सबसे जरूरी है एक्टिव रहना

जहां तक मेरे फिटनेस फंडे की बात है तो मैं इस बात पर विश्वास नहीं रखता कि रोजाना वर्कआउट करना जरूरी है। मेरा मानना है कि डेली एक्टिव रहना सबसे जरूरी है। मुझे लगता है कि लोग अकसर शब्दों और उनकी व्याख्या को लेकर भ्रमित हो जाते हैं। जैसे ही एक्सरसाइज शब्द सुनते हैं, उन्हें लगता है कि इसका मतलब है, जिम जाना, जबकि ऐसा जरूरी नहीं है। आप बस सीढ़ियां चढ़-उतर लें, या फिर छोटी दूरी के लिए गाड़ी निकालने की बजाय कुछ कदम पैदल चल लें। यह भी बहुत कारगर है। असली बात यह है कि आप चलते-फिरते रहें, अपने शरीर को मूवमेंट देते रहें। जब आप खा रहे हों, तो यह भी सुनिश्चित करें कि आप अपनी बॉडी मशीन का सही इस्तेमाल कर रहे हैं। मैं अकसर एक उदाहरण देता हूं कि जैसे अगर आप कार में बार-बार पेट्रोल भरते रहें लेकिन उसे चलाएं नहीं, तो उसका क्या फायदा? कार अच्छा माइलेज तभी देगी, जब आप उसे चलाएंगे, वो भी सही स्पीड पर। वैसे ही हमारा शरीर भी तभी स्वस्थ रह सकता है, जब हम उसे सक्रिय रूप से इस्तेमाल करें।

**वर्कआउट रूटीन:** मेरा वर्कआउट रूटीन पूरी तरह उस भूमिका पर निर्भर करता है, जिसे मैं किसी शो में निभा रहा होता हूं। जैसे कि फिलहाल मैं प्रोफेसर राजवीर शास्त्री की भूमिका निभा रहा हूं, तो उसके लिए बहुत ज्यादा मस्कुलर शरीर की जरूरत नहीं है। इस किरदार के लिए एक दुबला-पतला और सामान्य-सा शरीर चाहिए। इस समय मैं हफ्ते में तीन बार योग करता हूं और एक-दो बार जिम भी चला जाता हूं।



**डाइट प्लान:** मेरे पास कोई निश्चित डाइट प्लान नहीं है। सच कहूं तो मेरा कोई डाइट प्लान है ही नहीं। मैं एक पुरानी आदत पर चलता हूं, जिसे मैं सालों से अपनाता आ रहा हूं यानी मैं सब कुछ खाता हूं, लेकिन संतुलन के साथ। मैं न न्यूट्रिशन के मामले में और न ही स्वाद के मामले में किसी भी चीज की अति करता हूं। अगर कभी मीठा या डेजर्ट खाने का मन हो, तो खा लेता हूं, लेकिन फिर दो-तीन या चार दिन तक उसे नहीं खाता। इस तरह मुझे लगता है कि हर चीज का संतुलन बना रहता है, क्योंकि मेरा मानना है कि शरीर को हर तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है। मैं नहीं चाहता कि खुद को किसी भी चीज से पूरी तरह वंचित रखूं या किसी फूड का एडिक्ट हो जाऊं।

**रीडर्स को मैसेज:** मैं रीडर्स से यह कहना चाहूंगा कि मैं फिटनेस के लिए जबरदस्ती समय निकालने की कोशिश नहीं करता। बल्कि मैं फिटनेस को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना लेता हूं। कभी-कभी मैं शूट पर निकलने से पहले 50 पुश-अप्स कर लेता हूं, या फिर जब भी किसी नए सीन के लिए ड्रेस बदलता हूं, उस दौरान कर लेता हूं। ऐसे दिनों में जब मैं जिम नहीं जा पाता, तो हर बार ड्रेस बदलते समय 50 पुश-अप्स कर लेता हूं। अब अगर किसी दिन मुझे 4 या 5 बार ड्रेस बदलने हों, तो उतनी बार एक्सरसाइज भी हो जाती है। इस तरह से आप भी फिटनेस को अपनी डेली रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

**फिटनेस मंत्र:** मेरा फिटनेस मंत्र बहुत ही सरल है, मैं सब कुछ खाता हूं, सक्रिय रहता हूं, यह सुनिश्चित करता हूं कि मुझे पर्याप्त और अच्छी नींद मिले। इसके अलावा जहां तक संभव हो, प्रोसेस्ड फूड्स से दूर रहता हूं। आप खाने के शौकीन हो सकते हैं और फिर भी फिट रह सकते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप अपने शरीर रूपी इंजन को कितनी अच्छी तरह समझते हैं? उसमें कितना और कैसा 'फ्यूल' डालते हैं और कितना बर्न करते हैं? यह एक संतुलित तंत्र है, जिसे समझना जरूरी है। किसी भी चीज की अति न करें और खुद को किसी भी चीज से पूरी तरह वंचित भी न रखें। मेरा मानना है कि बैलेंस ही सबसे बेहतर और सबसे कारगर तरीका है। *

# बरसात के मौसम में करें सात्विक भोजन

डाइट सजेशन
राजकुमार 'दिनकर'



बारिश के मौसम और उसमें भी प्रमुख रूप से सावन के महीने में सात्विक भोजन की परंपरा केवल धार्मिक या आध्यात्मिक कारणों से ही नहीं है बल्कि इसके पीछे पुख्ता वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी है।

**इसलिए है जरूरी:** बरसात के मौसम में आर्द्रता और तापमान में बदलाव के कारण शरीर की पाचनशक्ति बाकी किसी भी मौसम के मुकाबले में काफी कम हो जाती है। ऐसे में तली, भुनी चीजें और मांसाहार पाचन तंत्र को खराब कर देती हैं। सावन का महीना बारिश के मध्य का वह महीना होता है, जब खाद्य सामग्री सबसे जल्दी खराब होती है। इस महीने में ही सबसे ज्यादा जलजनित रोग भी फैलते हैं। यही कारण है कि इस माह में डॉक्टर, लोगों को ताजा, थोड़ा और हल्का खाना खाने की सलाह देते हैं। सात्विक भोजन में ताजे, उबले और कम मसालेदार भोजन किया जाता है। कम मसालों के साथ-साथ इनमें तले पदार्थ भी कम होते हैं, जिस कारण इस दौरान आप कई तरह के संक्रमणों से बचे रह सकते हैं। बारिश के मौसम में पेट की तरह हमारी त्वचा भी बहुत जल्द संक्रमित हो जाती है। बरसात में एलर्जी, दमा और त्वचा रोग बहुत आसानी से लोगों को अपनी चपेट में ले लेते हैं। ऐसे में जब हम सात्विक भोजन करते हैं और हमारे भोजन में हल्दी, अदरक, तुलसी, नीबू आदि हर्बल औषधियां शामिल होती हैं, तो ये हमारे भोजन को शुद्ध और सात्विक तो बनाती ही हैं, हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी कई गुना ज्यादा बढ़ा देती हैं। इसलिए डॉक्टर और डाइटीशियन लोगों को बारिश के महीनों में शुद्ध, सात्विक, ताजा और हल्का भोजन करने की सलाह देते हैं। सात्विक भोजन हमारे तन को ही स्वस्थ नहीं मन को भी शांत रखता है। *






# टेस्ट रैंकिंग: जडेजा को फायदा तो गिल को हुआ घाटा, रूट फिर बने दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने एक सप्ताह के अंदर फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है जबकि भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा बुधवार को जारी नवीनतम सूची में 34वें स्थान पर पहुंच गए। लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में रूट ने 104 और 40 रन बनाए थे, जिसे इंग्लैंड ने 22 रन से जीता। इस शानदार प्रदर्शन से वह अपने करियर में आठवीं बार दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने।



### रूट सबसे उम्रदराज नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज

रूट अभी 34 साल के हैं और वह दिसंबर 2014 में कुमार संगकारा के बाद सबसे उम्रदराज नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं। श्रीलंका के खिलाड़ी ने 37 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। रूट ने अपना शीर्ष स्थान हमवतन हैरी ब्रुक से खो दिया था, जो अब केन विलियमसन से पीछे तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। भारतीय बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और उपकप्तान ऋषभ पंत एक-एक पायदान नीचे क्रमशः पांचवें और आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। कप्तान शुभमन गिल भी तीन पायदान गिरकर नौवें स्थान पर आ गए हैं। लॉर्ड्स में 72 और नाबाद 61 रन की पारी खेलने वाले जडेजा पांच पायदान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर आ गए हैं। इसी मैच में 100 और 39 रन की पारी खेलने वाले केएल राहुल भी पांच पायदान ऊपर चढ़कर जडेजा से एक पायदान पीछे 35वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लॉर्ड्स में 77 रन और पांच विकेट लेकर 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता, जिससे वह बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान ऊपर 42वें और गेंदबाजों की सूची में एक स्थान ऊपर 45वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### बोलैंड ने लगाई छलांग, पहुंचे कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं और दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा पर 50 अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने छह स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से वह अपने चार हमवतन गेंदबाजों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन और मिशेल स्टार्क के साथ शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर गेंदबाजों की सूची में 58वें से 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### इंग्लैंड को लॉर्ड्स की गलती पड़ी भारी, कटे नंबर, डब्ल्यूटीसी तालिका में नीचे खिसका

स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम पर टेस्ट के बाद मैच फीस का 10% लगाया जुर्माना



**लंदन।** इंग्लैंड की टीम बुधवार को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में एक पायदान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गई क्योंकि लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के कारण उसके दो अंक काट दिए गए। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम पर टेस्ट के बाद मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। इंग्लैंड ने यह मैच 22 रन से जीता था।

#### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड के अंक 24 से घटकर 22 हुए

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड के अंक 24 से घटकर 22 हो गए हैं। इस कारण उसका अंक प्रतिशत (पीसीटी) 66.67 प्रतिशत से घटकर 61.11 प्रतिशत हो गया। श्रीलंका को इसका फायदा मिला जिसका प्रतिशत 66.67 है और वह इंग्लैंड को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तक अपने तीनों मैच जीतकर 100 प्रतिशत अंकों के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है, जबकि भारत का प्रतिशत 33.33 है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर पॉल रीफेल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, तीसरे अंपायर अहसान रजा और चौथे अंपायर ग्राहम लॉयड ने आरोप लगाए थे।

## खबर संक्षेप



### दीपिका ने जीता मैजिक स्किल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर दीपिका ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के भुवनेश्वर चरण के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ किए गए अपने मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार जीता है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया गया। दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया।

### आईसीसी एजीएम की बैठक में टी20 विश्व कप के विस्तार पर होगी चर्चा

**सिंगापुर।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही चार दिवसीय वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान बहुचर्चित दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली, टी20 विश्व कप का विस्तार और नए सदस्यों को स्वीकृति देने जैसे विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र (2025-27) शुरू हो चुका है और ऐसे में दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर चर्चा धन आवंटन और प्रमोशन (निचली से शीर्ष लीग में जाना) तथा रेलीगेशन (शीर्ष लीग से निचली में खिसकना) से संबंधित प्रावधानों के इर्द-गिर्द घूमने वाली है। हालांकि यह सामान्य रूप से स्वीकार किया गया है कि मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और नई प्रणाली संभावित रूप से 2027 के बाद लागू होगी।

### स्विस ओपन टेनिस टूर्नामेंट : अर्जुन, प्रशांत क्वार्टर फाइनल में



**नई दिल्ली।** अर्जुन काधे और विजय सुंदर प्रशांत की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने स्विट्जरलैंड के गस्टाड में चल रहे स्विस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एन श्रीराम बालाजी और रित्विक बोलीपल्ली की उनकी हमवतन जोड़ी इस एटीपी 250 टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। अर्जुन और प्रशांत ने कोलंबिया के निकोलस बेरिएनटोस और मैक्सिको के मिगुएल रायेस वारेला की जोड़ी को इस 596035 यूरो इनामी क्ले कोर्ट प्रतियोगिता के पहले दौर में 7-5 6-3 से हराया।

चौथा मैच 23 जुलाई से, दोनों टीमों के बीच होगा कांटे का मुकाबला

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज : टीम इंडिया का ओल्ड ट्रैफर्ड में रिकॉर्ड खराब, नहीं जीता अब तक कोई टेस्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान में खेला जाएगा। ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम की बात करे तो यह मैदान भारत के लिए अब तक लकी नहीं रहा है। यहां भारत ने अब तक कुल 9 टेस्ट मैच खेले हैं लेकिन एक भी जीत नहीं दर्ज कर पाया है। टीम इंडिया को यहां 4 टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जबकि 5 ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। यह आंकड़ा बताते है कि भारत को चौथे मैच में इस मैदान पर जीत हासिल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी होगी।

### मेजबान इंग्लैंड फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे

वहीं भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही 5 मैचों की टेस्ट सीरीज अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। तीन मैच खेले जा चुके हैं और मेजबान इंग्लैंड फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है। अब अगला और चौथा टेस्ट मैच 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां टीम इंडिया के लिए जीत हासिल करना एक बड़ी चुनौती होगी।



**मेजबान इंग्लैंड के पास बेहतरीन चांस**

दूसरी तरफ, इंग्लैंड की टीम शानदार फॉर्म में है और घरेलू परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाते हुए अपनी सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। अब सभी की निगाहें 23 जुलाई से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट पर टिकी हैं। क्या टीम इंडिया ओल्ड ट्रैफर्ड के खराब रिकॉर्ड को तोड़ पाएगी? क्या भारत सीरीज में वापसी कर इंग्लैंड को निर्णायक टेस्ट के लिए मजबूर करेगा? इन सभी सवालों के जवाब अब जल्द ही मिलेंगे, लेकिन एक बात तय है कि मैनचेस्टर टेस्ट भारत के लिए करो या मरो की तरह होगा।

#### भारत को हर हाल में जीतना होगा चौथा टेस्ट

लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रनों की करीबी हार झेलने के बाद भारतीय टीम अब हर हाल में चौथा टेस्ट जीतकर सीरीज में बराबरी हासिल करना चाहेगी। हालांकि, इसके लिए शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया को अपनी रणनीति और प्रदर्शन दोनों में स्पष्ट सुधार करना होगा। बल्लेबाजी में निरंतरता और गेंदबाजी में धार की जरूरत अब पहले से कहीं ज्यादा होगी।

#### टीम इंडिया के सामने दोहरी चुनौती

भारत के सामने अब दोहरी चुनौती है। एक ओर तो उन्हें सीरीज में बराबरी हासिल करनी है, और दूसरी ओर एक ऐसे मैदान पर पहली जीत दर्ज करनी है, जहां कभी जीत मिली ही नहीं। इसके लिए कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा जैसे स्टार खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना होगा।

#### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत चौथे स्थान पर

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने इंग्लैंड पर यह जुर्माना लगाया क्योंकि उसकी टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम किए थे। भारत अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। आईसीसी ने कहा, 'खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की न्यूनतम ओवर गति से जुड़ी धारा 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनके निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।' इसमें कहा गया है, 'इसके अलावा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की खेल शर्तों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम होने पर टीम का प्रत्येक ओवर के लिए एक अंक काट दिया है। इस तरह से इंग्लैंड के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कुल अंकों में से दो अंक काट दिए गए हैं।'

टेनिस

# अमेरिकी ओपन 24 अगस्त से भाग्य आजमाएंगे 10 पूर्व चैंपियन



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

गत चैंपियन यानिक सिनर और एरीना सबालेंका उन 10 पूर्व अमेरिकी ओपन विजेताओं में शामिल हैं, जो अगले महीने होने वाले वर्ष के इस अंतिम ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे।

अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने 24 अगस्त से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की प्रवेश सूची जारी की है, जिसमें 18 पूर्व ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में सीधा प्रवेश 14 जुलाई तक की रैंकिंग पर आधारित था। पुरुषों के लिए कटऑफ 101 और महिलाओं के लिए 99 नंबर था। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने हाल में विंबलडन फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ को हराकर अपना चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था।

दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका विंबलडन के सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा से हार गईं, जो सातवें नंबर पर हैं और शीर्ष आठ में शामिल चार अमेरिकी महिला खिलाड़ियों में से एक हैं। अमेरिका के सर्वाधिक 30 खिलाड़ियों (16 महिला, 14 पुरुष) को सीधे प्रवेश मिला है।

### लुंगी एनगिडी बने टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे साउथ अफ्रीकी गेंदबाज

**जकार्ता।** साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने हमवतन दिग्गज डेन स्टेन को पछाड़ दिया है। वह साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान एनगिडी ने ये खास उपलब्धि हासिल की। जिम्बाब्वे, साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच त्रिकोणीय टी20 सीरीज आयोजित की गई है। हरारे क्रिकेट ग्राउंड पर पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका आमने-सामने हैं। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

लास वेगास फ्रीस्टाइल शतरंज

## भारतीय दल की अगुआई करेंगे प्रज्ञानानंदा, गुकेश दौरे से हटे




एजेंसी ▶▶| लास वेगास (अमेरिका)

भारतीय खिलाड़ी आर. प्रज्ञानांनदा को 16 खिलाड़ियों के फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है जबकि अर्जुन एरिगेसी और विदित गुजराती दूसरे पूल में साथ में हैं। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस बार भी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। टूर्नामेंट बुधवार देर रात शुरू होगा।

इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 750,000 अमेरिकी डॉलर है, जिसमें से 200,000 की राशि विजेता के लिए है। प्रत्येक ग्रुप में आठ खिलाड़ी हैं और शीर्ष चार खिलाड़ी अगले चरण में पहुंचेंगे जबकि इसके बाद निचले स्थान पर रहने वाले आधे खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। विश्व चैंपियन डी. गुकेश इस प्रतियोगिता में शिरकत नहीं करेंगे क्योंकि उन्हें एक महीने के अंदर ग्रैंडमास्टर टूर के मुख्य टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है। उन्नीस वर्षीय प्रज्ञानानंदा अपने अभियान की शुरुआत उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ करेंगे। कार्लसन अपने शुरुआती दौर में पहले चरण के विजेता जर्मनी के विन्सेंट कीमर से भिड़ेंगे। अमेरिका के हैंस नीमन फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में पहली बार भाग लेंगे और पहली बाजी में एरिगेसी के सामने होंगे।

### छेत्री ने कहा-आईएसएल स्थगित होने से भारतीय फुटबॉल दहशत में, अनिश्चितता चिंताजनक



**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान और शीर्ष स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने कहा कि भारतीय फुटबॉल में अनिश्चितता की मौजूदा स्थिति काफी चिंताजनक है और शीर्ष स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने से खेल जगत चिंतित, आहत और डरा हुआ है। लीग में बेंगलुरु एफसी की ओर से खेलने वाले छेत्री ने कहा कि उन्हें देश में इस खेल के भविष्य को लेकर आशंकाएं व्यक्त करने वाले फोन कॉल और संदेशों की बाढ़ आ गई है। 40 वर्षीय खिलाड़ी ने एक्स पर लिखा, 'मुझे सबसे पहले यह चिंता हुई कि मेरे पास खेल का, जो समय बचा है उसको मैं कैसे बिताऊंगा। लेकिन विभिन्न क्लबों के खिलाड़ियों से बात करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि मेरी समस्या उतनी महत्वपूर्ण नहीं है।'

## डोपिंग मामले में तारा मूर को 4 साल का बैन

**लंदन।** खेल पंचाट ने डोपिंग के एक मामले में ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। खेल पंचाट ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के साथ सहमति व्यक्त की है कि प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के सेवन के लिए उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए। मूर को अप्रैल 2022 में एनाबॉलिक स्टेरॉयड बोल्डेनोन और नैंड्रोलोन के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था, लेकिन दिसंबर 2023 में उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी गई थी, जब एक स्वतंत्र पंचाट ने फैसला दिया कि कोलंबिया में एक प्रतियोगिता में भाग लेने के दौरान दूषित मांस खाने के कारण ऐसा हुआ था। आईटीआईए ने उस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी। खेल पंचाट ने आईटीआईए के पक्ष में निर्णय दिया, जिसमें कहा गया कि उसके पैनल के अधिकतर सदस्यों का यह मानना था कि मूर यह साबित नहीं कर पाई कि दूषित मांस के सेवन के कारण उनका नमूना पॉजिटिव पाया गया था।



## अंडर-19 टेस्ट : दबाव बनाने में असफल रहा भारत, इंग्लैंड ने पहला टेस्ट ड्रा पर रोका

एजेंसी ▶▶| बेकेनहम

इंग्लैंड अंडर 19 ने कप्तान हमजा शेख के जुझारू शतक की बदौलत भारत अंडर 19 टीम की जीत की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए उसे पहले युवा टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे और अंतिम दिन ड्रॉ पर रोक दिया। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड ने 63 ओवर में सात विकेट पर 270 रन बनाकर भारत को दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल नहीं करने दी।

**मेयस ने खेली अर्धशतकीय पारी**

शेख ने 140 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 112 रन बनाए। उन्हें बेन मेयस से महत्वपूर्ण सहयोग मिला, जिन्होंने 82 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनके अलावा विकेटकीपर-बल्लेबाज थॉमस रीव ने 35 गेंदों पर 50 रन का योगदान दिया। भारत ने 14वें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 62 रन कर दिया था लेकिन इसके बाद वह दबाव बनाने में असफल रहा। इंग्लैंड ने शेख की मेयस और रीव के साथ उपयोगी साझेदारियों से अच्छी वापसी की।



#### अल्बर्ट और जैक नहीं आए दबाव में

जब खेल समाप्त होने में एक घंटे का समय बचा था तब भारत ने लगातार ओवरों में दो रन आउट करके अपनी उम्मीद जगाई। उसने पहले शेख को आउट किया और फिर अगले ओवर में एकांश सिंह को वापस पवेलियन भेजा। लेकिन राल्फी अल्बर्ट (37 गेंदों पर नाबाद नौ रन) और जैक होम (36 गेंदों पर नाबाद सात रन) ने दबाव में धैर्य से काम लिया और मैच को ड्रॉ कराया। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 540 रन बनाए थे, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 439 रन बनाए। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 248 रन बनाकर इंग्लैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था। आयुष म्हात्रे की अगुवाई में भारत अंडर-19 ने इससे पहले पांच मैचों की युवा एकदिवसीय श्रृंखला 3-2 से जीती थी।

जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट : सिम यू जिन से सहारी सिंधू

# सात्विक-चिराग और लक्ष्य दूसरे दौर में, सिंधू रहीं नाकाम

एजेंसी ▶▶| तोक्यो

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू एक बार फिर पहले दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रही लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी बुधवार को जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गए।

पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू को इस सुपर 750 टूर्नामेंट में कोरिया की सिम यू जिन के हाथों 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस वर्ष पांचवां अवसर है जबकि सिंधू पहले दौर की बाधा पार नहीं कर पाई। सिंधू ने पहले गेम में थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस बीच उन्होंने काफी गलतियां भी की, जिसका फायदा उठाकर सिम यह गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में सिंधू जल्दी ही 1-6 से पीछे हो गईं। वह हालांकि स्कोर 11-11 से बराबर करने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने आसानी से बढ़त बनाकर सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। सिम ने इस तरह से भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की पहली जीत हासिल की।



#### सात्विक और चिराग ने कोरियाई जोड़ी को 42 मिनट में हराया

इससे पहले पुरुष युगल में वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू की कोरियाई जोड़ी को केवल 42 मिनट में 21-18, 21-10 से हराया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा और कोरिया के खिलाड़ियों में पहले गेम में उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शुरू से ही दबदबा बना कर रखा और आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया।

#### लक्ष्य सेन का शानदार प्रदर्शन, चीन के वांग झेंग जिंग को दी मात

इस बीच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराया। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पहले गेम में पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और 11-2 की बढ़त बना ली और फिर बिना किसी परेशानी के गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जिंग ने चुनौती पेश की, लेकिन लक्ष्य ने शुरुआती लय का फायदा उठाते हुए बढ़त बनाए रखी और सीधे गेम में मैच जीत लिया। अब उनका सामना जापान के सातवें वरीय खिलाड़ी कोडाई नाराओका से होगा।




राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी के निर्देश पर गठित संयुक्त समिति की रिपोर्ट चौंकाने वाली

# जबलपुर में नालों की सफाई व सीवेज प्रबंधन पर 400 करोड़ खर्च, फिर भी काम अधूरा

## मुख्य सचिव, पर्यावरण सचिव व नगर निगम, जबलपुर के आयुक्त को नोटिस जारी

**हरिभूमि, जबलपुर।**

राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी की प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य सुधीर अग्रवाल व एक्सपर्ट मेम्बर डा. ए. सेंथिल की न्यायपीठ ने जबलपुर के आधे-अधूरे सीवेज प्रबंधन को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव, पर्यावरण सचिव व नगर निगम, जबलपुर के आयुक्त को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। इसके लिए 15 सितंबर तक का समय दिया गया है।



एनजीटी ने संज्ञान के आधार पर इस प्रकरण की सुनवाई प्रारंभ की है। इसके साथ ही एक संयुक्त समिति गठित कर उसे जमीनी हकीकत का मौके पर निरीक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी। जिसने अपनी रिपोर्ट में चौंकाने वाले तथ्य रेखांकित किए हैं। मसलन, जबलपुर में सीवेज और वर्षा जल प्रबंधन में गंभीर कमियों को दूर कर रहा है। लगभग 400 करोड़ खर्च करने के बावजूद, शहर का केवल 35 प्रतिशम हिस्सा ही भूमिगत सीवर प्रणाली से जुड़ा है। 2.57 लाख से अधिक घर सीवेज को खुले नालों में बहाते हैं, जिनमें से अधिकांश बिना उपचारित हुए नर्मदा नदी में बह जाता है। मौजूदा सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) उचित सीवर कनेक्शनों की कमी के कारण कम उपयोग में आ रहे हैं। संयुक्त समिति ने खराब सफ़ाई, जाम नालियां और घटिया पानी की गुणवत्ता पाई। एनजीटी ने अगली सुनवाई से पहले सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### ये हैं संयुक्त समिति की रिपोर्ट के अहम बिंदु

- केवल 35 प्रतिशत क्षेत्र में ही अंडरग्राउंड सीवेज नेटवर्क है।
- करीब 2.57 लाख घरों का गंदा पानी सीधे नालों में जा रहा है।
- कुल 174 एमएलडी गंदा पानी निकलता है, पर केवल 58.7 एमएलडी ही ट्रीटमेंट प्लांट में साफ हो रहा है।
- बाकी गंदा पानी सीधे नर्मदा नदी में बहाया जा रहा है।
- स्टार्म वाटर ड्रेनेज और नालों की सफाई की हालत भी खराब है।
- पीने के पानी में गंदगी और गड़बड़ी पाई गई।

### ये हैं समिति की सिफारिशें

- सभी नालों की सफाई समय पर हो।
- सीवेज नेटवर्क को तेजी से जोड़ा जाए।
- ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता पूरी तरह उपयोग हो।
- पीने के पानी की गुणवत्ता मानकों के अनुसार हो।
- गंदे नालों में बायोरिमेडिएशन (जैविक सफाई) तकनीक अपनाई जाए।
- आनलाइन निगरानी प्रणाली लगाई जाए।

# अपहरण और मारपीट के आरोपी को मिली अग्रिम जमानत

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में अपहरण और मारपीट के आरोपों का सामना कर रहे निशांत पांड्रे को अग्रिम जमानत का लाभ दे दिया। न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की एकल पीठ ने यह आदेश पारित किया।

### क्या था मामला

शिकायतकर्ता नवीन पटले ने 2 मई 2025 को जिला सिवनी के थाना कान्हीवाड़ा में एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि एक शादी समारोह में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद के चलते निशांत पांड्रे और उसके साथियों ने घर जाते समय उनका रास्ता रोका। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसे कथित तौर पर एक अज्ञात जगह अगवा कर ले जाया गया, जहां उसके साथ लाठी और कांच की बोतल से मारपीट की गई, जिससे उसे चोटें आईं। जमानत याचिका में दावा किया गया था कि आरोपी पूरे समय शादी समारोह में मौजूद था और घटना के समय कहीं नहीं गया। उसने अपहरण और हमले के आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि उसे इस मामले में बेवजह फंसाया गया है। आरोपी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त, कुणाल दुबे, दीपक सोनी एवं अभिषेक विश्वकर्मा द्वारा पैरवी की गई।

सत्र 2023-24 और 2024-25 की मान्यता और प्रवेश का है मामला

हाईकोर्ट की टिप्पणी : मान्यता की पूरी कार्यवाही हास्यास्पद और बेतुकी

# नर्सिंग कालेजों के बाद अब पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता पर लगी रोक

## 150 से ज़्यादा पैरामेडिकल कॉलेजों को जारी हुई है मान्यता

**हरिभूमिए जबलपुर।**

मध्यप्रदेश में नर्सिंग घोटाले के बाद अब पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता और एडमिशन में गड़बड़ियों को लेकर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की डिवीज़नल बेंच ने एक महत्त्वपूर्ण स्थगन आदेश पारित किया है । लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन द्वारा दाखिल की गई नर्सिंग मामले की जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पिछले दिनों एक आवेदन पेश कर हाईकोर्ट को बताया गया था कि नर्सिंग की तरह पेरामेडिकल कॉलेजों के मान्यताओं में भी अनियमितताएँ की जा रही है, एमपी पैरामेडिकल काउंसिल के द्वारा गुजरे हुए एकेडमिक सत्रों (2023-24 एवं 2024-25) की मान्यता भूतलक्षी प्रभाव से बाँटी जा रही है और बगैर मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त किए सरकारी तथा निजी पैरामेडिकल कॉलेजों के द्वारा अवैध रूप से छात्रों के प्रवेश दिए जा रहे हैं , और नर्सिंग घोटाले की जांच में जिन कॉलेजों को सीबीआइ ने अनसूटेबल बताया है उन्हीं बिल्डिंग में पैरामेडिकल काउंसिल अब पैरा मेडिकल कॉलेजों की मान्यता बाँट रही है ।

पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता के आवेदन पर सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने इसे स्वतः संज्ञान लेते हुए अलग जनहित याचिका (PIL) के रूप में पंजीबद्ध करने के निर्देश दिए हैं । हाईकोर्ट ने इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेते हुए मध्यप्रदेश पैरामेडिकल काउंसिल के चेयरमैन व रजिस्ट्रार को पक्षकार बनाने के निर्देश दिए थे, बुधवार को मामले की सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य शासन के उस आदेश पर रोक लगा दी है जो पैरामेडिकल काउंसिल को एकेडमिक सत्रों (2023-24 एवं



2024-25) की मान्यता भूतलक्षी प्रभाव से बाँटने की अनुमति देता था, हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश भर के पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता और एडमिशन प्रक्रिया पर अगली सुनवाई तक रोक रहेगी, हाईकोर्ट ने कहा कि सत्र 2023-24 और 2024-25 जब गुजर चुके हैं तो उनकी मान्यता 2025 में कैसे दी जा सकती है ? यह अत्यंत हास्यास्पद और बेतुका है । सुनवाई के दौरान पैरामेडकल कौंसिल की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने तर्क दिए कि कतिपय कानूनी एवं तकनीकी समस्याओं के चलते पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों का अकादमिक सत्र देरी से चल रहा है, वर्ष 2021 में भारत सरकार द्वारा पैरामेडकल पाठ्यक्रमों हेतु अधिनियम पारित किया गया था जिसके पालन में मध्यप्रदेश में भी नये क़ानून के हिसाब से काउंसिल का गठन किया गया था और एमपी पैरामेडिकल काउंसिल समाप्त की गई थी लेकिन बाद में नवम्बर 2024 में राज्य की मंत्री परिषद के द्वारा पुनः एमपी पैरामेडिकल काउंसिल को पुनर्जीवित किया गया जिस कारण से मान्यता जारी करने में देरी हुई एवं काउंसिल द्वारा की जा रही सभी कार्यवाहियों विधि सम्मत है जिसमें राज्य शासन से भी अनुमोदन लिया गया है, हाईकोर्ट ने इस तर्क पर कड़ा आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि आखिर ऐसी नीतियां कौन बनाते हैं ? गुजरे हुए सत्रों में छात्रों के प्रवेश कैसे दिये जा सकते हैं? याचिकाकर्ता ने मामले में पैरामेडिकल काउंसिल के चेयरमैन और रजिस्ट्रार को पक्षकार बनाया है पिछली सुनवाई में कोर्ट को यह भी बताया गया था कि मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ राजेंद्र शुक्ला, पैरामेडिकल काउंसिल के पदेन चेयरमैन हैं, उसके बाबजूद चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में अनियमितताएं लगातार जारी है, हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद सभी मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है । इस मामले की अगली सुनवाई सभी नर्सिंग मामलों के साथ 24 जुलाई को होगी ।

## जबलपुर कटनी हाईवे पर गुस्साए ड्राईवरों ने लगाया जाम

# एआरटीओ ने ट्रक चालक को थप्पड़ मारा

**हरिभूमि जबलपुर।**

जबलपुर में पदस्थ रहे एआरटीओ संतोष पाल का विवादों से पुराना नाता है, विवादों के चलते उन्हें जबलपुर से हटाया गया था, उसके बाद उन्हें उमरिया में पदस्थ किया गया था, हाल ही में वे कटनी का चार्ज लेकर काम कर रहे हैं। हाल ही में नया विवाद सामने आया है जब उन्हों्र कटनी के बीच गुलाबरा में वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक चालक प्रदीप रजक को थप्पड़ मार दिया। इस घटन से गुस्साए ड्रायवरों ने सड़क पर वाहनों को खड़ा कर जाम कर दिया। जाम के दौरान चालकों ने प्रदर्शन करते



हुए विरोध जताया। जिससे 15 किलोमीटर तक वाहनों की लम्बी लाइन लग गई थी। जाम की खबर मिलते ही पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे।

ट्रक चालक प्रदीप रजक ने आरोप लगाते हुए कहा कि एआरटीओ ने सभी वैध दस्तावेज देखने के बाद भी उससे एंट्री शुल्का मांगा, जब उसने देने से मना किया तो उसे थप्पड़ मार दिया। इस दौरान उसके पीछे लगे ट्रक चालकों में भी गुस्सा आ गया और दोनों तरफ से आने जाने वाले ट्रक रास्ते में खड़े हो गए।

हाइवे पर जाम लगने की सूचना मिलने पर माधवनगर व कुठला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद एआरटीओ अमला मौके से चला गया।

जिससे चालकों का गुस्सा और बढ़ गया। पुलिस की समझाइश और आरटीओ अधिकारी द्वारा माफी मांगने के बाद जाम खुल सका। एडिशनल एसपी संतोष डेहरिया ने बताया कि चालक से शिकायती आवेदन मांगा गया है। आवेदन मिलने पर मामले की जांच की जाएगी।

खटारा वाहनों से मिलेगी राहत...

# अब दौड़ेंगी एडवांस फीचर्स से लैस डायल 112 गाडिय़ां

*अगले माह से दौडने लगेंगी नई गाड़ियां घटना स्थल पर जल्दी पहुंचेंगे वाहन, कैमरों से होगी निगरानी*

**हरिभूमि जबलपुर।**

प्रदेश में डायल 100 की जगह अब डायल 112 गाडिय़ां दौड़ेंगी। गाडिय़ों की छह वर्ष की प्रतीक्षा खत्म हो रही है। अगस्त 2025 से प्रदेश में नए वाहन दौडऩे लगेंगे। शहरी क्षेत्र में स्कार्पियो एन और ग्रामीण क्षेत्र में बोलेरो गाडिय़ां चलेंगी। अभी एक हजार वाहन चल रहे हैं, पर आवश्यकता को देखते हुए इनकी संख्या दो हजार की जा रही है। अगस्त में एक साथ 1200 वाहन प्रारंभ होंगे।

इसके बाद प्रतिवर्ष 200 वाहन बढ़ाकर चार वर्ष में इनकी संख्या दो हजार की जाएगी। अभी एक थाने में एक वाहन है जो दो हो जाएंगे। वाहनों की अधिक संख्या और नए होने से पुलिस घटना स्थल पर जल्दी पहुंच सकेगी। नए वाहनों के साथ कई सुविधाएं भी बढ़ जाएंगी। वाहनों में कैमरे भी लगे रहेंगे। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि वाहन आ चुके हैं।




### वाहनों की हालत हो चुकी थी खस्ता


बता दें कि अभी बीवीजी कंपनी डायल 100 का संचालन कर रही है। वर्ष 2020 में उसका अनुबंध पूरा हो गया पर कभी कोर्ट केस तो कभी प्रशासनिक स्वीकृति के कारण निविदा प्रक्रिया उलझी रही। ऐसे में पुरानी कंपनी को ही कई बार छह-छह माह का सेवा विस्तार दिया गया। वाहनों की हालत खस्ता हो चुकी है, जिससे पुलिस को घटना स्थल पर पहुंचने में भी देरी हो रही है।

### बढ़ेंगी कई सुविधाएं

नई कंपनी आने पर कई सुविधाएं बढ़ेंगी। वाहनों में सीसीटीवी कैमरे और तैनात पुलिसकर्मियों को बॉडीवार्न कैमरे दिए जाएंगे, जिससे घटनास्थल की रिकार्डिंग हो सके। जीपीएस के माध्यम से फोन करने वाले की सही लोकेशन ली जाएगी। इसके लिए निजी मैप प्रोवाइडर की मदद ली जाएगी। काल सेंटर में फोन उठाने वालों की संख्या 80 से बढ़ाकर 100 की जाएगी। ऐसी सुविधा रहेगी, जिसमें फोन करने वाले का नंबर डायल। 112 के पुलिसकर्मियों को पता नहीं चलेगा। गाडिय़ों में मोबाइल डेटा टर्मिनल की सुविधा रहेगी।

## प्रेमी युगल के साथ मारपीट पर आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** गत दिनों रीवा से जबलपुर में शादी रजिस्टर्ड कराने पहुंचे एक प्रेमी युगल पर लड़की पक्ष वालों द्वारा लाठी-डंडों से हमला कर बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्रेमी युगल बीते मंगलवार को रीवा जिले से भागकर जबलपुर में शादी करने पहुंचा था, दोनों कलेक्ट्रेट में शादी रजिस्टर्ड करने जा रहे थे, इसके पहले की कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर दोनों पर लड़की के घर वालों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। युवती का कहना है कि उसके परिवार वाले उसका सौदा करना चाहते थे, जिससे भागकर वह युवक के साथ शादी करने जबलपुर पहुंची थी। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण की सुनवाई करते हुए, कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव कुमार टंडन की एकलपीठ ने मानव अधिकारों के उल्लंघन का मामला मानकर, जबलपुर एवं रीवा के पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, दोषियों पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240